# Proudly Indian
# Proudly 100

For a hundred years, we have been weaving the finest fabrics for the men of this country.



Atmanirbhar Bharat ki pehchaan.

Raymond 100
CELEBRATING THE COMPLETE MAN SINCE 1925

Humbled to be a national asset of India.




















# Raymond at 100: A Legacy Etched in Style, Trust, and Togetherness.

On September 10th, 2025, Raymond reached a milestone that few brands in the world can claim - **a glorious century of dressing the Complete Man**.

It was more than a celebration; it was a heartfelt tribute to the generations who have shaped, nurtured, and believed in the Raymond legacy.

The day was marked with a symbolic cake-cutting ceremony by our cherished trade partners and well-wishers who have been pillars of this journey. It was a moment steeped in emotion and nostalgia- seeing families, partners and associates across the country and across generations unite to honour Raymond's unparalleled legacy. It was a deeply moving reminder that Raymond is not just a brand, but a bond woven with trust, pride, and shared memories.

For 100 years, Raymond has stood as a custodian of elegance, craftsmanship, and confidence. This moment is etched in history - a celebration of the past, a gratitude for the present, and a promise to carry forward this legacy into the future with the same passion and purpose.

This centenary is not just ours; it belongs to everyone who has been part of the Raymond story. Together, we have turned 100 - and together, we will continue to inspire generations to come.

"Celebrating a Century, Inspiring Generations -
*A Legacy That Lives On.*"
























पाक्षिक

नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

# टेक्सटाईल वर्ल्ड

Postal Registration No : BHILWARA/208/2024-2026 Posting on 24-09-2025 at Rail Mail Service, Bhilwara

वर्ष-28 अंक-07 भीलवाड़ा/22 सितम्बर 2025 कुल पृष्ठ- 44 मूल्य : 25 रुपए 1































## सीसीआई डिस्काउंट सेल स्कीम जारी

### सितंबर के पहले पखवाड़े में लगभग 15 लाख गांठ बेची

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

भारतीय कपास निगम यानि सीसीआई ने अपने गोदामों को खाली करने के लिए बल्क खरीद पर डिस्काऊंट देने की स्कीम को बढ़ाकर 30 सितम्बर तक कर दिया है। इस स्कीम के तहत सीसीआई कॉटन के खरीद पर भारी डिस्काऊंट दे रही है। एक से 15 सितम्बर के दौरान इस स्कीम के तहत सीसीआई लगभग 15 लाख गांठ (प्रति गांठ 170 किलो) कॉटन मिलों और व्यापारियों को बेची चुकी है और अब उसके पास 2024-25 सीजन की लगभग 12 लाख गांठ बाकी हैं। बहरहाल, अब बाजार में नई कॉटन की आवक आने और आयात सस्ता होने से मिलों और व्यापारियों की रुचि सीसीआई का कॉटन में कम हो गई है और दूसरे पखवाड़े में अब तक लगभग 1.50 लाख गांठ कॉटन ही बेच पाई है। एक अक्टूबर से आरंभ होने वाले कॉटन वर्ष 2025-26 के दौरान रिकार्ड कॉटन खरीद की संभावना से सीसीआई सीजन के अंत तक अपने गोदाम खाली करना चाहती है। चालू कॉटन वर्ष में लगभग 100 लाख कॉटन की खरीद किसानों से एमएसपी के भाव पर की थी क्योंकि मिलों की मांग कमजोर होने से बाजार भाव गिरकर सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे आ गए थे। आयात सस्ता होने के कारण इस वर्ष उत्पादन कम होने के बावजूद देश में कॉटन के भाव में गिरावट आई और इससे सीसीआई की कॉटन की खरीद अधिक रही। जानकारों का कहना है कि 15 सितम्बर को सीसीआई के गोदामों में लगभग 12 लाख गांठ का स्टॉक था।

**रिकॉर्ड खरीद की आशा-** हालांकि अभी तक कॉटन की बुआई गत वर्ष की तुलना में लगभग 3 लाख हेक्टेयर घट कर 109.64 लाख हेक्टेयर पर ही हुई है लेकिन जानकारों का कहना है कि दक्षिणी भारत में अब तक कॉटन पर किसी प्रकार कीड़े का प्रकोप नहीं होने से उत्पादन गत वर्ष से अधिक ही होने का अनुमान है **शेषांश पृष्ठ 10 पर...**


















# श्रमिकों के लौटने से औद्योगिक प्रक्रियाएँ तेज

**बालोतरा/ लालचन्द पुनीत**



स्थानीय वस्त्र मण्डी में श्रमिकों के लोटने के साथ पुनः औद्योगिक प्रक्रियाएं गति पकड़ने को आतुर है। दिसावरी मण्डियों से व्यापारी माल चालानी हेतु व्यग्र नजर आ रहे हैं। स्थानीय उत्पादक भी उन्हें आश्वस्त कर रहे हैं कि चंद दिनों में माल भेज दिया जाएगा। आगे त्योहारी सीजन के कारण यहाँ के माल की मांग में बढ़ोतरी स्पष्ट परिलक्षित होने लगी है। विगत काफी समय से औद्योगिक क्षेत्र में जो विरानी और मायूसी का नजारा था, वह पूर्णतया परिवर्तित हो गया है। अब नये सिरे से इंद्रधनुषी रंगो की बहार यत्र-तत्र-सर्वत्र दृष्टिगोचर होने लगी है। सूर्य की उष्मा से जमीन की आर्द्रता समाप्त होने के साथ धुपाई, रंगाई, पेंडिंग, फोल्डिंग, पैकिंग सदृश सभी प्रोसेसिंग कार्यों में जान आ गई है। जिनके पास तैयार माल उपलब्ध है या जो हो रहा है, उससे चालानी को बल मिला है। पोपलीन, पेटीकोट, नाईटी क्लॉथ, पोकेटिंग क्लॉथ, रूबिया, अस्तर, साड़ीफॉल के साथ शर्टिंग की लेवाली में संतोषप्रद सुधार है। उद्यमियों का कहना है कि रकम की आवक अभी-भी कमजोर बनी हुई है। उत्पादक अब माल की चालानी उन प्रतिष्ठानों को ही कर रहे हैं, जिनका भुगतान अग्रिम आ गया है या जिनका भुगतान साफ है। समय की मांग के अनुसार उद्यमियों ने अपने उत्पादों की पैकिंग को बेहतरीन ढ़ग से आकर्षक बनाने की दिशा में काफी कुछ किया है। उद्यमी भी चाहते हैं कि लाजवाब पैकिंग हो और लागत कम से कम आए। यहाँ के उत्पाद सभी दृष्टियों से सर्वाधिक सस्ते होने से इन्हें आई अपीलिंग करने हेतु भी सीमा में ही लागत का बोझ डाला जा सकता है। ग्रे क्लॉथ में कुछ क्वालिटीज की तंगी बनी हुई है। जानकारों का कहना है कि कच्चे माल की यह उपलब्धता जल्द ही सामान्य हो जाएगी। ग्रे क्लॉथ में सामान्य तेजी के कारण कुछ विशेष क्वालिटियों में ही है। स्थानीय उत्पादों में पोपलीन, रूबिया, नाईटी, पेटीकोट, पोकेटिंग क्लॉथ आदि की सप्लाई जारी तो है, लेकिन सीजन की दृष्टि से जो विशेष मांग की आशा थी, उसका अभाव है। औद्योगिक प्रतिष्ठानों ने इस बार रक्तदान के क्षेत्र में वर्चस्व योगदान देकर एक स्वस्थ परम्परा का सूत्रपात किया।

# ईंधन अधिभार बढ़ोतरी का वस्त्रोद्योग पर असर

**कोल्हापुर/ राहुल खाडे**

वस्त्रोद्योग निर्माण का प्रमुख केंद्र के तौर पर पहचाने जाने वाले इचलकरंजी के कारखानदारों पर फिर एक बार बिजली दर का असर हो रहा है, जबकि पिछले साल कोरोची में हुए एक महिला कार्यक्रम में तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे ने हर यूनिट के पीछे एक रूपया बिजली बिल कम करने की घोषणा की थी, लेकिन गए कुछ माह से बिजली दर में फिर से बढ़ोतरी हो रही है, जिससे कारखानदारों पर फिर से संकट मंडरा रहा है। देश पर ईंधन अधिभार बढ़ने से सभी ओर बिजली के बिल बढ़ रहे हैं और कोयला के साथ बिजली निर्माण के खर्चे में बढ़ोतरी से लगभग 85 पैसे बढ़ोतरी हुई है। कुछ समय इसमें कम से कम कमी हो रही है, लेकिन सितंबर माह में हुई बढ़ोतरी का असर इचलकरंजी के कारखानदारों पर हुआ है।

तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे ने लोकसभा चुनाव के समय कोरोची में हुए महिला कार्यक्रम में 40 एचपी से ज्यादा क्षमता के उद्योग के लिए 75 पैसे और 27 एचपी के उद्योग के लिए एक रूपया कपात जाहीर की थी। इस फैसले से कारखानदारों में खुशी का माहौल था, लेकिन अब फिर से वस्त्रोद्योग संकट में आ गया है। दर कपात की घोषणा के बाद प्रति यूनिट 2 रूपए 80 पैसे बिल लगाया जाता था, लेकिन उसके बाद अब धीरे-धीरे बिल बढ़कर आ रहा था। उसकी ओर कारखानदारों ने अनदेखी की, लेकिन गए माह से फिर 3 रूपए 52 पैसे प्रति यूनिट से बिल आ रहा है। ईंधन अधिभार कम-ज्यादा हो रहा है, लेकिन गए कुछ माह से इसमें बढ़ोतरी ही दिखाई दे रही है। पहले से कच्चे माल की बढ़ती कीमतें, कामगारों की तनख्वाह के साथ मंदी के चलते कारखाना घाटे में चल रहा है, लेकिन हर साल ईंधन अधिभार के नाम से होने वाली बिजली दर में बढ़ोतरी के चलते वस्त्रोद्योग फिर से संकट में आ रहा है। 10 हजार रूपए आने वाला बिल अब 12 हजार रूपए तक आ रहा है। इतना ही नहीं इसका असर सभी उद्योगों पर भी हो रहा है।

# नई जीएसटी दरों से देश की अर्थव्यवस्था होगी मजबूत

**सतना/ बलराम शुक्ला**

जीएसटी दरों में बदलाव से व्यवसाय के लिए नई सम्भावना पैदा हो रही है। सरकार ने हाल ही जीएसटी दरों में बदलाव की घोषणा की है, जिससे कई वस्तुओं और सेवाओं की कीमत कम हो सकती है। यह बदलाव व्यवसाय के लिए नई सम्भावना प्रदान कर सकती है। जैसे - बिक्री में वृद्धि, लागत में कमी, निर्यात में वृद्धि आदि। चेंबर अध्यक्ष श्री सतीश सुखेजा ने कहा कि 400 से अधिक वस्तुओं पर कर कम करने के सुधारों में आम आदमी को रोजमर्रा के खर्चे में बड़ी राहत मिलेगी तथा कर व्यवस्था भी सक्रिय होगी। यह वास्तव में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की तरफ से देश को बड़ा दिवाली तोहफा है। आगामी त्योहारी सीजन में खपत 7-8 प्रतिशत की बढोत्तरी होगी।

जीएसटी दरें उपभोक्ता को अधिक खरीददारी के लिए प्रोत्साहित करेगी। अतः उपभोग बढ़ने से उद्योगों को उत्पादन बढ़ाना होगा, जिससे रोजगार और औद्योगिक गतिविधियों में वृद्धि होगी। कर दरों के सरलीकरण से जीएसटी अनुपालन आसान और सस्ता होगी। यह उपभोक्ता खर्च में वृद्धि खुदरा व्यापार और छोटे दुकानदारों की बिक्री को सीधे लाभान्वित करेगी। सरकार ने बीमा सेवाओं को जीएसटी से मुक्त कर मध्यम वर्ग और वरिष्ठ नागरिकों को बड़ी राहत दी है, इससे स्वास्थ्य और जीवन बीमा की प्रीमियम दरें और किफायती होगी। साथ ही जीएसटी दरों में कटौती से अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और इससे महंगाई दर पर भी नियंत्रित होगी।




# व्यापारिक संगठनों की समस्याओं पर ऊर्जा मंत्री का आश्वासन



**मुजफ्फरनगर/ अजय कुमार सिंघल**

स्थानीय वस्त्र मण्डी में 15 सितंबर को विकास भवन के सभागार में ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर ने व्यापारिक संगठनों के साथ बैठक कर समस्याओं को जाना और सभी व्यापारिक समस्याओं के त्वरित निदान का आश्वासन दिया। इस बैठक में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष श्री अजय कुमार सिंघल ने कहा कि जीएसटी विभाग द्वारा अत्यन्त छोटे मामलों को लेकर व्यापारियों का उत्पीड़न किया जाता है, जो उचित नहीं है, इससे विभाग और सरकार की छवि धूमिल होती है। प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को आयुष्मान योजना देने की बात भी रखी गई। साथ ही कहा कि योगी जी प्रदेश की अर्थव्यवस्था को देश में तीसरे स्थान से प्रथम स्थान पर लाने के लिए कृत संकल्प है और व्यापारी भी उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

मुजफ्फरनगर मार्केट में अभी थोक विक्रेता अपनी दुकानों में नई वैरायटियां खूब मात्रा में ले आए हैं। अतः नवरात्रि से कामकाज अच्छा चलेगा। जिला महामंत्री श्री श्याम सिंह ने चुनाव के दौरान मण्डी की दुकानों का अधिग्रहण न करने की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विद्युत दरें अन्य प्रदेशों से अधिक है। अतः यहाँ लागत मूल्य ज्यादा बैठता है, इस कारण प्रतिस्पर्धा में कठिनाई है। संगठन मंत्री श्री दिनेश बंसल ने बुढ़ाना में सराफा व्यापारी से हुई लूट का मामला उठाया तथा उत्पीड़न बन्द करने की मांग की। श्री अनिल तायल ने खाद्य विभाग की लेबोरेटरी टेस्टिंग नगर में खोलने की मांग की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल से श्री अशोक कंसल वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, श्री अजय कुमार सिंघल नगर अध्यक्ष, श्री श्याम सिंह सैनी जिला महामंत्री, श्री प्रवीण खेड़ा नगर महामंत्री, श्री दिनेश बंसल संगठन मंत्री, श्री अनिल तायल कोषाध्यक्ष, श्री पंकज गोयल आदि की उपस्थिति रही। साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष श्री सुधीर सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री वीरपाल निर्वाल, मुख्य विकास अधिकारी एवं जीएसटी ज्वॉइंट कमिश्र श्री सिद्धेश दीक्षित SIB व ज्वॉइंट कमिश्नर कार्यपालक तिवारी जी भी उपस्थित रहें।

# नवरात्रि से ही ग्राहकी की खरीदी शुरू

**ब्यावर/ अनिल डोसी**

मार्केट में ग्राहकी ठीकठाक है। आगे नवरात्रि से ही ग्राहकी की खरीदी शुरू हो चुकी है। व्यापारी सूरत, अहमदाबाद, मुम्बई, भिवंडी, लुधियाना, पानीपत आदि जगहों पर खरीददारी के लिए जा रहे हैं। अभी माल आना शुरू हो गया है और दिवाली बाद शादी का सीजन शुरू होगा, जिसकी तैयारी व्यापारियों ने कर रखी है। ड्रेस मटीरियल, साड़ियां, सलवार सूट, ब्लाउज पीस, रेडीमेड, टेरी रूबिया, रोटो, माइक्रो का कुछ व्यापार हो रहा है।

# ग्राहकी की हलचल शुरू

**रेवाड़ी/ जयप्रकाश शर्मा**

बाजार में धीरे-धीरे ग्राहकी का प्रभाव आने लगा है। सभी व्यापारी आगामी सीजन नवरात्रि की तैयारी कर रहे हैं। श्याम वस्त्र भण्डार, अटेली के यहाँ रेडीमेड में सभी बच्चों की प्रिंट ड्रेस एक से एक डिजाइंस, लड़कियों की ड्रेस में अच्छी बिक्री हो रही है। राहुल एम्पोरियम, कुण्ड मण्डी के यहाँ ग्राहकी चालू है, क्योंकि श्राद्ध पक्ष में सफेद कपड़ा अच्छा बिक रहा है तथा कुर्ता-पायजामा, बनियान, रूमाल आदि की भी अच्छी बिक्री हो रही है। बहुरानी शोरूम, अटेली के यहाँ साड़ियों की खरीददारी अच्छी चल रही है। व्यापारी पाली, बालोतरा, मुम्बई, भीलवाड़ा, सूरत से खरीददारी करके आए हैं। ओम वस्त्र भण्डार, नारनौल के यहाँ ग्राहकी ठीक है, जो नवरात्रि से और अच्छी चलने की उम्मीद है। सहगल एम्पोरियम, रेवाड़ी के यहाँ रेडीमेड में जींस, टी-शर्ट, लोअर, कुर्ता-पायजामा, बच्चों की ड्रेस आदि की खरीददारी नवरात्रि पर अच्छी चलने की उम्मीद है। अभी मिलों में पेमेंट जाना शुरू हो गया है।




# आगामी सीजन की तैयारी शुरू

**बरेली/राजीव अरोड़ा**

स्थानीय वस्त्र मण्डी में इस समय व्यापार हल्का चल रहा है। आगामी सीजन 21 सितंबर के पश्चात् नवरात्रा से व्यापार अच्छा चलने की संभावना है। बरेली के व्यापारियों ने अपनी डिमाण्ड के हिसाब से खरीदी शुरू कर दी है। अभी कुछ व्यापारी सूरत से लेडीज सूट की खरीदी करने गए हैं।

सूती वस्त्र विक्रेताओं से पता चला है कि इस समय रेट की कुछ स्थिति स्पष्ट न होने के कारण व्यापारी जरूरत के हिसाब से ही खरीदी कर रहे हैं। आगामी सीजन में मर्दानी धोती की अच्छी डिमाण्ड है। साथ ही सूती पट्टा, ब्लाउज का अस्तर अच्छा बिक रहा था, परंतु अब बिक्री कमजोर चल रहीं है। इस समय जिस व्यापारी से रकम उगाही के लिए कहे तो पेमेंट देने में असमर्थता व्यक्त कर रहे हैं। दशहरे से काम अच्छा चलने की उम्मीद है।




Kalpatru®
TRULY WONDERFUL
KALPATRU SYNTHETICS PRIVAT LIMITED
Manufacturers Of Exclusive Shirtings & Corporate Uniform
CORP. OFF:- Rajlaxmi Comm. Complex, 'J' Bldg., 2nd Floor, Gala No. 216 to 218 Kalher Village, Bhiwandi,Thane- 421 302. Tel: 95951-46883, 95952-46882
REGD. OFF:- 26, Bandrawala Bldg., 2nd Floor, 16, Dadi Seth Agiari Lane, Mumbai- 02. Ph.: 022-2240 0642 / 40056305, Mob.: 93202-12219, 80807-77101
Helpline no +91 7219896584 | E-mail: kalpatru_syn@yahoo.co.in


JINDAL FAB
SUITINGS & SHIRTINGS
JINDAL FABRICS PVT. LTD.
MUMBAI


Collection of Impression
The Perfect Man
Servicom's
FINE SUITINGS
Servicom Rayon India


A Legacy of Quality Interlinings
Talco Products
MICRODOT FUSIBLE INTERLININGS
M. LACHHMANDAS & CO.
282, Kalbadevi Road, Opp. Vithal Wadi, Mumbai - 400 002.
Phone: 91-22-40348569 (100 Lines), 2208 8569
E-mail: talcofuse@hotmail.com | Website: www.talcofuse.com


www.sparshfab.com
Sparsh-Fab®
UNIFORM FABRIC
THOUGHTFUL UNIFORMS
पेश है
3X COOL™
एक ऐसी टेक्नोलॉजी जो रखे पहनने वालों को कम्फर्टेबल दिनभर और
आप को रखे व्यवसाय में अग्रेसर।
एक ऐसा फैब्रिक जो सोखे पसीना १० सेकण्ड्स में, दाग-धब्बे और धूल-मिट्टी को जमने न दे, कपड़ा जो हो सुरक्षित और टिकाऊ.
डायनामिक ड्राइंग
मॉइस्चर को सोखे, कपड़े को तुरंत सुखाए, आपको रखे चुस्त और तंदुरुस्त.
एयर परमेएबिलिटी
ज्यादा एयर परमीअबिलिटी रखे आप को आरामदेह और कूल
सॉइल रिलीज़
दाग-धब्बे और धूल-मिट्टी को जमने न दे, क्लीनिंग को बनाये आसान
चैक्स और लाइनिंग में ३६ पन्ने में तैयार स्टॉक
ऑन डिमांड अन्य डिज़ाइन में भी उपलब्ध
यह फीचर कैसे काम करता है यह जानने के लिए स्कैन करें
आपके ऑर्डर के लिए सम्पर्क :
98202 07953 / 74200 24089


A Timeless Legacy,
Inspiring Fashion For Generations.
come home to
Siyaram's
Scan the QR Code and Watch the Video
Available at all the leading retail outlets and Siyaram's Shops across the country. For trade/corporate enquiries,
contact: 022-68330500. Toll-free No.: 1800 209 4005. For franchise enquiries, contact: 09820197273.
Email: enquiries@siyaram.com | www.siyaram.com Follow us on: YouTube




modella Fashion

FINEST TWEED FABRICS

FOR TRADE ENQUIRY : Contact : 82640-40737 | Website : www.modella.in | Email: modella.wool@gmail.com







TESSITURA MONTI INDIA PVT. LTD.

Factory & Registered O□ce :
Gat No. 147, Village Tamgaon, Post - Sangavde, Tal. Karveer, Kolhapur - Hupari Road, Dist. Kolhapur - 416202. Maharastra. INDIA. Tel. No : +91 231 2682900 Email : info@monti.co.in

Corporate O□ce :
77, Jodh Towers, 4th Floor, Lalbagh Road, Bengaluru - 560027, INDIA. Tel. No : +91 80 40500288
Email : o□ce@monti.co.in Website : www.monti.co.in

@TESSITURAMONTI.INDIA

Tessitura Monti India Pvt. Ltd. BORN IN ITALY 1911

BCI OEKO TEX Lenzing

## भारत का प्रमुख पेट्रोकेमिकल सम्मेलन, इंडियन पेट्रोकेम -2025

# ऊर्जा परिवर्तन और वैश्विक पुनर्संरेखण पर होगा केंद्रित

**मुम्बई**

भारत 26वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन इंडियन पेट्रोकेम -2025, जो भारत में पेट्रोकेमिकल उद्योग के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण आयोजन है। 18 और 19 नवंबर, 20025 को मुम्बई के होटल द ललित में आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में 375 से अधिक उद्योग जगत के नेता एक साथ आकर 'विजन 2030 : ऊर्जा परिवर्तन और वैश्विक पुनर्संरेखण के माध्यम से पेट्रोकेमिकल्स का नेतृत्व' विषय पर चर्चा करेंगे।

यह दो दिवसीय सम्मेलन एक ऐसे समय में हो रहा है जब वैश्विक पेट्रोकेमिकल क्षेत्र के सामने महत्त्वपूर्ण चुनौतियां है। जैसे-जैसे दुनिया टिकाऊ ऊर्जा की ओर बढ़ रही है, यह आयोजन इस बात पर ध्यान केंद्रित करेगा कि भारत कैसे नई तकनीकों को अपनाकर, कार्बन उत्सर्जन को कम करके और भू-राजनीतिक बदलावों के अनुरूप ढलकर इस क्षेत्र का नेतृत्व कर सकता है।

यह सम्मेलन सीईओ, इंजीनियर्स और नीति निर्माताओं के लिए उद्योग के भविष्य पर चर्चा करने और विजन 2030 के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए रणनीति बनाने का एक महत्त्वपूर्ण मंच प्रदान करता है।




# आठ हजार किलो कुंकुम... लाखों रूपए की साड़ियां

## दशहरे के लिए कोल्हापुर की बाजारपेठ सजी

**कोल्हापुर/ राहुल खाडे...**करवीर निवासिनी श्री अंबाबाई के शारदीय नवरात्रोत्सव के लिए मंदिर और बाहर के परिसर में साड़ी, देवी की ओटी, हल्दी-कुंकुम, शक्कर का प्रसाद, हार, गजरा, फूल ऐसे पूजा के सामग्री की इस समय करोड़ों रूपए का कारोबार होता है। मंदिर और बाहर के परिसर में पूजा सामग्री की 150 से ज्यादा दुकान है। जिस पर दुकानदार से लेकर कामगार ऐसे हजारों को गुजारा चलता है।

**अंबाबाई के बक्से-** मंदिर परिसर में लाल रंग के बीच में करवीर निवासिनी अंबाबाई की मूर्ती होने वाले बक्से मिलते हैं, जिसकी कीमत एक हजार से 15 हजार रूपए तक है।

**केम से कुंकुम की आवक-** अंबाबाई मंदिर परिसर के व्यावसायिक केम (जि. सोलापुर) से हल्दी का कुंकुम मंगवाते है। इन दुकानो में हल्दी और केमिकल का ऐसे दोनों तरह का कुंकुम मिलता है। सबसे ज्यादा मांग यह नवरात्रि में होती है। नवरात्रि में एक दुकान को लगभग 50 किलों कुंकुम लगता है। इस हिसाब से 150 दुकान पकड़े तो आठ हजार किलो कुंकुम लगता है।

**इमिटेशन ज्वेलरी का साज -** पूजा सामग्री की दुकानों में कोल्हापुरी इमिटेश ज्वेलरी मिलती है। इसमें कोल्हापुरी साज, ठुशी, लक्ष्मीहार, बोरमाल, मोती की नथ ऐसे कई प्रकार है, जिसकी भी इस समय बडे पैमाने पर बिक्री होती है। नवरात्रि में बड़े पैमाने पर साड़ी, कुंकुम-हल्दी, देवी की ओटी ऐसी सामग्री लगती है। उसके लिए हम 15 दिन पहले से तैयारी कर चुके हैं।

**दस दिन का दशहरा -** इस साल का दशहरा नौ दिन का नहीं, बल्कि तिथि के बदलाव के चलते दस दिन का होगा। ऐसे में प्रशासन के अनुमान के अनुसार करवीर निवासिनी अंबाबाई को हर दिन दो लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए आएंगे। इस हिसाब से दस दिन में 20 लाख से ज्यादा श्रद्धालु कोल्हापुर आएंगे, जिससे करोडो रूपए का कारोबार होने का अनुमान है।






# H.S. GROUP के 'हाउस ऑफ सूर्या' शोरूम का कोहाट एनक्लेव में भव्य शुभारंभ

दिल्ली/ पीतमपुरा स्थित कोहाट एनक्लेव में H.S. Group के रिटेल चेन ब्राण्ड 'हाउस ऑफ सूर्या' के नए शोरूम का शुभारंभ 7 सितंबर 2025 को बड़े उत्साह और भव्यता के साथ किया गया। इस अवसर पर H.S. Group के डायरेक्टर्स श्री दीपक गुप्ता, श्री नीरज गुप्ता, श्री अरविंद गुप्ता, सीएओ श्री राकेश मित्तल समेत स्टोर के स्टाफ और बड़ी संख्या में फैशन इंडस्ट्री से जुड़े लोग, ग्राहक एवं गणमान्य अतिथि मौजूद रहें।

**H.S. Group दिल्ली का एक प्रतिष्ठित वूमन्स एथनिक वियर होलसेलर एवं मैन्युफेक्चरर है, जो लंबे समय से उच्च गुणवत्ता के परिधानों के लिए जाना जाता है। 'हाउस ऑफ सूर्या' इसी ग्रुप का रिटेल चेन ब्राण्ड है। इस ब्राण्ड के अंतर्गत यह तीसरा शोरूम है। इससे पहले भी दिल्ली में दो स्टोर सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं।**

उद्घाटन समारोह के अवसर पर श्री दीपक गुप्ता ने बताया कि इस नए शोरूम का उद्देश्य ग्राहकों को एक ही छत के नीचे शादियों, विशेष अवसरों और पारंपरिक आयोजनों के लिए प्रीमियम क्वालिटी की साड़ियां, लहंगे और फैशन आयटम उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि 'हाउस ऑफ सूर्या' हमेशा से ही खासतौर पर शादियों के लिए 'उत्तम दर्जे' के दुल्हन परिधान, लहंगे और अन्य फैशन कलेक्शन को लेकर ग्राहकों का विश्वास जीतता रहा है। उन्होंने आगे कहा कि 'हाउस ऑफ सूर्या' उत्तर भारत में डिजाइनर साड़ियां, लहंगे और इंडियन एथनिक ड्रेसेज में एक अलग पहचान रखता है। यहाँ ग्राहकों को ट्रेंडी और ट्रेडिशनल दोनों तरह के कलेक्शन मिलेंगे। श्री दीपक गुप्ता ने कहा, 'हमारा उद्देश्य ग्राहकों को एक ही जगह पर प्रीमियम कलेक्शन और बेहतरीन सेवा प्रदान करना है। यह स्टोर न सिर्फ दिल्लीवासियों के लिए, बल्कि आसपास के क्षेत्रों के ग्राहकों के लिए भी एक विशेष अनुभव लेकर आया है।' इस शोरूम के उद्घाटन के साथ ही अब दिल्ली और आसपास के लोग नवीनतम फैशन और डिजाइनर परिधानों की विस्तृत रेंज का लाभ उठाते हुए अपनी शॉपिंग को और भी शानदार बना सकेंगे।













### यार्न मार्केट सुस्त

## पॉलिएस्टर एवं विस्कोस की मांग बढ़ने की संभावना

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय**

यार्न मार्केट सुधरने के बदले कमजोर है। वीविंग इकाइयों की कॉटन यार्न की मांग में दम नही है। आयातित रूई के कारण हाजिर बाजार में भाव घटने से कॉटन यार्न पर भारी दबाव है। जीएसटी की दरों में संशोधन के बाद कॉटन यार्न और सिंथेटिक यार्न के भाव घटने की संभावना से भी यार्न की लेवाली कम हो गई है। कॉटन यार्न की मांग पहले से ही कम थी, लेकिन आगे कच्चा माल सस्ता होने से कॉटन यार्न की उत्पादन लागत कम हो सकती है। पीसी में बढ़े भाव से थोड़ी गिरावट आई है और रोटो यार्न जो स्थिर था, वह घट गया है तथापि पीवी एवं पीसी सहित विस्कोस में कामकाज हो रहा है। कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया की बैठक में विशेषज्ञों का मानना है कि रूई और कॉटन यार्न की खपत पाँच से सात प्रतिशत तक घट सकती है और विस्कोस एवं पॉलिएस्टर की खपत इतनी ही बढ़ सकती है। अमेरिकी टैरिफ के कारण टेक्सटाइल को भारी क्षति होने का अनुमान है। पॉलिएस्टर और विस्कोस का उपयोग भारत में बड़े पैमाने पर किया जाता है। साथ ही जीएसटी की दरों में बदलाव से पूर्व इन पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगती थी, जो बदलाव के बाद घटकर पाँच प्रतिशत होने जा रही है। स्पष्ट है कि इन फाइबर का उपयोग करती इकाइयों के कच्चे माल पर खर्च 13 प्रतिशत तक बचेगा। अतः अमल के बाद पॉलिएस्टर और विस्कोस के भाव कम हो सकते है और मांग बढ़ सकती है। जानकारों का कहना है कि पॉलिएस्टर का भाव प्रति किलो 100 रू है, तो विस्कोस का 146 रू किलो है। वहीं अच्छी क्वालिटी की रूई का भाव प्रति किलो 200 रू से अधिक ही बैठती है। इतना ही नहीं अब तक पॉलिएस्टर और विस्कोस पर जीएसटी अधिक लगने के कारण इन फाइबरों के भाव के बीच फर्क बहुत अधिक नही था, लेकिन अब जीएसटी कम हो जाने से भाव में उल्लेखनीय गिरावट की संभावना है। विशेषज्ञों का मानना है कि कॉटन यार्न का उत्पादन करती स्पिनिंग मिलों में विस्कोस एवं पॉलिएस्टर का उपयोग बढ़ सकता है। आगामी कुछ वर्षो में कॉटन यार्न का उपयोग कम हो जाएगा, जबकि पॉलिएस्टर एवं विस्कोस इत्यादि की खपत अधिक होने लगेगी।

## रूई के भाव घटे : स्पिनिंग मिलों की खरीदी कमजोर

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय**

रूई पर बढ़ रहे दबाव के कारण बाजार दिशाहीन है। रूई के भाव घट रहे हैं। स्पिनिंग मिलें विदेशी बाजारों से अच्छी गुणवत्ता की रूई अपेक्षा कम कीमत पर खरीद रही है। देसी रूई के भाव लगातार नीचे जा रहे हैं। स्पिनिंग मिलों की खरीदी कमजोर है। कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने अपने भाव घटाए है, लेकिन व्यापारियों को लगता है कि कॉर्पोरेशन को और भाव घटाना होगा। देश के कुछ राज्यों में बारिश अधिक होने से कपास को नुकसान होने का अंदेशा है। पिछले वर्ष के 112 लाख हेक्टेयर की तुलना में इस सीजन में 109 लाख हेक्टेयर में कपास की खेती की गई है। जानकारों से मिली रिपोर्ट से उत्पादकता में पाँच से दस प्रतिशत तक सुधार होने की संभावना है।

केंद्र सरकार द्वारा दिसम्बर 2025 तक शुल्क मुक्त रूई आयात का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय मिलों के लिए लाभदायी हो सकता है, लेकिन कपास उगाने वाले किसानों के लिए कतई उचित नहीं माना जा रहा है। हालांकि, सीसीआई नई सीजन में किसानों से भरपूर कपास खरीदने के लिए तैयार है। किसानों की उदासीनता और उपज का उचित मूल्य नहीं मिलने के कारण इस सीजन में कपास का क्षेत्रफल करीब 2.6 प्रतिशत घटा है। कम क्षेत्रफल में कपास की बुवाई करने के बावजूद देश में रूई का उत्पादन पिछले वर्ष जितना अथवा कुछ कम-ज्यादा होने का अनुमान है। इसलिए सीसीआई ने एमएसपी पर अधिक से अधिक कपास किसानों से खरीदने की तैयारी कर चुका है।

रूई बाजार के लिए सबसे चिंताजनक स्थिति देश में बढ़ता आयात है। पिछले एक वर्ष में देश में 41 लाख गांठ रूई का आयात किया गया है। इतना आयात इससे पहले कभी नहीं किया गया था। एक अनुमान के अनुसार 26 लाख गांठ का आयात अधिक हुआ है, वहीं निर्यात 18 लाख गांठ है। आयात एवं निर्यात में अंतर का मूल कारण देश में रूई का भाव अधिक होना रहा है। अक्टूबर से शुरू होने जा रही नई सीजन के लिए भी आयात सौदे किए जाने की जानकारी है। यदि आयात इसी तरह से बढ़ता रहा तो देश में रूई के भाव नीचे जाने से कोई नही रोक सकता है। इसका असर किसानों की मनोवृत्ति पर पड़ने के साथ सीसीआई को अधिक स्टॉक खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया का कहना है कि सीसीआई का भाव मिलों की अपेक्षा से अधिक है। सीसीआई को अपना भाव कम से कम 2000 रू. तक कम करना होगा। सीसीआई ने मार्केटिंग सीजन 2024-25 में करीब करोड़ गांठ की खरीदी की थी, इसके पास अभी 27 लाख गांठ है। व्यापारियों का कहना है कि सस्ती रूई के मुकाबले अपनी रूई की दर आकर्षक बनाने के लिए भाव कम करना ही पड़ेगा। सीसीआई जब तक रूई के भाव नही घटाता है, तब तक बेचना मुश्किल होगा। पहले भारत की रूई दो से तीन सेंट सस्ती होती थी, परंतु अब 10 से 15 सेंट तक महंगी हो गई है। नई सीजन में दिसम्बर तक 20 लाख गांठ आयात हो सकता है।

## दिवाली सीजन को लेकर व्यापारियों में हलचल शुरू

**कोयंबटूर/ सुनील जैन**

स्थानीय मार्केट में सन्नाटा पसरा हुआ है। आगे व्यापारी अपने-अपने हिसाब से दिवाली की तैयारी में लगे हुए हैं। मार्केट में अधिकतर व्यापारी सूरत, दिल्ली, मुम्बई, बनारस, मऊ, कोलकाता आदि जगहों पर खरीदी के लिए गए हुए या खरीदी करके आ गए हैं। इसके अलावा अधिकतर व्यापारियों का कामकाज आजकल व्हाट्सएप के माध्यम से ही हो जाता है। सेल्समैन जो पहले बुकिंग में आते थे वह भी बहुत कम हो गए हैं। सभी व्यापारी दिवाली सीजन की आस लगाए बैठे हैं। तिरूपुर मण्डी में ट्रंप के टैरिफ का असर दिखने लगा है। एक्सपोर्ट से जुड़ी हुई इकाइयों में सन्नाटा पसरा हुआ है, बाकी प्रशासन व्यापारियों के हित में कदम उठाएगी और इस मुश्किल से निकालने का प्रयास करेंगी।

## आगामी सीजन की तैयारी शेषांश पृष्ठ 44

जीएसटी के कारण सबसे बड़ी समस्या 2500 रू. से अधिक कीमत के गारमेण्ट के मामले में आ रही है। वैवाहिक सीजन में उपयोग किए जाते अधिकतर परिधानों की कीमत 2500 रू. से अधिक होती है और इन पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगने से कीमतें अधिक हो जाएगी। इस तरह के कपड़ों पर टेक्स का बोझ बढ़ जाएगा। अतः तैयार वस्त्रों की कीमत ऐसी होनी चाहिए, जो उत्पादक एवं ग्राहक दोनों के लिए संतुलित हो। **गारमेण्ट में बढ़त-** देश में गारमेण्ट कारोबार निरंतर बढ़ रहा है। इस खण्ड में नये ग्राहक जुड रहे हैं, जो समयाचीन फैंसी परिधानों को खरीदना पसंद करते हैं। अपेरल उद्योग खिलाड़ियों की चिंता कुछ अलग है। गारमेण्ट के अग्रणी ब्राण्ड कम मार्जिन के साथ कारोबार करते हैं। ऐसे उत्पादों के मूल्य तय करने में परेशानी होगी। बढ़ी जीएसटी का बोझ ग्राहकों पर डालने से 2500 रू. से अधिक कीमत के परिधानों की मांग पर असर पड़ेगा। इतना ही नहीं नकली और सस्ते विकल्पों के साथ ग्रे मार्केट को प्रोत्साहन मिलेगा और संगठित ब्राण्ड्स की विस्तार योजना पर भी इसका विपरीत असर पड़ सकता है। रिटेलर्स नये सीजन के लिए तैयार है। अभी गारमेण्ट के नये स्टॉक की खरीदी में सावधानी बरती जा रही है, परंतु आगे तेजी आने की पूरी संभावना है। व्यापारियों को इस त्योहारी सीजन में अच्छे कारोबार की उम्मीद है। एक तो जिन उत्पादों पर पहले जीएसटी की दर 12 प्रतिशत थी, अब घटकर पाँच प्रतिशत हो गई है, सीधे मूल्य में सात प्रतिशत का अंतर आ गया है। दूसरे मध्यम वर्ग के ग्राहकों की पसंद मीडियम से लेकर अपर मीडियम मूल्य के कपड़ों की रहती है। त्योहारों की मांग के बाद वैवाहिक सीजन की मांग बाजारों में दिखाई देगी, इसलिए गारमेण्ट में कारोबार सुधरने की राह पर है। बाजार का माहौल सकारात्मक लग रहा है।






## मूल्यवर्धित कपड़ों में हलचल

# फैंसी में मांग बढ़ने के आसार

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय**

कपड़ा बाजार सुस्त है। रूई और कॉटन यार्न के भाव घटने के कारण कपड़ों की मांग में उत्साह नही है। दूसरी ओर मिलें आकर्षक ऑफर के मार्फत त्योहारी सीजन की बुकिंग पर जोर दे रही है, परंतु बाजार की स्थितियों को देखते हुए स्टॉकिस्टों एवं वितरकों की ओर से प्रतिसाद कमजोर है। श्राद्ध पक्ष में कपड़ा कारोबार आमतौर पर हमेशा मंदा ही रहता है। इस बार ग्राहकी खुलने पर फाइबर और यार्न पर जीएसटी की दरें घटने से व्यापारियों की नई खरीदी से दूरी बना लेने के कारण बाजार का सेंटीमेंट नरम पड़ गया है। निर्यात कारोबार को लेकर निर्यातकों में असमंजस होने का असर दिखाई दे रहा है।

कपड़ों का स्थानीय कारोबार बढ़ने की संभावना है। नवरात्रि के बाद कपड़ों में ग्राहकी सुधरने से बाजार में रौनक बढ़ने का अनुमान है। अक्टूबर में दीपावली जैसा बड़ा त्योहार होने और कपड़ों में कारोबार पहले से ही मंदा रहने के कारण बाजारों में अधिक स्टॉक नहीं होने से नये माल में ग्राहकी अच्छी रहने का अनुमान है। उसके बाद वैवाहिक सीजन शुरू होते ही स्थानीय बाजारों में कपड़ों की मांग में तेजी से सुधार होना है। कपड़ा बाजार में तेजी का करेंट नजर आ रहा है। यद्यपि वर्षभर कारोबार में कई चुनौतियां आती रहीं है। मई के बाद कपड़ा बाजार में मंदी बनी हुई है। ट्रंप के टैरिफ वॉर से सेंटीमेंट गड़बड़ा गया है। सीजन के दौरान रिटेल काउंटरों में हर किस्म के कपड़ों की बिक्री अच्छी होती है, वहीं निर्यात कारोबार अच्छा चलने से मिलों एवं इकाइयों के पास भरपूर ऑर्डर रहता था। मिलों के पास अभी ऑर्डर स्थानीय मण्डियों के व्यापारियों के है। भारत के टेक्सटाइल एवं क्लोदिंग निर्यात के एक बड़े हिस्से पर गतिरोध के कारण कपड़ा उद्योग को बड़ा झटका लगा है। निर्यात कपड़ों की लागत कम हो और वैश्विक बाजारों में निर्यातकों की प्रतिस्पर्धा बनी रहे, इसके लिए रूई के आयात पर से शुल्क हटाया गया है। कई देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार करार किया गया है और ढ़ेर सारे कदम उठाए जा रहे हैं।

अमेरिका के भारी भरकम टैरिफ लादने से टेक्सटाइल उद्योग को नुकसान होगा। अमेरिका को मुख्यतया टेरी टॉवेल और बेडशीट्स का निर्यात सबसे अधिक किया जाता है। हाल के एक सर्वे के अनुसार अमेरिका में हर दूसरा व्यक्ति भारतीय टेरी टॉवेल का उपयोग करता है। अमेरिका के लोगों में खर्च करने में कोई संकोच नही होता है। भारत में सामान्य रूप से वर्ष अथवा छह महीने में एक टॉवेल का उपयोग होता है, जबकि अमेरिका में एक व्यक्ति 12 से 14 टॉवेल बदलाता है। अमेरिका की 30 करोड़ आबादी होने पर भी तीन करोड़ टॉवेल का उपयोग किया जाता है। इसलिए इन चीजों के लिए अब नये बाजार खोजने होंगे।

सीजन में घरेलु स्तर पर खपत बढ़ने पर मिलों को बाजारों में कपड़ा बेचने में अधिक दिक्कत नही आएगी। जीएसटी में सुधार के बाद टेक्सटाइल एवं क्लोदिंग के लिए स्थानीय बाजारों में समस्या नही है। टेक्सटाइल उद्योग के लिए मध्यम से लंबी अवधि के लिए यह उपयोगी साबित होगा, बशर्ते कपड़ों की घटी कीमतों का लाभ अंतिम उपभोक्ताओं तक पहुँचे। व्यापारियों को लगता है कि नवरात्रि से बाजार में कारोबारी माहौल बदलेगा। कच्चे माल एवं यार्न की कीमत घटने से कपड़ा सस्ता हो सकता है और इसके कारण कपड़ों में कारोबार अधिक होने का अनुमान है। देसावरी व्यापारियों की मांग फिर से बढ़ने की संभावना लग रही है।

देश के कुछ हिस्सों में अत्यधिक बारिश एवं बाढ़ के कारण कपड़ों की मांग ढ़ीली पड़ी थी, परंतु मानसून की विदाई के साथ फिर कपड़ों की मांग में उछाल आ सकता है। लोगों की खरीद शक्ति बढ़ने और फैशन की ओर झुकाव अधिक होने से अब हल्की क्वालिटी के कपड़ों की मांग घट रहीं है और कपड़ा खरीदने वाले ग्राहक कम हो रहे हैं, जबकि बेहतरीन गुणवत्तापरक कपड़ों के खरीददार बढ़ रहे हैं। बाजार की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए लगातार नई वैरायटी और पैटर्न देने वाले उत्पादकों के लिए ही बाजार में टिके रहने की संभावना है। विंटर कपड़ों के साथ फैंसी कपड़ों की मांग बढ़ने के आसार है।

आगामी त्योहारी एवं वैवाहिक सीजन को देखते हुए बाजारों में मूल्यवर्धित कपड़ों में लेवाल अधिक है। विस्कोस रेयॉन की मांग अच्छी है। फैंसी साड़ियों के साथ लेडीज सूट, पार्टी वियर साड़ियों के साथ अच्छी वैरायटी की शर्टिंग में कामकाज की गति अभी तक धीमी रही है, इसमें फिर से तेजी आनी शुरू हो गई है। साटीन, पॉलिएस्टर, मोडाल इत्यादि वैरायटी में कामकाज होने लगा है। प्लेन शर्टिंग वैरायटी की मांग भी धीरे-धीरे बढ़ रहीं है। सूटिंग में कारोबार कमजोर है। मिलों की नई वैरायटी बाजारों में है। सूटिंग में ग्राहकी कम है, परंतु उम्मीद है कि इस सेगमेंट में भी बाजार जल्दी करवट ले सकता है।

ग्रे कपड़ों में कामकाज घट गया है। रूई और कॉटन यार्न के भाव घटने के बाद ग्रे कपड़ों के लेवाल प्रतीक्षा करो की नीति अपनाए हुए हैं। कच्चे माल की कीमतें कम होने के बाद ग्रे कपड़ों के भाव घटने की संभावना से कामकाज पर असर पड़ा है। पोपलीन, कैम्ब्रिक, मलमल इत्यादि में कारोबार घटा है और बाजार की इस वैरायटी में एकाध दो रू के उतार-चढ़ाव के साथ कामकाज होता रहा है। अक्सर देखा गया है कि जब कॉटन यार्न में मजबूती रहती है, तो बाजारों में ग्रे कपड़ा अच्छा बिकता है, लेकिन जैसे ही यार्न में गिरावट आती है, वैसे ही ग्रे कपड़ों की बिक्री कमजोर हो जाती है।







A NOT-TO-BE-MISSED OPPORTUNITY TO INTRODUCE YOUR BRAND IN THE LUCRATIVE NORTH INDIA MARKET
CMAI NORTH INDIA GARMENT FAIR
NORTH INDIA GARMENT FAIR
EDITION 03
25, 26 & 27 NOVEMBER 2025
YASHOBHOOMI CONVENTION CENTRE DWARKA, NEW DELHI
NETWORK WITH NORTH INDIA'S TOP
Distributors + Agents + Retailers
REGISTER TODAY & POWER YOUR BUSINESS NETWORK!
For more information contact at
022 44750909 / info@cmai.in


20 21
DEC 2025
INDORE
टेक्सटाइल वर्ल्ड
Presents
STALL BOOKING OPEN NOW
Uni World
a unique destination for all uniform solutions
Edition 4
UNIFORM & GARMENT FABRIC EXPO
ABHAY PRASHAL, RACE COURSE ROAD, INDORE, M.P.
EXHIBITORS
Armeelon UNIFORM SHIRTINGS
Bansi fashion pvt. ltd.
AN ISO 9001 : 2008 CERTIFIED COMPANY
Gangotri
MukutMani
bajaj PERFECT UNIFORM FABRIC BRAND
shalimar
Sumeet Knitwears
Sketcher's UNIFORM
BD SUITINGS
AHINSA Suitings SINCE 1987
21st Century TOPMAN PREMIUM SUITING
ANIRUDH TEXCHEM PVT. LTD.
FIZZICAL INDIA
Shree Govindam
UNIFORM FABRICS
For More Inquiry
80035 96092
uniworld.tw@gmail.com
textileworld.org
ORGANIZER
SSS Media Publications Pvt. Ltd.
REGISTRATION PARTNER
Armeelon UNIFORM SHIRTINGS

# BURGOYNE successfully holds tradeshow in September 2025 at Goa!

HOUSE OF BURGOYNE IRELAND ESTD. 1912








**Goa/** WFB Baird & Company (India) Pvt. Ltd. recently held the Burgoyne Tradeshow at hotel Vivanta Goa, Panaji, that offers unmatched luxury and heritage in the heart of the vibrant city.

The tradeshow witnessed keen participation by all the Pan-India dealers and agents of Burgoyne, who came together from various parts of the country.

The tradeshow, held between 11th – 13th September 2025, was inaugurated by company's CEO & Director Ms. Suchitra Menon along with Mr. Abhijit Ganguly (CMO & Director ) in the presence of All-India dealers, agents & other company officials.

Four exciting collections were introduced – Naples, Crystal, Wales and Georgia. The new product launches received an overwhelming response.

In the tradeshow, premium collections of festival and occasion ready fabrics featuring vibrant colours and prints were showcased. They were highly appreciated for their simplicity and elegance in light of the onset of the festive season.





















## सम्पादकीय....

# अभिभावकों की चिंता : बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर निगरानी की आवश्यकता

डिजिटल होती दुनिया में कोई बच्चा जब स्मार्टफोन या कम्प्यूटर में मशगूल रहने लगता है, तो उसके अभिभावकों की प्रथम दृष्टया धारणा यही बनती है कि वह तकनीक के उपयोग को लेकर बहुत तीक्ष्ण बुद्धि वाला है। मुश्किल तब होती है, जब तकनीक में बच्चों या किशोरों की यही व्यस्तता उनके विवेक और व्यक्ति त्व पर बेहद घातक असर डालती है और कई बार जानलेवा भी साबित होती है। गौरतलब है कि लखनऊ के गांव धनुवासाढ़ में तेरह वर्षीय एक किशोर को ऑनलाइन गेम की लत लग गई थी और इसी क्रम में वह अपने पिता के खाते में जमा तेरह लाख रूपए हार गया। जब पिता को पता चला तो डर की वजह से किशोर ने आत्महत्या कर ली। यह इस तरह की कोई अकेली घटना नहीं है। ऐसे अनेक मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें ऑनलाइन गतिविधियों में लिप्त कई बच्चों की पहुँच अपने घर के पैसों तक हो जाती है और गेम में डिजाइन किए गए लालच के जाल में फंसकर वे अपने माता-पिता की मेहनत से कमाए गए पैसे बाजी में हार जाते हैं।

तकनीकी कौशल हासिल करना और अपना ज्यादातर वक्त उसमें खो देना अलग-अलग बातें है। आज किशोरावस्था से गुजर रहे ऐसे बच्चों की संख्या बहुत ज्यादा हो चुकी है, जो अपनी पढ़ाई-लिखाई से लेकर खेल और मनोरंजन तक के लिए पूरी तरह डिजिटल संसाधनों पर निर्भर होते जा रहे हैं और दोस्ती या खेलों की वास्तविक दुनिया से कटते जा रहे हैं। इसी क्रम में कोई बच्चा इंटरनेट पर कब किस अवांछित गतिविधियों में अपना वक्त जाया करने लगता है, अभिभावकों को अंदाजा भी नहीं हो पाता। ऑनलाइन गतिविधियों का लती हो चुका बच्चा जब किसी जानलेवा जंजाल में फंस जाता है, तब जाकर अभिभावक चिंतित होते हैं। मगर तब तक कई बार देर हो चुकी होती है।

सवाल है कि इस तरह के अंजाम तक आने से पहले जिस तरह की स्थितियां बनती हैं, अभिभावकों को उन पर गौर करना, बच्चों को वक्त देना, उन्हें असली दुनिया में वापस लाना जरूरी क्यों नहीं लगता? वहीं सरकार ने भी सट्टेबाजी की तरह खेले जाने वाले ऑनलाइन खेलों की दुनिया को लगभग खुला छोड़ रखा है। नतीजतन, समाज से लेकर सरकार तक की बहुस्तरीय लापरवाही के शिकार हमारे मासूम हो रहे हैं।

## कुछ नया, कुछ अलग •

# नारी शक्ति की आराधना और उपासना का पर्व नवरात्रि



श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

नमस्ते मित्रों,
सम्पूर्ण विश्व में यदि कोई संस्कृति ऐसी है जहाँ आज भी नारी को सम्मान और श्रद्धा के साथ देवी के रूप में पूजा जाता है, तो वह हमारी सनातन संस्कृति है। इसलिए हमारे यहाँ कहा गया है, 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः' अर्थात् जहाँ नारी को भगवान मानकर पूजा जाता है, वहाँ देवता स्वयं निवास करते हैं। यहाँ नारी को सृष्टि की मूल चेतना के रूप में देखा गया है। सनातन संस्कृति में नारी को शक्ति, सरस्वती, लक्ष्मी और महाकाली जैसे अनेक रूपों में पूजा जाता है।

इसी नारी शक्ति की उपासना और आराधना का पावन पर्व है - नवरात्रि। भारत में नवरात्रि सामान्यतः वर्ष में दो बार मनाई जाती है। चैत्र माह में आने वाली नवरात्रि को 'चैत्र नवरात्रि' कहा जाता है, जिसे विशेष रूप से उत्तर भारत में हिंदू नववर्ष के प्रारंभ के रूप में मनाया जाता है। इस नवरात्रि का अंतिम दिन रामनवमी के रूप में मनाया जाता है। वहीं आश्विन माह में मनाई जाने वाली शारदीय नवरात्रि वर्ष की सबसे प्रमुख और व्यापक रूप से मनाई जाने वाली नवरात्रि है। इसका समापन विजयादशमी या दशहरा के पर्व के साथ होता है। नवरात्रि का पावन पर्व आदिकाल से ही स्त्री शक्ति के सम्मान और प्रतिष्ठा का प्रतीक रहा है। माँ दुर्गा शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री जैसे अपने नौ स्वरूपों में सदियों से मानवता की रक्षा करती आ रही हैं। यदि भक्त सच्चे भाव और भक्ति से माँ की सेवा और आराधना करे, तो माँ दुर्गा उसकी मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण करती है। भगवती अपने प्रत्येक स्वरूप में भक्तों की इच्छा पूर्ण करने में सामर्थ्यवान है। नवरात्रि के नौ दिनों को तीन भागों में बाँटा जाता है, जहाँ पहले तीन दिन महाकाली, मध्य के तीन दिन महालक्ष्मी और अंतिम तीन दिन महासरस्वती को समर्पित होते हैं। महाकाली तमोगुण की अधिष्ठात्री देवी मानी जाती हैं, जो अज्ञान और नकारात्मकता का नाश करती है। महालक्ष्मी रजोगुण की प्रतीक है, जो जीवन में धन, वैभव और समृद्धि प्रदान करती है। वहीं महासरस्वती सतोगुण का प्रतिनिधित्व करती है और ज्ञान, बुद्धि और विवेक की देवी मानी जाती हैं।

एक पौराणिक कथा के अनुसार महिषासुर नामक असुर ने ब्रह्मा जी को प्रसन्न करने के लिए कठोर तपस्या की। उसकी तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्मा जी ने उसे वरदान दिया कि उसका वध किसी भी पुरूष द्वारा नहीं हो सकेगा। इस वरदान के कारण वह अत्याचारी और अहंकारी बन गया। उसने स्वर्गलोक पर अधिकार कर लिया। तब सभी देवता ब्रह्मा, विष्णु और शिव जी के पास पहुँचे। तीनों ने मिलकर माँ दुर्गा का सृजन किया। माँ दुर्गा और महिषासुर के बीच नौ दिनों तक भीषण युद्ध हुआ। अंततः दशवें दिन माँ दुर्गा ने महिषासुर का वध कर दिया। इसी विजय को आज हम दशहरा के रूप में बड़े धूमधाम से मनाते हैं। नवरात्रि के दौरान कन्या भोज का विशेष धार्मिक महत्त्व होता है। अष्टमी और नवमी के दिन नौ छोटी बालिकाओं को देवी दुर्गा के नौ रूपों का प्रतीक मानकर श्रद्धापूर्वक आमंत्रित किया जाता है। उन्हें आदरपूर्वक आसन पर बैठाकर स्वादिष्ट भोजन कराया जाता है। भोजन के बाद उन्हें उपहार स्वरूप वस्त्र या दक्षिणा भी दी जाती है। ऐसी मान्यता है कि इन बालिकाओं में स्वयं देवी का वास होता है। उनकी सेवा और पूजन करने से माँ दुर्गा अत्यंत प्रसन्न होती हैं तथा अपने भक्तों पर कृपा बरसाती हैं। जिस समय विश्व के अधिकांश देश अशिक्षा के अंधकार में डूबे हुए थे, उस समय हमारा देश स्त्री शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी था। नारी सशक्तिकरण आज भले ही एक वैश्विक मुद्दा बन चुका हो, लेकिन हमारे देश में यह भावना प्राचीन काल से ही संस्कृति और जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा रही है। नारी के हृदय में ममता, स्नेह, उदारता, आत्मीयता और वात्सल्य जैसे गुण स्वाभाविक रूप से बसे होते हैं। माँ दुर्गा आप सभी को शक्ति, स्वास्थ्य और समृद्धि प्रदान करें, इसी मंगलकामना के साथ मैं, आज की बात को यहीं अल्पविराम देना चाहता हूँ। आप सभी को शारदीय नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएँ।

या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111

## अमेरिका द्वारा ऊँचे टैरिफ का असर

# अगस्त में रूके हुए टेक्सटाइल व गारमेण्ट निर्यात में अब वृद्धि

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा भारत से सभी प्रकार के आयात पर 50 प्रतिशत की दर से टैरिफ लगा दिए जाने के कई माह बाद पहली बार देश से गारमेण्ट के निर्यात में भारी गिरावट आई है तथा टेक्सटाइल और गारमेण्ट के निर्यात में 2.73 प्रतिशत की गिरावट आई है। बहरहाल, चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान निर्यात में वृद्धि बनी हुई है, हालांकि विकास दर कम हो गई है। अप्रैल-अगस्त में वृद्धि दर 2.52 प्रतिशत रह गई, जबकि अप्रैल-जुलाई में यह 3.87 प्रतिशत थी। जानकारों का कहना है कि यदि भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ को लेकर कोई समझौता नहीं हुआ तो आगामी महीनों में निर्यात में और गिरावट की आशंका है।

उल्लेखनीय है कि विश्व बाजार में व्याप्त विषम परि-स्थतियों के बावजूद जुलाई में देश से टेक्सटाइल और गारमेण्ट निर्यात में बढ़त का दौर जारी रहा था और 5.37 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3.10 बिलियन डॉलर का स्तर छू गया था। देश से टेक्सटाइल और गारमेण्ट का एक बड़ा भाग अमेरिका को निर्यात किया जाता है और वहाँ के लिए निर्यात में आई गिरावट को अन्य देशों से निर्यात बढ़ाकर पूरी करने में समय लगेगा। अमेरिका ने 7 अगस्त से भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ दर 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दी थी तथा 27 अगस्त से 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया था। इस प्रकार अमेरिका में कुल 50 प्रतिशत अतिरिक्त बोझ भारत से आयात होने वाले सामान पर डाल दिया है, इससे वहाँ पर भारतीय सामान की मांग होने लगी है। अमेरिका का निर्यात बुरी तरह प्रभावित हुआ है, क्योंकि भारत के प्रतिस्पर्धक देशों- चीन, बांग्लादेश, वियतनाम, पाकिस्तान से आयात पर टैरिफ की दर भारत की तुलना में कम हैं। हालांकि, चीन पर ट्रंप ने अधिक टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, लेकिन फिलहाल टैरिफ वृद्धि को नवम्बर तक स्थगित किया हुआ है। अगस्त में देश से टेक्सटाइल का निर्यात गत वर्ष की तुलना में 2.79 प्रतिशत घटकर 1.696 बिलियन डॉलर रह गया, जबकि गारमेण्ट का 2.65 प्रतिशत घटकर 2.79 प्रतिशत व गिरकर 1.2324 बिलियन डॉलर रह गया।

उल्लेखनीय है कि टेक्सटाइल के निर्यात में जुलाई के दौरान कमी आई थी, लेकिन गारमेण्ट निर्यात में कई महीनों के बाद पहली गिरावट देखने को मिली है। कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्री के अनुसार अगस्त में गिरावट के बावजूद चालू वित्त वर्ष के पहले पाँच महीनों यानि अप्रैल से अगस्त के दौरान देश से टेक्सटाइल और गारमेण्ट का कुल निर्यात गत वर्ष की तुलना में टेक्सटाइल निर्यात मामूली बढ़कर 8.348 बिलियन डॉलर हो गया, जबकि गारमेण्ट का निर्यात 5.78 प्रतिशत बढ़कर 6.765 बिलियन डॉलर हो गया। इस प्रकार अप्रैल से अगस्त के दौरान टेक्सटाइल और गारमेण्ट का निर्यात गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 2.52 प्रतिशत बढ़कर 15.113 बिलियन डॉलर हो गया। उल्लेखनीय है कि अप्रैल-जुलाई में टेक्सटाइल और गारमेण्ट का निर्यात 3.87 प्रतिशत बढ़कर 12.18 बिलियन डॉलर हो गया था। अगस्त में कॉटन यार्न, फैब्रिक, मेड-अप्स और हैंडलूम आदि का निर्यात 2.32 प्रतिशत घटकर 98 5.18 मिलियन डॉलर रह गया। इस मद में अप्रैल-अगस्त के दौरान निर्यात 0.62 प्रतिशत घटकर 4.865 बिलियन डॉलर रह गया। मैन-मेड यार्न, फैब्रिक्स, मेड-अप्स आदि का निर्यात 3.08 प्रतिशत घटकर 406.15 मिलियन डॉलर रह गया, जबकि अप्रैल-अगस्त के दौरान मामूली बढ़ोतरी हुई।

### टेक्सटाइल एवं गारमेण्ट निर्यात

कुल मिलाकर अप्रैल से अगस्त के दौरान देश को टेक्सटाइल और गारमेण्ट का निर्यात 15 बिलियन का स्तर पार कर गया है। कॉन्फेडरेशन का कहना है कि देश के कुल निर्यात में टेक्सटाइल और गारमेण्ट सेक्टर का योगदान 8.21 प्रतिशत पर बना रहा। उल्लेखनीय है कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान देश से टेक्सटाइल और गारमेण्ट का निर्यात बढ़कर 36.606 बिलियन डॉलर पर पहुँच गया था। इससे पूर्व वर्ष 2023-24 में टेक्सटाइल और गारमेण्ट का निर्यात 3.24 प्रतिशत घटकर 34.430 बिलियन डॉलर रह गया था। वित्त वर्ष 2022-23 में निर्यात 35.581 बिलियन डॉलर का था।

विगत दिनों भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ को लेकर नई दिल्ली में बातचीत हुई है। सरकार का कहना है कि इस बातचीत से सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं। जानकारों का कहना है कि राष्ट्रपति ट्रंप के बदलते रूख को देखते हुए आशा है कि भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ दरों को लेकर कोई समाधान निकल आएगा। इसी बीच विभिन्न रेटिंग एजेंसियों ने टेक्सटाइल और गारमेण्ट उद्योग की रेटिंग में कमी की है। हालांकि यूके, आस्ट्रेलिया और भी कुछ देशों के साथ व्यापार संधि होने से देश से गारमेण्ट के निर्यात में वृद्धि होगी, लेकिन उसमें समय लग सकता है।


## सदस्यता फॉर्म

टेक्सटाइल वर्ल्ड
SINCE 1998
वस्त्र उद्योग जगत का सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र

मान्यवर,

आपको यह जानकारी देते हुए अपार हर्ष की अनुभूति हो रही है कि टेक्सटाइल उद्योग जगत का एक मात्र सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' आज दिल्ली, अमृतसर, लुधियाना, रोहतक, मुम्बई, भिवण्डी, नागपुर, अमरावती, पूना, इचलकरंजी, सोलापुर, सूरत, अहमदाबाद, गोरखपुर, आगरा, कोलकाता, ग्वालियर, रायपुर, उज्जैन, इन्दौर, रांची, हैदराबाद, सिकंदराबाद, कोयम्बटूर,बुरहानपुर, बंगलुरू, चैन्नई, सेलम, मालेगांव, इरोड़, बरेली, मुरादाबाद, भीलवाड़ा, जोधपुर, बालोतरा, पाली, जयपुर, उदयपुर सहित पूरे देश में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक सम्पूर्ण टेक्सटाइल क्षेत्र में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार है और यह सब आप जैसे जागरूक पाठकों के सहयोग से ही संभव हो पाया है।

आपके लिए 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' किस प्रकार उपयोगी है:- क्योंकि यह एक अखबार ही नहीं अपितु एक महत्त्वपूर्ण सूचना प्रदायक दस्तावेज है जिसमें पूरे देश की वस्त्र मण्डियों के समाचारों के साथ-साथ फाइबर से लेकर फैब्रिक, मशीनरी, केमिकल आदि के संबंध में केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा जारी महत्त्वपूर्ण नीतियों का समावेश होता है। यह आप के व्यापार की श्रीसमृद्धि में निश्चित रूप से अभिवृद्धि करने में सहायक सिद्ध होगा।

नोट - ऑफर सीमित समय के लिये

| वर्ष | ऑफर | प्रतियां | कोरियर द्वारा |
|---|---|---|---|
| ☐ 1 वर्ष | --------- | 24 | रू. 600 |
| ☐ 2 वर्ष | --------- | 48 | रू. 1000 |
| ☐ 4 वर्ष | +1 वर्ष की सदस्यता फ्री | 120 | रू. 2400 |

PAYMENT DETAILS
Bank Details
Name : TEXTILE WORLD
Bank Name : HDFC BANK
A/c No. : 50200085350090
IFS Code: HDFC0007042
SCAN TO PAY

हाँ, मैं 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' समाचार पत्र की सदस्यता प्राप्त करना चाहता हूँ:-
☐ एक वर्ष ☐ दो वर्ष ☐ पांच वर्ष

नाम एवं पद ........................................
कम्पनी/फर्म का नाम : ........................................
पता : ........................................
........................ पिन कोड नं. ........................ मोबाइल नं. ........................
वॉट्सएप नं. ........................ ईमेल आईडी ........................

कैटेगरी
☐ निर्माता ☐ प्रोसेसर ☐ स्पिनर ☐ निर्यातक ☐ आयातक
☐ एजेण्ट ☐ डीलर ☐ होलसेलर ☐ रिटेलर ☐ डिजाइनर
☐ कंसल्टेंट ☐ इंस्टीट्यूट ☐ अन्य ........................

डीलिंग
☐ सूटिंग ☐ शर्टिंग ☐ साड़ी ☐ ड्रेस मटीरियल ☐ रेडिमेड गारमेण्ट
☐ होजयरी ☐ मशीनरी ☐ केमिकल ☐ यार्न ☐ पैकेजिंग मटीरियल
☐ होम फर्निशिंग ☐ अन्य ........................

सदस्यता हेतु चैक/ड्राफ्ट नं. ........................ दिनांक ........................ रु. ........................ 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' के नाम से प्रेषित है।

विशेष- यदि आप पत्रकार के रूप में आपके यहां के टेक्सटाइल मार्केट की न्यूज भी हमें भेजना चाहते हैं तो कृपया 9468835188 पर whatsapp सम्पर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करालें।

417, 4th FLOOR, COMMERCIAL MALL, GOVINDAM, OLD RTO ROAD, BHILWARA-311001
Tel: 01482-237165 | E-mail: textileworldtw@gmail.com | Web: www.textileworld.org


# अक्टूबर 2025 में ग्रहों के गोचर का मेष राशि से मीन राशि तक अलग-अलग प्रभाव



### यहाँ कुछ प्रमुख ग्रहों के गोचर और उनके प्रभावों का विवरण है -

**मेष राशि** - गुरु का गोचर पंचम भाव में होगा, जो शिक्षा और संतान के लिए शुभ है। शनि की साढ़ेसाती का प्रभाव शुरू है, जो करियर में भागदौड़ और प्रयास बढ़ाएगा। राहु और शनि की युति 12वें भाव में रहेगी, जो धन और परिवार के लिए सावधानी बरतने की आवश्यकता को दर्शाती है।

**वृषभ राशि** - गुरु का गोचर चतुर्थ भाव में होगा, जो पारिवारिक जीवन और माता के स्वास्थ्य के लिए शुभ है। शनि का गोचर दशम भाव में होगा, जो करियर में उन्नति और विदेश से लाभ के अवसर प्रदान करेगा।

**मिथुन राशि** - गुरु का गोचर तृतीय भाव में होगा, जो साहस और पराक्रम में वृद्धि करेगा। शनि का गोचर नवम भाव में होगा, जो भाग्य और धर्म के लिए शुभ है।

**कर्क राशि** - गुरु का गोचर द्वितीय भाव में होगा, जो धन और परिवार के लिए शुभ है। शनि का गोचर अष्टम भाव में होगा, जो स्वास्थ्य और संबंधों में सावधानी बरतने की आवश्यकता को दर्शाता है।

**सिंह राशि** - गुरु का गोचर लग्न में होगा, जो स्वास्थ्य और व्यक्ति त्व के लिए शुभ है। शनि का गोचर सप्तम भाव में होगा, जो वैवाहिक जीवन और साझेदारी के लिए सावधानी बरतने की आवश्यकता को दर्शाता है।

**कन्या राशि** - गुरु का गोचर द्वादश भाव में होगा, जो विदेश यात्रा और आध्यात्मिकता के लिए शुभ है। शनि का गोचर षष्ठम भाव में होगा, जो स्वास्थ्य और शत्रुओं के लिए सावधानी बरतने की आवश्यकता को दर्शाता है।

**तुला राशि** - गुरु का गोचर एकादश भाव में होगा, जो आय और लाभ के लिए शुभ है। शनि का गोचर पंचम भाव में होगा, जो शिक्षा और संतान के लिए सावधानी बरतने की आवश्यकता को दर्शाता है।

**वृश्चिक राशि** - गुरु का गोचर दशम भाव में होगा, जो करियर और पदोन्नति के लिए शुभ है। शनि का गोचर चतुर्थ भाव में होगा, जो पारिवारिक जीवन और माता के स्वास्थ्य के लिए सावधानी बरतने की आवश्यकता को दर्शाता है।

**धनु राशि** - गुरु का गोचर नवम भाव में होगा, जो भाग्य और धर्म के लिए शुभ है। शनि का गोचर तृतीय भाव में होगा, जो साहस और पराक्रम में वृद्धि करेगा।

**मकर राशि** - गुरु का गोचर अष्टम भाव में होगा, जो स्वास्थ्य और संबंधों में सावधानी बरतने की आवश्यकता को दर्शाता है। शनि का गोचर द्वितीय भाव में होगा, जो धन और परिवार के लिए सावधानी बरतने की आवश्यकता को दर्शाता है।

**कुंभ राशि** - गुरु का गोचर सप्तम भाव में होगा, जो वैवाहिक जीवन और साझेदारी के लिए शुभ है। शनि का गोचर लग्न में होगा, जो स्वास्थ्य और व्यक्ति त्व के लिए सावधानी बरतने की आवश्यकता को दर्शाता है।

**मीन राशि** - गुरु का गोचर षष्ठम भाव में होगा, जो स्वास्थ्य और शत्रुओं के लिए सावधानी बरतने की आवश्यकता को दर्शाता है। शनि का गोचर द्वादश भाव में होगा, जो विदेश यात्रा और आध्यात्मिकता के लिए शुभ है ।

ज्योतिर्विद डॉ. बालकृष्ण मिश्रा
विद्या वारिधि (पी.एच.डी.), काशी
सम्पर्क - 9222041001

# बिजली दर बढ़ने से पावरलूम उद्योग अस्वस्थ

**कोल्हापुर/ राहुल खाडे**

बिजली की दर बढ़ने से पावरलूम उद्योग में फिर से अस्वस्थता फैली है। इस उद्योग को बड़े संघर्ष के बाद अतिरिक्त बिजली सहूलियत मिली थी, लेकिन उससे ज्यादा अब बिजली के दर में बढ़ोतरी हुई है। अमेरिका की आयात नीति का बड़ा असर हुआ, इससे वस्त्रोद्योग संवरने से पहले ही बिजली दर बढ़ने के चलते फिर से संकट में फँसा है। ऐसी स्थिति में दिवाली तक ही पावरलूम उद्योग शुरू रखने की मानसिकता में उद्यमी है। ऐसे में बिजली की बढ़ती दर को लेकर कोई हल नहीं निकला तो दिवाली के बाद पावरलूम उद्योग बंद होने का डर है। राज्य शासन ने एक रूपया और 75 पैसे ऐसी सहूलियत पावरलूम उद्योग को दी थी, इससे उद्योग कुछ संवर रहा था कि अमेरिका ने आयात शुल्क नीति में बदलाव करने से वस्त्रोद्योग पर बड़ा असर हो रहा है।

देश का लगभग 28 फीसदी कपड़ा अमेरिका में जाता है। ऐसे में कपड़े की मांग कम होने से पहले पावरलूमधारक चिंता में है, इससे रास्ता निकालने की कोशिश चल रही है कि बिजली की दर बढ़ने से एक नया संकट उद्योग के सामने खड़ा हो रहा है। 1 जुलाई से बिजली दर में बढ़ोतरी कर महावितरण कम्पनी ने पावरलूम उद्योग को बताया कि बिजली आकार, ईंधन अधिभार में बढ़ोतरी हुई है। साथ ही मीटर रीडिंग लेने के तरीके में बदलाव के चलते बिल बढ़े है, जिससे पावरलूम उद्योग में बड़ी अस्वस्थता फैली है। बिजली दर बढ़ने पर उसका उपाय निकालने के लिए मुख्यमंत्री तथा ऊर्जा मंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में बैठक लेने की कोशिश चल रही है, जिससे बिजली दर अगले तीन साल स्थिर रखे, ऐसी मांग है। वहीं दूसरी ओर न्यायालय के स्तर पर भी इसका विरोध किया जा रहा है।

**चंद्रकांत पाटील, अध्यक्ष, इचलकरंजी पावरलूम विव्हर्स एसोसिएशन**

बिजली दर बढ़ने से कपड़े के उत्पादन खर्चे में बढ़ोतरी हुई है। साथ ही कपड़े को मांग और दर नही मिलने से पावरलूमधारकों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो रहा है। इसके चलते कुछ हल नही निकला तो उद्योग बंद होने की संभावना है।

पृष्ठ 1 का शेषांश

# सीसीआई डिस्काउंट सेल...

क्योंकि प्रतिकूल मौसम के कारण प्रति हेक्टेयर अधिक होने की संभावना है। सरकार द्वारा कॉटन का आयात को 31 दिसम्बर तक ड्यूटी फ्री कर दिए जाने से तीन महीनों में लगभग 15 लाख गांठ का आयात हो सकता है। इसके अतिरिक्त गत वर्ष का बकाया स्टॉक भी अधिक बचा है। ऐसे में कॉटन के भाव में भारी गिरावट का अनुमान है और सीसीआई को अधिक खरीद करनी पड़ सकती है। इसे देखते हुए इस वर्ष सीसीआई ने देश के कॉटन उत्पादक राज्यों में लगभग 550 खरीद केंद्र खोलने का फैसला किया है जो एक रिकॉर्ड है।

रिकॉर्ड- जानकारों का कहना है कि एक अक्टूबर से आरंभ होने वाले कॉटन वर्ष 2025-26 में कॉटन की खरीद 140 लाख गांठ के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच सकती है। इससे पूर्व सीसीआई ने 2019-20 के दौरान 124.61 लाख गांठ की रिकॉर्ड खरीद की थी। उल्लेखनीय है कि उस वर्ष देश में कॉटन का उत्पादन 365 लाख गांठ का हुआ था। वर्ष 2020-21 में खरीद घट कर 99.33 लाख गांठ रह गई थी। बाजार में भाव एमएसपी से ऊंचे होने के कारण लगातार दो वर्ष 2021-22 और 2022-23 में सीसीआई को कॉटन खरीदने की आवश्यकता नहीं पड़ी लेकिन 2023-24 में उसने 32.84 लाख गांठ की खरीद की और चालू वर्ष में लगभग 100 लाख गांठ की खरीद की।

आवक- इसी बीच, देश की विभिन्न मंडियों नई कॉटन की आवक आरंभ हो चुकी है तथा मौसम साफ होने के कारण आगामी दिनों में इसमें सुधार होगा। सरकार ने आगामी सीजन के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य मीडियम रेशे की काटन के लिए 7,710 रुपए प्रति क्विंटल और लम्बे रेशे की कॉटन के लिए 8,110 रुपए निर्धारित किए हैं। जानकारों का कहना है कि अमेरिका द्वारा भारत से आयात पर टैरिफ लगाने के बाद टेक्सटाइल, गारमेंट आदि का निर्यात में भारी कमी की आशंका है और देश में कॉटन की खपत कम हो सकती है तथा भाव पर दबाव बन रह सकता है।

# बदलते वैश्विक जगत में व्यापार के मायने

एक कहावत आपने सुनी होगी 'एक बेवकूफ दोस्त से अक्लमंद दुश्मन ज्यादा बेहतर है'

आज हम कार्यक्षेत्र और जीवन में मित्रों को पहचानने की कोशिश करेंगे। राष्ट्रीय हित की अनदेखी करके व्यापार ज्यादा दिन नहीं चलता। यहाँ हम कुछ उदाहरणों से इसको समझने का प्रयास करते है, जो आजकल काफी चर्चित है। इनसे हम अपने जीवन को आसान बनाने वाले फैसले देखते हैं।

**Case–1** अमेरिकन प्रेसिडेंट और मस्क की दोस्ती।

**Case–2** दुर्योधन ने कृष्ण का साथ न लेकर शकुनि को चुना।

**Case–3** हमारे पड़ोसी पाकिस्तान और आतंकवादी संगठनों की मित्रता।

**Case–4** भारतीय राजनीति में राजनीतिक पार्टियों के गठबंधन की वर्तमान स्थिति।

टेक्सटाइल में घरेलु कलाकार और डिजाइनर , किसान और स्पिनर का एक-दूसरे का मिलकर कार्य करना इस उद्योग को आगे बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है। संगठन के आंतरिक और बाहरी ग्राहक में बेहतर तालमेल सबको फायदा देता है।

मानव का स्वभाव है कि वह तब तक मूर्ख नहीं बन सकता, जब तक वह लालच, स्वार्थ, ईर्ष्या या खुदगर्ज का लिबासा नहीं ओढ़ता। इनमें स्वार्थ के लिए बनने वाले दोस्त, आपकी पहुँच का फायदा उठाने वाले दोस्त या समय के अनुसार बनने वाले दोस्त खतरनाक होते हैं। कहा जाता है कि शराब, सिगरेट, तम्बाकू खाने वाले अपने दोस्त ढूंढ लेते हैं यानी एक जैसे शौक रखने वाले लोग जल्दी मित्र बन जाते हैं।

आज की राजनीति में दोस्ती के मतलब के अलग ही नजरिया है, जैसे यहाँ न तो कोई परमानेंट दोस्त होता है और न ही कोई दुश्मन। इससे पब्लिक सर्वेंट्स और पब्लिक की स्थिति दयनीय बन जाती है। विश्व में दोस्ती के मायने दुश्मन का दुश्मन दोस्त एवं अपने स्वार्थ के लिए दोस्त बनाना देखा जाता है। व्यापारी के लिए भी कहा गया है कि अपने ग्राहकों को मित्र बनाए, न कि मित्रों में ग्राहक ढूंढे। एक बात तो तय है कि मित्रता अपने साथ वालों और अपने जैसी सोच वाले लोगों के साथ लम्बी चल सकती है।

आज बैंकों की धोखाधड़ी में आदमी कहीं न कहीं खुद का लालच भी जिम्मेदार है। एक प्रकार के रिश्तें, हमें जन्म से प्राप्त होते हैं, मगर कुछ हम चुनते है, इनमें मित्र भी आते हैं। अभी कुछ दिन पहले हमने श्री कृष्ण जी का जन्मदिन मनाया, जो जीवन के लिए जरूरी है, वह उन्होंने हमें गीता में बताया। एक सखा बनकर उन्होंने अपने मित्र सुदामा के पैर धोए, राजा होकर भी गाय चराई, अर्जुन का रथ हाका, अर्जुन की भीष्म पितामह से रक्षा करी इत्यादि।

मेरा मानना है कि मित्र का काम दोस्ती के अलावा अच्छी सलाह भी देना होता है और अपने मित्र को शिक्षक बन सही मार्गदर्शन भी देना होता है। जहाँ पर शिक्षक का काम खत्म होता है, वहाँ से गुरू का काम शुरू होता है। गुरू वह है, जो हमें ज्ञान देकर सर्वांगिक विकास कर जीवन को सफल बनाने में मदद करें। जरूरी नहीं है कि शिक्षक सिर्फ कॉलेज या स्कूल में पढ़ाने वाला ही हो। वह घर मे मां, पिता, भाई-बहिन, चाचा-ताऊ, भूआ-मौसी, दादा, नानी इत्यादि के रूप में भी होता है। हम सभी से शिक्षा ले सकते हैं, मगर उसके लिए हमें अपने को खुला रखना होगा, क्योंकि बन्द मुट्ठी न तो कुछ ले सकती, न दे सकती है।



**श्री सुनील भटनागर**
प्रोफेसर एवं टेक्सटाइल कन्सलटेन्ट
सम्पर्क-74258 13125

हमें ध्यान उन कारणों पर देना है, जिसने जापान को बुजुर्गों का देश बना दिया है और आज वह मैन पावर के लिए दूसरों पर निर्भर है। आज भारत में एक अलग प्रकार की चुनौती है कि युवा सरकारी नौकरी की तरफ ज्यादा आकर्षित है, जिसमें पेंशन जैसी सुविधा होती है।

क्या इस चुनौती के लिए हमने तैयारी करी है?

इसलिए, आज टेक्सटाइल में AI, रोबोटिक्स, ऑटोमेशन, नई रेशे, टेक्निकल कपड़ों का बाजार, कामगारों में स्किल का होना, नई तकनीक को अपनाना, पर्यावरण के प्रति जागरूकता इत्यादि इस उद्योग को एक तरफ बेहतर संभावना देता है, जबकि दूसरी तरफ कार्यक्षेत्र में सुविधाओं में कमी, टेक्सटाइल का पड़ोसी देशों की तरफ आकर्षण, कारीगरों का पलायन, सस्ते के लिए लोकल सप्लाई जैसी चुनौतियों की अनदेखी को भी नजरअंदाज नहीं कर सकते।






Postal Registration No BHILWARA/208/2024-2026 RNI Registration No. 71772/98









## आगामी सीजन की तैयारी में जुटे रिटेलर्स

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय...** गारमेण्ट में कारोबारी हलचल अभी कमजोर है और खुदरा ग्राहकी भी शिथिल है। जीएसटी के स्लैब बदलने के बाद गारमेण्ट सस्ता होने की संभावना से नये माल की खरीदी कम हो गई है। रिटेलर्स पुराने स्टॉक बेचने पर जोर दे रहे हैं। श्राद्धपक्ष होने से ग्राहकों का रूझान खरीदी करने में कम है, परंतु नवरात्रि से बाजारों में हलचल बढ़ने की आशा है। नवरात्रि से ही जीएसटी की नई दरें लागू हो रही है। नई स्लैब में 2500 रू. और इससे कम कीमत के वस्त्रों पर पाँच प्रतिशत जीएसटी का प्रावधान है, जबकि 2500 रू. से अधिक कीमत के परिधानों पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाई गई है। इस कारण कुछ गारमेण्ट सस्ता तो कुछ महंगे होंगे। गारमेण्ट की नई खरीदी में पूरी सतर्कता दिखाई दी है। इकाइयों में गारमेण्ट का उत्पादन धीमा, किंतु जारी है। यद्यपि निर्यात में भारी गिरावट की आशंका से त्योहारी सीजन में स्थानीय बाजारों पर बिक्री का दारोमदार बढ़ गया है। शेषांश पृष्ठ 06...


















स्वत्वाधिकारी एसएसएस मीडिया पब्लिकेशन्स (प्रा.) लि. की तरफ से मुद्रक एवं प्रकाशक योगेन्द्र शर्मा के लिए डी.बी. कॉर्प लि., 10, जेएलएन मार्ग, जयपुर, (भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, टोंक रोड़, जयपुर) से मुद्रित एवं सी-127, आर.के. कॉलोनी, भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक-योगेन्द्र शर्मा।




22 सितम्बर से 6 अक्टूबर 2025
SINCE 1998
टेक्सटाइल वर्ल्ड Corporate
शुभ नवरात्रि

## टेक्सटाइल इंडस्ट्री को मिली बड़ी राहत

# FOSTTA ने GST काउन्सिल के ऐतिहासिक निर्णयों का किया स्वागत

**सूरत/ भारत की अर्थव्यवस्था के महत्त्वपूर्ण स्तंभ टेक्सटाइल उद्योग को नई ऊर्जा और गति देने वाले GST काउन्सिल की 56वीं बैठक में लिए गए फैसलों का फेडरेशन ऑफ सूरत ट्रेड एंड टेक्सटाइल एसोसिएशन (FOSTTA) ने हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया है। बैठक में टेक्सटाइल सेक्टर के विभिन्न घटकों पर GST दरों में कटौती करते हुए उन्हें एक समान टेक्स स्लैब में लाने का महत्त्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इस कदम को उद्योग जगत ने न केवल सराहा, बल्कि इसे 'गेम चेंजर' बताते हुए भविष्य के लिए अत्यंत लाभकारी करार दिया। इससे व्यापारिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी, कच्चे माल की लागत कम होगी और उत्पादन से लेकर अंतिम उपभोक्ता तक एक सरल एवं स्थिर टेक्स संरचना तैयार होगी। इस ऐतिहासिक निर्णय का प्रभाव केवल सूरत तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि देशभर के कपड़ा बाजारों में उत्साह का संचार करेगा। विशेषकर MSME और छोटे उद्योगों को इससे बड़ा लाभ मिलेगा, जिससे उनके लिए प्रतिस्पर्धा के नए अवसर खुलेंगे। त्योहारी सीजन को देखते हुए यह राहत कारोबार में तेजी लाएगी और रोजगार सृजन को भी बढ़ावा देगी।**

### त्योहारी सीजन में बढ़ेगी रौनक

GST दरों में कटौती का सकारात्मक असर आगामी त्योहारी सीजन में साफ दिखाई देगा। व्यापारी वर्ग का मानना है कि इससे उपभोक्ता खर्च में बढ़ोतरी होगी और बाजार में मांग में तेजी आएगी। परिणामस्वरूप टेक्सटाइल इंडस्ट्री को न केवल वित्तीय मजबूती मिलेगी, बल्कि देश की GDP में भी महत्त्वपूर्ण योगदान बढ़ेगा। GST काउन्सिल के इन रिफॉर्म्स को उद्योग जगत ने एक 'नए युग की शुरूआत' बताया है, जिससे टेक्सटाइल व्यापार का भविष्य और अधिक उज्ज्वल होने की उम्मीद है।

### FOSTTA का सरकार से निवेदन : प्रीमियम गारमेण्ट्स पर 18% GST पर पुनः विचार करें



श्री कैलाश हाकिम
प्रेसिडेंट FOSTTA

हालांकि, बैठक में लिए गए सकारात्मक निर्णयों के बावजूद कुछ प्रीमियम रेडीमेड गारमेण्ट्स – जैसे लहंगा, शेरवानी और अन्य उच्च मूल्य के परिधान जिनकी कीमत 2500 रू से अधिक है – पर 18 % GST को यथावत रखा गया है। सूरत के रेडीमेड गारमेण्ट व्यापारियों का कहना है कि यह ऊँची दर उपभोक्ताओं के बीच असमंजस पैदा कर सकती है और बिक्री पर असर डाल सकती है। FOSTTA ने इस मुद्दे पर भारत सरकार एवं माननीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमणजी से पुनर्विचार करने का विनम्र आग्रह किया है, ताकि सम्पूर्ण टेक्सटाइल उद्योग को समान रूप से लाभ मिले और व्यापारिक गतिविधियों में और अधिक पारदर्शिता व सरलता आ सके।

FOSTTA के प्रेसिडेंट श्री कैलाश हाकिम ने कहा, GST काउंसिल के ये निर्णय न केवल टेक्सटाइल उद्योग, बल्कि पूरे देश की अर्थव्यवस्था के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने उद्योग जगत की मांग को समझते हुए जो कदम उठाए हैं, वह निश्चित ही उद्योग को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। हमारा मानना है कि यदि प्रीमियम रेडीमेड गारमेण्ट्स पर लागू 18% GST को भी घटाया जाए, तो यह निर्णय पूर्ण रूप से उद्योगहित में होगा और व्यापारियों के साथ उपभोक्ताओं को भी बड़ी राहत मिलेगी।'

सूरत, जो देश की टेक्सटाइल राजधानी के रूप में जाना जाता है, इस निर्णय से खासा लाभान्वित होगा। यहाँ के हजारों लघु एवं मध्यम उद्योग, विवर्स, व्यापारी और कारीगरों के लिए यह राहत रोजगार सृजन और आर्थिक प्रगति का नया द्वार खोलेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इन सुधारों से भारतीय टेक्सटाइल सेक्टर वैश्विक बाजार में और मजबूत स्थिति में पहुँचेगा तथा 'मेक इन इंडिया' मिशन को गति मिलेगी।

# J. Hampstead की नांदेड़ में एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस उत्साह के साथ सम्पन्न








नांदेड़/ मेन्स वियर फैब्रिक के प्रतिष्ठित ब्राण्ड J. hampstead द्वारा निरंतर अलग-अलग शहरों में कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कम्पनी को भरपूर बुकिंग के साथ-साथ अच्छा प्रतिसाद भी मिल रहा है। हाल ही में कम्पनी द्वारा मराठवाड़ा में कॉन्फ्रेंस की जा रही है, जिसमें औरंगाबाद के सफल आयोजन के बाद कम्पनी ने नांदेड के आकृति होटल में 9 सितंबर 2025 को कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ कम्पनी के रीजनल मैनेजर श्री नवल गुप्ता, स्थानीय एजेंट श्री रामनिवास करवा, सेल्स अधिकारी श्री आशीष मिश्रा एवं मराठवाड़ा के दूरदराज से पधारे प्रतिष्ठित व्यापारी भाइयों के द्वारा कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ किया गया।

J.HAMPSTEAD
WORLD'S FINEST FABRIC & APPAREL

श्री नवल गुप्ता ने बताया कि कम्पनी की सम्पूर्ण टीम उत्साह से भरी हुई है, क्योंकि J. hampstead द्वारा वर्ष 2025 की धमाकेदार शुरूआत की गई। इस दौरान कम्पनी की PV, TR, PVW, PW, GIZA COTTON, LINEN AND FASHION की सम्पूर्ण रेंज एवं कैटलॉग की लॉञ्चिंग की गई, जिसे देखकर व्यापारी मंत्रमुग्ध हो गए। श्री गुप्ता ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस की सफलता का श्रेय दूरदराज से पधारे व्यापारी भाइयों को देते हैं, जिन्होंने अपना अमूल्य समय निकलकर इस कॉन्फ्रेंस को सफल बनाया है। हम सभी व्यापारी भाइयों को दिल की गहराई से धन्यवाद करते हैं कि आप सभी इस कॉन्फ्रेंस में पधारे एवं इस आयोजन को सफल बनाया।






# FABEXA-TNC न्यू क्लॉथ मार्केट में मेगा फैब्रिक एग्जीबिशन

## 17 से 22 नवंबर तक देशभर के 10,000 से अधिक गारमेंट व्यापारियों का होगा संगम | मस्कती क्लॉथ मार्केट महाजन एवं न्यू क्लॉथ मार्केट अहमदाबाद का अनूठा आयोजन

**अहमदाबाद/ सत्य प्रकाश...** भारतीय कॉटन इंडस्ट्री की ऐतिहासिक नगरी अहमदाबाद, जिसे देश का मैनचेस्टर ऑफ इंडिया कहा जाता है, नवंबर माह में एक ऐतिहासिक और माइलस्टोन आयोजन का साक्षी बनने जा रही है। अहमदाबाद की 120 वर्ष पुरानी और सबसे प्रतिष्ठित कपड़ा व्यावसायिक संस्था 'मस्कती क्लॉथ मार्केट महाजन (MCMM) तथा इसकी शाखा न्यू क्लॉथ मार्केट एसोसिएशन मिलकर FABEXA-TNC नामक मेगा एग्जीबिशन का आयोजन कर रही हैं। यह आयोजन आगामी 17 से 22 नवंबर 2025 तक अहमदाबाद के न्यू क्लॉथ मार्केट परिसर में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। FABEXA-TNC न केवल एक प्रदर्शनी है बल्कि अहमदाबाद और पूरे भारतीय टेक्सटाइल सेक्टर के लिए वन-स्टॉप सोर्सिंग प्लेटफॉर्म बनेगा। यह आयोजन फैब्रिक निर्माताओं और गारमेंट निर्माताओं के लिए एक माइलस्टोन इवेंट साबित होगा, जो अहमदाबाद को वैश्विक स्तर पर फैशन और फैब्रिक हब के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाएगा। यह पहली बार होगा जब किसी संस्था द्वारा पूरे मार्केट परिसर को प्रदर्शनी स्थल में परिवर्तित किया जाएगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य देशभर के गारमेंट व्यापारियों, ब्राण्ड्स और बाइंग हाउसेस को अहमदाबाद के फैब्रिक निर्माताओं की आगामी सीजंस की तैयारियों को देशभर के गारमेंट निर्माताओं के समक्ष शोकेस करना है, तथा अहमदाबाद मंडी से उनकी सोर्सिंग को सुगम बनाना है।

### FABEXA का नया अध्याय

मस्कती क्लॉथ मार्केट महाजन द्वारा अब तक अहमदाबाद, मुंबई, दिल्ली सहित विभिन्न शहरों में FABEXA के 10 सफल एग्जीबिशन आयोजित किए जा चुके हैं। लेकिन इस बार का आयोजन पूरी तरह से अनोखा और ऐतिहासिक होगा, क्योंकि यह मार्केट के भीतर ही आयोजित किया जा रहा है। न्यू क्लॉथ मार्केट में कार्यरत 300 से 400 फैब्रिक सप्लायर इस प्रदर्शनी में भाग लेंगे। यह आयोजन न केवल अहमदाबाद बल्कि पूरे देश की टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए एक नया बेंचमार्क स्थापित करेगा। FABEXA-TNC में मेंस, वूमेंस और किड्स वियर के लिए उच्च गुणवत्ता वाले फैशनबल फैब्रिक्स प्रदर्शित किए जाएंगे। अहमदाबाद की मेजबानी, क्वालिटी और डिज़ाइनिंग इस आयोजन को खास बनाएगी।

### श्री गौरांग भगत का विज़न अब साकार

इस मेगा इवेंट के सूत्रधार MCMM प्रेसिडेंट श्री गौरांग भगत हैं। उन्होंने 3-4 वर्ष पूर्व न्यू क्लॉथ मार्केट कम्युनिटी को यह विचार प्रस्तुत किया था, जो अब साकार हो रहा है। श्री भगत ने अहमदाबाद की टेक्सटाइल इंडस्ट्री के विकास के लिए कई बोल्ड स्टेप्स उठाए हैं। उन्होंने कहा FABEXA-TNC को हम नेक्स्ट लेवल का आयोजन बनाने की योजना कर रहे हैं। पूरे न्यू क्लॉथ मार्केट को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। देशभर से गारमेंट लाइन के बड़े व्यापारी, कॉरपोरेट हाउसेस, ब्राण्ड्स और बाइंग हाउसेस को आमंत्रित किया जाएगा। यह आयोजन न्यू क्लॉथ मार्केट कम्युनिटी के लिए एक वरदान साबित होगा।

### देशभर से जुटेंगे 10,000+ गारमेंट व्यापारी

आयोजकों के अनुसार, इस प्रदर्शनी में पूरे भारत के प्रमुख गारमेंट हब्स से 10,000 से अधिक व्यापारी भाग लेंगे। मुख्य गारमेंट केंद्र जैसे मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता, जयपुर, इंदौर आदि गारमेंट उत्पादन मंडियों के बड़े गारमेंट ब्राण्ड्स, बाइंग हाउसेस और कॉरपोरेट हाउसेस आयेंगे। इनमें से 2000 से अधिक प्रमुख व्यापारियों को आयोजक समिति द्वारा यात्रा, होटल एवं भोजन की निःशुल्क सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। विशेष व्यापारियों को एयर टिकट और प्रीमियम होटल अकोमोडेशन की भी व्यवस्था होगी।

### FABEXA-TNC न्यू क्लॉथ मार्केट कम्युनिटी और अहमदाबाद टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए एक वरदान बनेगा -श्री गौरांग भगत



MCMM प्रेसिडेंट श्री गौरांग भगत ने FABEXA-TNC आयोजन के महत्व और योजना को विस्तार से साझा करते हुए कहा 'हम इस आयोजन को FABEXA के नए अध्याय के रूप में नेक्स्ट लेवल पर ले जाने की योजना बना रहे हैं। पूरे न्यू क्लॉथ मार्केट को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा, ताकि विजिटर्स और गारमेंट व्यापारी दोनों के लिए यह अनुभव अविस्मरणीय हो। देशभर से गारमेंट लाइन के बड़े व्यापारी, कॉरपोरेट हाउसेस, ब्राण्ड्स और बाइंग हाउसेस को आमंत्रित किया जा रहा है। इसमें न्यू क्लॉथ मार्केट के लगभग 300-400 फैब्रिक सप्लायर भाग लेंगे, जो उच्च गुणवत्ता वाले मेंस, वूमेंस और किड्स वियर के फैशनबल फैब्रिक्स प्रदर्शित करेंगे। FABEXA-TNC केवल एक ट्रेड शो नहीं है, बल्कि यह न्यू क्लॉथ मार्केट कम्युनिटी और पूरे अहमदाबाद टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए एक रणनीतिक और प्रेरक मंच है। यह आयोजन व्यापारियों और निर्माताओं दोनों को नए अवसर, नेटवर्किंग और इनोवेशन के अनुभव प्रदान करेगा।

इसके माध्यम से देशभर के गारमेंट निर्माता नए डिजाइन और इनोवेटिव फैब्रिक्स का चयन कर सकेंगे और आने वाले त्योहार, ईद, शादी-ब्याह और समर सीजन की तैयारियों के लिए आवश्यक सामग्री सीधे अहमदाबाद से प्राप्त कर सकेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि FABEXA-TNC न्यू क्लॉथ मार्केट कम्युनिटी के लिए वरदान साबित होगा और अहमदाबाद टेक्सटाइल इंडस्ट्री की साख और प्रतिष्ठा को और मजबूत बनाएगा।'

उन्होंने आगे कहा कि FABEXA-TNC में केवल गारमेंट फैब्रिक्स ही नहीं, बल्कि बेडशीट और कर्टेन के विविध विकल्प भी प्रदर्शित किए जाएंगे। गारमेंट व्यापारियों के साथ-साथ होम-टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए भी अवसर। इस प्रकार, FABEXA-TNC में मेंस, वूमेंस, किड्स वियर फैब्रिक्स के साथ-साथ होम-टेक्सटाइल के बेडशीट और कर्टेन प्रोडक्ट्स की विस्तृत रेंज देखने और सोर्स करने का अवसर मिलेगा। इससे अब न्यू क्लॉथ मार्केट सिर्फ गारमेंट के लिए नहीं, बल्कि पूरे होम-टेक्सटाइल और फैब्रिक इंडस्ट्री के लिए एक मल्टी-कैटेगरी मेगा प्लेटफॉर्म बनकर उभर रहा है।

### FABEXA-TNC गारमेंट इंडस्ट्री के लिए फैब्रिक सोर्सिंग का प्रमुख प्लेटफॉर्म बनेगा -श्री बाबूलाल सोनीगरा



मस्कती क्लॉथ मार्केट महाजन के कोषाध्यक्ष और भावना इंपैक्स के डायरेक्टर श्री बाबूलाल सोनीगरा ने FABEXA-TNC एग्जीबिशन पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा, MCMM द्वारा आयोजित FABEXA एग्जीबिशन के सभी एडिशन बेहद सफल रहे हैं। इन आयोजनों ने अहमदाबाद के फैब्रिक निर्माताओं की पहचान बढ़ाई है और देशभर के गारमेंट निर्माताओं को सोर्सिंग के नए अवसर प्रदान किए हैं। इस बार न्यू क्लॉथ मार्केट में FABEXA-TNC एडिशन का आयोजन किया जा रहा है, जिसका लाभ सीधे न्यू क्लॉथ मार्केट कम्युनिटी को मिलेगा। यह प्लेटफॉर्म फैब्रिक निर्माताओं और गारमेंट व्यापारियों दोनों के लिए नए डिजाइन, इनोवेशन और कॉन्टैक्ट्स के अवसर प्रदान करेगा। मुझे विश्वास है कि FABEXA-TNC पूरे देश की गारमेंट इंडस्ट्री के लिए एक मजबूत और प्रभावशाली प्लेटफॉर्म साबित होगा।'

श्री सोनीगरा ने यह भी बताया कि FABEXA-TNC में अहमदाबाद के बेडशीट और कर्टेन क्लॉथ निर्माता भी बड़े पैमाने पर भाग ले रहे हैं। उनका कहना है, 'अहमदाबाद टेक्सटाइल इंडस्ट्री का उत्पादन डोमेस्टिक के साथ-साथ अमेरिका और यूरोप में भी निर्यात होता है। यह एग्जीबिशन न केवल गारमेंट फैब्रिक, बल्कि होम टेक्सटाइल सेक्टर के लिए भी महत्वपूर्ण अवसर पेश करेगा। छोटे और मध्यम निर्माता भी इस मंच के माध्यम से बड़े व्यापारिक नेटवर्क से जुड़ सकते हैं और अपनी मार्केट पहुंच को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक बढ़ा सकते हैं।'

**अहमदाबादः हर गारमेंट के लिए फैब्रिक की धरती...** न्यू क्लॉथ मार्केट परिसर अहमदाबाद के कॉटन एवं ब्लेंडेड फैब्रिक मैन्युफैक्चरर्स का प्रमुख केंद्र है। यहां मेंस, वूमेंस और किड्स वियर के लिए टॉप-टू-बॉटम सभी परिधानों के फैब्रिक्स बनते हैं। विशेष फैब्रिक वैरायटी की बात करें तो कॉटन और नैचुरल फैब्रिक्स अहमदाबाद की पहचान है। कॉटन लाइक्रा सूटिंग्स, निटेड फैब्रिक्स, प्रिण्टेड और प्लेन डिजाइनर शर्टिंग्स, ब्लेंडेड फैब्रिक्स, कॉटन-लाइक्रा और डेनिम फैब्रिक्स, ड्रेस मटेरियल आदि में अहमदाबाद का खास मुकाम है। ओवरऑल देखा जाए तो अहमदाबाद भारत में पहने जाने वाले लगभग हर परिधान के लिए फैब्रिक का उत्पादन करता है, जो इसे देश का सबसे बड़ा सोर्सिंग सेंटर बनाता है। FABEXA-TNC एग्जीबिशन इस विविधता को एक ही मंच पर प्रस्तुत करेगा, जिससे देशभर के गारमेंट निर्माता अपने ब्रांड्स के लिए नए इनोवेटिव फैब्रिक चुन सकेंगे। दिवाली के बाद सभी त्योहार, ईद, शादी और समर सीजन के लिए फैब्रिक निर्माता नई और इनोवेटिव कलेक्शन्स पेश करेंगे, जिससे यह आयोजन गारमेंट इंडस्ट्री के लिए एक अद्वितीय अनुभव साबित होगा।

**भविष्य की खरीदारी का परफेक्ट टाइमिंग...** यह आयोजन दिवाली के एक माह बाद, यानी 17 से 22 नवंबर के बीच आयोजित होगा। यह समय गारमेंट निर्माताओं के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे इस दौरान आने वाले सीजनों जैसे ईद, शादी-ब्याह सीजन, स्प्रिंग/समर सीजन की तैयारियां करते हैं। इससे यह आयोजन गारमेंट निर्माताओं को आगामी 6-8 महीनों की खरीदारी योजनाओं के लिए आदर्श अवसर प्रदान करेगा।

**न्यू क्लॉथ मार्केट बनेगा भव्य प्रदर्शनी स्थल...** आयोजन को भव्य बनाने के लिए पूरे न्यू क्लॉथ मार्केट को विशाल प्रदर्शनी स्थल में बदलने की तैयारी की जा रही है। हर गली और स्टॉल को विशेष थीम से सजाया जाएगा। विजिटर्स के लिए डिजिटल डिस्प्ले और गाइडिंग वेलकम टीम की व्यवस्था होगी। मार्केट में ही फूड और हॉस्पिटैलिटी ज़ोन बनाए जाएंगे।

**आसपास के मार्केट्स भी जोड़ें भव्यता...** यह सुझाव भी सामने आया है कि न्यू क्लॉथ मार्केट के आस-पास स्थित SAFAL 1, 2 और 3 जैसे मार्केट्स भी इसी थीम पर अपने-अपने परिसर में आयोजन करें। यदि ऐसा होता है तो यह अहमदाबाद टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए एक भव्य मेगा इवेंट में तब्दील हो जाएगा, जिसमें हजारों गारमेंट व्यापारी फैब्रिक सोर्सिंग का अद्वितीय अनुभव प्राप्त कर सकेंगे।

**अहमदाबाद इंडस्ट्री के लिए मील का पत्थर...** FABEXA-TNC न केवल एक ट्रेड शो है, बल्कि अहमदाबाद की टेक्सटाइल इंडस्ट्री की साख और शक्ति का प्रदर्शन भी है। यह आयोजन अहमदाबाद को एक बार फिर भारत के कॉटन मैनचेस्टर के रूप में स्थापित करने की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाएगा। FABEXA-TNC देशभर के गारमेंट निर्माताओं और व्यापारियों को अहमदाबाद से जोड़ेगा। यह आयोजन आने वाले वर्षों में कपड़ा उद्योग की दिशा और दशा को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।'



# वस्त्र संगम-2 : टेक्सटाइल ट्रेड फेयर-2025 शानदार सफल

## रिटेल व्यापारियों के लिए बना परफेक्ट सोर्सिंग प्लेटफॉर्म ◆ होलसेलर्स को मिला सुपर रिस्पॉन्स

इंदौर/ सत्यप्रकाश...इंदौर की प्रतिष्ठित संस्था श्रीमंत महाराजा तुकोजीराव क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन के सदस्य व्यापारियों द्वारा आयोजित 'वस्त्र संगम - 2 टेक्सटाइल ट्रेड फेयर' इंदौर के महावीर बाग में 8 और 9 सितम्बर 2025 को भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। इस फेयर ने पिछले वर्ष की सफलता को और आगे बढ़ाते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। दो दिवसीय इस आयोजन में इंदौर के शीर्ष मेन्स वियर होलसेलर्स ने स्टॉल लगाकर मल्टी-ब्राण्ड डिस्प्ले प्रस्तुत किए। देशभर से आए रिटेल व्यापारियों ने इस फेयर में बढ़-चढ़कर भाग लिया और आगामी फेस्टिव सीजन की जरूरतों के लिए जमकर खरीदारी की।









### मुख्य स्टॉल लगाने वाले व्यापारी

इस आयोजन में क्लॉथ मार्केट के प्रमुख होलसेल व्यापारी शामिल रहे - अरिहंत फैब्रिक्स, अशोक टेक्सटाइल्स, बी सी टेक्सटाइल्स, कैश वस्त्रालय, कैश टेक्सटाइल्स, एम.आर. टेक्सटाइल्स, आर. डी. टेक्सटाइल्स, श्री क्रिएशन, श्री क्रिएशन एनएक्स, सनी टेक्सटाइल्स, बाबूलाल अभय कुमार जैन, कैश क्रिएशन, जेनावत ब्रदर्स, एन. एस. ट्रेडिग कम्पनी, शरद एंड कम्पनी, सुलभ सिंटेक्स, सोमिल इंटरप्राइजेज, योगेश कम्पनी। सभी व्यापारियों ने अपने-अपने स्टॉल पर शानदार और प्रीमियम कलेक्शन पेश किया, जिसे रिटेल व्यापारियों से जबरदस्त सराहना मिली।

### आकर्षण का केंद्र बना मल्टी-ब्राण्ड डिस्प्ले

इस वर्ष का फेयर खासतौर पर फेस्टिव सीजन की तैयारियों को समर्पित था। सूटिंग-शर्टिंग और एथनिक फैब्रिक की नवीनतम डिजाइनों की विशाल रेंज और शानदार मल्टी-ब्राण्ड कलेक्शन रिटेलर्स के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। फेयर में कई प्रतिष्ठित मिलों के मालिक, सेल्स प्रतिनिधि और देशभर से आए खरीददारों की मौजूदगी ने इसे एक बड़े स्तर का ट्रेड प्लेटफॉर्म बना दिया।

### व्यापार जगत में उत्साहजनक माहौल

स्थानीय दलालों और व्यापारिक संघ का फेयर को पूरा सहयोग मिला। पूरे भारत से आए रिटेलर्स ने उत्साहपूर्वक ऑर्डर बुक किए और फेस्टिव सीजन के लिए व्यापक पैमाने पर खरीददारी की। सभी प्रतिभागी होलसेलर्स को बेहतरीन रिस्पॉन्स मिला और आयोजन को व्यापार जगत ने बेहद सफल करार दिया।

**फेयर की खासियत**

◆ देशभर से आए रिटेलर्स की शानदार भागीदारी ◆ नए ग्राहकों और नेटवर्किंग का बेहतरीन अवसर

◆ धमाकेदार उपहार योजना ने इवेंट में बढ़ाया उत्साह ◆ शानदार वातावरण और उमंग के साथ दो दिवसीय सफल समापन।

वस्त्र संगम - 2 ने यह साबित कर दिया कि इंदौर न सिर्फ मध्य भारत का, बल्कि पूरे देश का मेन्स वियर फैब्रिक ट्रेड का मजबूत केंद्र है। यह आयोजन भविष्य में और भी बड़े स्तर पर व्यापारिक संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त करेगा।












## वस्त्र संगम-2 टेक्सटाइल ट्रेड फेयर में

# श्री क्रिएशंस का शानदार प्रदर्शन

### रिटेल व्यापारियों ने की जमकर खरीदारी, आगामी सीजन के लिए मिली बेहतरीन बुकिंग

**इंदौर/ 8-9 सितंबर को आयोजित 'वस्त्र संगम-2 टेक्सटाइल ट्रेड फेयर' में इंदौर के प्रतिष्ठित होलसेल संस्थान श्री क्रिएशंस एवं श्री क्रिएशंस NX ने अपने बेहतरीन मल्टी-ब्राण्ड मेंस फैशन फैब्रिक्स डिस्प्ले से सबका ध्यान आकर्षित किया। दोनों दिनों तक उनके स्टॉल पर रिटेल व्यापारियों की जबरदस्त भीड़ देखने को मिली और शानदार बुकिंग हुई।**

**ब्राण्डेड मेंस फैब्रिक्स के प्रमुख होलसेल संस्थान...**श्री क्रिएशंस इंदौर में ब्राण्डेड मेंस फैशन फैब्रिक्स का प्रमुख होलसेल संस्थान है। इसका संचालन मेंस फैशन क्षेत्र के गहरे अनुभवी व्यापारी श्री मनोज नीमा करते हैं। रिटेल व्यापारियों की जरूरतों को अच्छी तरह समझने और उन्हें बेहतरीन कलेक्शन उपलब्ध कराने में श्री क्रिएशंस का नाम भरोसेमंद माना जाता है। यही कारण है कि रिटेल व्यापारी इनकी सेवाओं और कलेक्शन पर पूरा विश्वास करते हैं। संस्थान के कामकाज में श्री नीमा के युवा सुपुत्र श्री यश नीमा और श्री अनुभव नीमा भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

**टॉप ब्राण्ड्स की मौजूदगी...**श्री क्रिएशंस और श्री क्रिएशंस NX में देश के प्रमुख मेंसवियर ब्राण्ड्स का शानदार कलेक्शन उपलब्ध है। इनमें रीड एंड टेलर, डोनियर, अरविंद, बॉम्बे रेयान, लिनन क्लब, एब्सोल्यूटो, पीजी, गिन्नी, पुरूषम आदि टॉप ब्राण्ड्स शामिल हैं। ये सभी ब्राण्ड्स मेंसवियर फैब्रिक्स इंडस्ट्री में अपनी प्रीमियम क्वालिटी और ट्रेंडी डिज़ाइनों के लिए प्रसिद्ध हैं।

**फेस्टिव सीजन की जमकर बुकिंग...**वस्त्र संगम-2 के दौरान श्री नीमा स्वयं दोनों दिन अपने स्टॉल पर मौजूद रहे और देशभर से पधारे रिटेल व्यापारियों की विशेष आवभगत की। सभी ब्राण्ड्स के सेल्स प्रतिनिधि भी पूरे जोश के साथ अपने नवीनतम कलेक्शन को प्रस्तुत करते नजर आए। रिटेल व्यापारियों ने फेस्टिव सीजन की तैयारियों के लिए दिल खोलकर खरीदारी की और शानदार ऑर्डर बुकिंग की। इस टेक्सटाइल फेयर में श्री क्रिएशंस ने न केवल शानदार बुकिंग हासिल की बल्कि अपनी शानदार डिस्प्ले और प्रीमियम ब्राण्ड कलेक्शन के कारण जबरदस्त सुर्खियां भी बटोरीं। आयोजन स्थल पर उनके स्टॉल को लेकर रिटेलर्स में खासा उत्साह देखने को मिला।














# सियाराम्स सूटिंग-शर्टिंग का भव्य डिस्प्ले

### व्यापारियों में दिखा उत्साह

श्रीगंगानगर/ सियाराम्स कम्पनी की सूटिंग-शर्टिंग का सबसे बड़ा और विविधताओं से भरपूर डिस्प्ले अग्रवाल ट्रस्ट, बालाजी धाम के पास आयोजित हुआ। इस विशेष आयोजन का संचालन कम्पनी के अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर तर्सेम कुमार एंड कम्पनी, मोहन सन्स और तुषार फैब्रिक्स द्वारा किया गया। इस मौके पर श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिले के सैंकड़ों व्यापारियों ने पहुँचकर आगामी सीजन के लिए माल की बुकिंग दी। आयोजक तर्सेम बंसल (बंटी जी) ने बताया कि डिस्प्ले को व्यापारियों से जबरदस्त सहयोग और सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। उन्होंने कहा कि पिछले कई महीनों से बाजार में मंदी का दौर चल रहा था, लेकिन इस आयोजन ने व्यापारियों को नए सीजन को लेकर उत्साहित किया है और सभी को भरोसा है कि आने वाला शादी-ब्याह सीजन कारोबार के लिए काफी लाभदायक रहेगा।





### आकर्षक स्कीमें और ऑफर

कार्यक्रम में मेहमानों को गिफ्ट्स दिए व लक्की ड्रॉ निकाले गए तथा नाश्ते, लंच और हाई-टी की शानदार व्यवस्था की गई। डिस्प्ले में 1000 से भी अधिक फिलर्स लगाए गए, जिससे व्यापारियों को सूटिंग-शर्टिंग गिफ्ट पैक्स तथा कपड़ों की पूरी रेंज एक ही छत के नीचे देखने का अवसर मिला। डिस्प्ले में सूटिंग TR फैब्रिक, वूल ब्लैंड TR फैब्रिक, PV पेंट फैब्रिक, कॉटन और PC शर्टिंग फैब्रिक्स, पेंट-शर्ट, सफारी सूट, कोट-पेंट गिफ्ट पैक्स, प्योर कॉटन कुर्ता-पायजामा फैब्रिक और रॉयल लिनन फैब्रिक्स जैसी आकर्षक रेंज पेश की गई। यह भव्य आयोजन न केवल व्यापारियों के लिए लाभकारी रहा, बल्कि श्रीगंगानगर के कपड़ा व्यापार में भी नई ऊर्जा का संचार करता नजर आया।














# मफतलाल ने 'रिश्ते 2025' कॉन्फ्रेंस में प्रफुल्ल गाड़ोदिया एंड कंपनी को स्टार गारंटर अवॉर्ड से किया सम्मानित






**दिल्ली/कसौली**

टेक्सटाइल उद्योग की प्रतिष्ठित और ऐतिहासिक कंपनी मफतलाल इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा विगत दिनों हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध हिल स्टेशन कसौली में भव्य सेल्स कॉन्फ्रेंस 'रिश्ते 2025' का आयोजन किया गया। इस खास अवसर पर देशभर से जुड़े गारंटर एजेंसीज और डीलर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एजेंट्स और कंपनी के बीच आपसी विश्वास और व्यावसायिक संबंधों को और मजबूत करना तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली एजेंसियों को सम्मानित करना था।इस आयोजन में दिल्ली की प्रतिष्ठित एजेंसी 'प्रफुल्ल गाड़ोदिया एंड कंपनी' को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 'स्टार गारंटर अवॉर्ड' (ऑल ओवर इंडिया बेस्ट सेल्स में तृतीय स्थान) से सम्मानित किया गया। यह सम्मान मफतलाल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के वाइस चेयरमैन श्री प्रियव्रत मफतलाल ने श्री रविंद्र गाड़ोदिया, श्री प्रफुल्ल गाड़ोदिया एवं श्री प्रज्ज्वल गाड़ोदियाको प्रदान किया।

'प्रफुल्ल गाड़ोदिया एंड कंपनी' पिछले 25 वर्षों से मफतलाल इंडस्ट्रीज के ऑल टेक्सटाइल प्रोडक्ट्स की दिल्ली मंडी में सप्लाई के लिए अधिकृत गारंटर एजेंसी के रूप में कार्यरत है। इस एजेंसी के संस्थापक एवं संचालक श्री रविंद्र गाड़ोदिया एवं श्री पवन गाड़ोदिया हैं। अपने मिलनसार व्यवहार और ईमानदारी के साथ इन्होंने मफतलाल इंडस्ट्रीज के व्हाइट कॉटन फैब्रिक्स, यूनिफॉर्म फैब्रिक्स और लेडीज ड्रेस मटेरियल की सप्लाई में कंपनी को दिल्ली क्षेत्र में अग्रणी स्थान दिलाया है। वर्तमान में एजेंसी के संचालन में श्री प्रफुल्ल गाड़ोदिया और श्री प्रज्ज्वल गाड़ोदिया भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहे हैं।




# FOSTTA द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर I LOVE INDIA का भव्य आयोजन

**सूरत/ सत्य प्रकाश**

**भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में Federation of Surat Trade and Textile Associations (FOSTTA) द्वारा सूरत के 240 कपड़ा मार्केट और लगभग 70,000 व्यापारियों की उपस्थिति में I LOVE INDIA कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में सूरत की कपड़ा इंडस्ट्री ने एकजुट होकर प्रधानमंत्री जी के Vocal for Local और Make in India के संकल्प को साकार करने का संकल्प लिया। फोस्टा अध्यक्ष श्री कैलाश हाकिम ने सभी सहयोगी संस्थाओं, समाज के अग्रणियों, मार्केट के व्यापारियों एवं सहयोगियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।**



## कार्यक्रम में दिखा उत्सव का माहौल

इस अवसर पर सभी 240 कपड़ा मार्केट्स में व्यापारियों ने तिरंगा हाथों में लेकर, बैनर और होर्डिंग लगाकर प्रधानमंत्री जी का जन्मदिवस एक उत्सव की तरह मनाया। फोस्टा द्वारा आयोजित यह आयोजन केवल एक जन्मदिवस समारोह नहीं, बल्कि समाज सेवा, जनहित और स्वदेशी संकल्प का अद्वितीय संगम रहा, जिसने सूरत की कपड़ा इंडस्ट्री को एक नए आयाम पर स्थापित किया।

## मुख्य अतिथि का प्रेरक संदेश

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय केंद्रीय जल शक्ति मंत्री आदरणीय श्री सी. आर. पाटिल साहेब विशेष रूप से उपस्थित रहें। उन्होंने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री जी के Vocal for Local और Make in India अभियानों को आगे बढ़ाने के लिए सभी व्यापारियों को प्रेरित किया। उनकी उपस्थिति में सूरत के 240 कपड़ा मार्केट्स के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने जूम मीटिंग और LED स्क्रीन के माध्यम से एक साथ जुड़कर भारतीय ब्राण्ड की घड़ी पहनने का संकल्प लिया। सभी ने मिलकर प्रधानमंत्री जी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी और भारतीय उत्पादों के अधिकतम उपयोग का प्रण किया।

## साइबर अपराध सूचना पुस्तिका का विमोचन

इस अवसर पर माननीय पुलिस कमिश्नर श्री अनुपम सिंह गहलोत द्वारा 'साइबर अपराध सूचना पुस्तिका' का विमोचन किया गया। इस पुस्तिका में साइबर अपराध से बचाव हेतु विस्तृत जानकारी दी गई है, जिससे आम नागरिकों और व्यापारियों को जागरूक किया जा सकेगा।




## सामाजिक और जनहितकारी पहल

फोस्टा द्वारा इस आयोजन को केवल उत्सव तक सीमित न रखते हुए समाजहित में कई सेवा प्रकल्प भी आयोजित किए गए, जिनमें शामिल हैं :

- मेगा ब्लड डोनेशन कैंप - तेरापंथ युवक परिषद् के सहयोग से 9 कपड़ा मार्केट्स में आयोजित, जिनमें 205 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य रखा गया।
- कैंसर एवं स्वास्थ्य जाँच शिविर - मारवाड़ी युवा मंच एवं रोटरी क्लब के सहयोग से कैंसर डिटेक्शन वेन द्वारा ब्रेस्ट कैंसर, मेमोग्राफी एवं अन्य जाँचें निःशुल्क की गई। साथ ही नाक, कान, गला एवं आँखों की जाँच के शिविर भी लगाए गए।
- सामान्य स्वास्थ्य जाँच - सेवा हॉस्पिटल द्वारा ब्लड चेकअप, बीपी, शुगर, ब्लड ग्रुप, BMI जैसी जाँचें निःशुल्क की गई, जिनका 140 लोगों ने लाभ उठाया।
- ई-श्रम एवं आयुष्मान कार्ड हेल्पडेस्क - सैंकड़ों लोगों को जागरूक कर कार्ड उपलब्ध कराए गए।
- विशेष जाँच शिविर - नानावटी मेक्स हॉस्पिटल, मुम्बई की टीम द्वारा हेपेटाइटिस B, C एवं फैटी लीवर की निःशुल्क जाँचें की गई।

# आड़तिया कपड़ा एसोसिएशन, सूरत की AGM एवं मिलन समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न

सूरत/ सूरत की कपड़ा इंडस्ट्री में महत्त्वपूर्ण स्थान रखने वाली संस्था आड़तिया कपड़ा एसोसिएशन, सूरत (रजि.) द्वारा आयोजित AGM एवं मिलन समारोह' 7 सितम्बर 2025 को सिटी लाइट क्षेत्र स्थित अग्रसेन भवन में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। यह आयोजन कपड़ा व्यवसायियों के बीच आपसी संवाद, नेटवर्किंग और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रखा गया था।

इस मौके पर एसोसिएशन अध्यक्ष श्री प्रहलाद कुमार अग्रवाल एवं कार्यकारिणी समिति के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहें। अतिथियों के सम्मान के साथ-साथ कपड़ा व्यापार से जुड़े महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। समारोह के दौरान 'क्यों एजेंट फैल हो जाते हैं..?' नामक पुस्तक का औपचारिक विमोचन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कपड़ा व्यापारियों, एजेंट्स और उद्योग जगत के गणमान्य लोगों ने भाग लिया और इसे ऐतिहासिक सफलता दिलाई।







# आड़तिया कपड़ा एसोसिएशन का नेतृत्व फिर श्री प्रहलाद अग्रवाल के हाथों में

सूरत टेक्सटाइल मण्डी की प्रतिष्ठित संस्था आड़तिया कपड़ा एसोसिएशन, सूरत के अध्यक्ष पद पर श्री प्रहलाद अग्रवाल ने लगातार तीसरी बार शानदार जीत हासिल की है। लगातार तीसरी जीत के साथ श्री प्रहलाद अग्रवाल ने न सिर्फ अपनी कार्यकुशलता और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण दिया, बल्कि एसोसिएशन में एक नए युग की शुरूआत भी की।

विगत दिनों कोर कमेटी की महत्त्वपूर्ण बैठक में विजयी प्रत्याशियों को उनके पदों का कार्यभार और उन्हें विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई। इस अवसर पर श्री प्रहलाद अग्रवाल को पुनः अध्यक्ष पद पर एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री केदारनाथ अग्रवाल, मंत्री श्री महेश चंद जैन, सह मंत्री श्री सुदर्शन, कोषाध्यक्ष श्री झाबरमल गोयल, श्री आनंद मंगोराम अग्रवाल एवं श्री सत्येंद्र पांडेय उपाध्यक्ष और श्री रतन गोयल को सह कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

## लगातार तीसरी बार बने अध्यक्ष




श्री प्रहलाद अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि एसोसिएशन को नई ऊँचाइयों पर ले जाना और व्यापारियों के हितों की रक्षा करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने सभी सदस्यों का आभार जताते हुए कहा कि यह जीत एसोसिएशन के प्रति विश्वास और टीम भावना का परिणाम है। एसोसिएशन के सदस्यों ने भी श्री प्रहलाद अग्रवाल के नेतृत्व में पूर्ण विश्वास व्यक्त किया और उनके साथ मिलकर काम करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों और गणमान्य लोगों ने श्री प्रहलाद अग्रवाल और पूरी टीम को शुभकामनाएँ दी तथा आशा जताई कि एसोसिएशन आने वाले समय में और भी प्रगति करेगी।

FESTIVE SEASON SPECIAL
शुभ नवरात्रि
22 सितम्बर से 6 अक्टूबर 2025
SINCE 1998
टेक्सटाइल वर्ल्ड
SURAT'S TOP TEXTILE AGENTS EDITION
Bureau Chief-Surat
SATYA PRAKASH 9828249064

# RAMAN SYNTHETICS

## MASTER OF FANCY PURCHASE FROM ₹2,000 to 10,000



श्री सारंग जालान
प्रोपराइटर, रमन सिंथेटिक्स



श्री साकेत जालान
प्रोपराइटर, रमन सिंथेटिक्स

सूरत/ सूरत टेक्सटाइल मण्डी देशभर में वूमन्स एथनिक वियर्स के लिए जानी जाती है। इस विशाल मण्डी में हजारों सप्लायर्स और फैक्ट्रियाँ सक्रिय हैं, लेकिन इसी प्रतिस्पर्धी माहौल में 'रमन सिंथेटिक्स' ने अपने भरोसेमंद नेटवर्क और उच्च व्यापारिक सिद्धांतों के दम पर विशेष पहचान बनाई है। 'रमन सिंथेटिक्स' वर्ष 1988 से सूरत में कार्यरत है। यह फर्म पिछले 37 वर्षों से एक प्रतिष्ठित आढ़त के रूप में कार्य कर रहीं है। फर्म के प्रोपराइटर श्री सारंग जालान ने अपनी ईमानदारी, पारदर्शिता और गुणवत्ता से सप्लायर्स एवं कस्टमर के बीच एक अलग ही पहचान स्थापित की है। 'रमन सिंथेटिक्स' एक ऐसा नाम है, जिस पर सप्लायर्स एवं कस्टमर दोनों पूर्ण रूप से भरोसा करते हैं।

## वूमन्स एथनिक वियर इंडस्ट्री में बिजनेस ग्रोथ का भरोसेमंद पार्टनर

### सूरत मण्डी में मजबूत उपस्थिति

सूरत मण्डी में फैशन ट्रेंड्स हर दिन बदलते हैं और ग्राहक की डिमाण्ड के हिसाब से समय पर सप्लाई देना एक बड़ी चुनौती है। 'रमन सिंथेटिक्स' अपने 500+ सप्लायर्स नेटवर्क के साथ इस चुनौती को अवसर में बदलते हुए देशभर के बड़े होलसेलर्स और रिटेलर्स तक सूरत के नवीनतम फैशन ट्रेंड्स की समय पर आपूर्ति करता है। श्री साकेत जालान कहते हैं, 'हम हर शहर में केवल एक टॉप व्यापारी के साथ काम करते हैं और उन्हें बेस्ट प्रॉडक्ट, बेस्ट रेट्स में उपलब्ध कराते हैं। हमारा उद्देश्य ग्राहकों को वैल्यू फॉर मनी प्रॉडक्ट उपलब्ध कराना है।'

### व्यापार फ्रेंडली सिद्धांतों से ग्राहक सेवा

श्री साकेत जालान नियमित रूप से फैक्ट्रियों का दौरा करते हैं, जिससे ग्राहकों की पसंद और बाजार की मांग के अनुरूप फैशन ओरियंटेड प्रॉडक्ट्स की आपूर्ति की जा सके। श्री साकेत जालान कहते हैं कि 'हम व्यापारियों को केवल प्रॉडक्ट ही नहीं, बल्कि उनके बिजनेस ग्रोथ के लिए सही डिजाइन और उचित प्राइसिंग भी उपलब्ध कराते हैं।'

### सशक्त सेल्स नेटवर्क

'रमन सिंथेटिक्स' का सेल्स नेटवर्क उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड जैसे बड़े बाजारों में फैला हुआ है। इन राज्यों के टॉप होलसेलर्स और बड़े रिटेलर्स तक वूमन्स एथनिक वियर्स की नियमित सप्लाई की जाती है। फर्म का नेटवर्क न केवल सप्लायर्स से जुड़ा हुआ है, बल्कि फैक्ट्रियों से सीधा संपर्क भी रखता है, जिससे ग्राहकों को नवीनतम डिजाइन और ट्रेंड्स समय पर मिलते हैं।

### वूमन्स एथनिक वियर सेगमेंट फैशन और वैरायटी का संगम

'रमन सिंथेटिक्स' का मुख्य सेगमेंट वूमन्स एथनिक वियर्स है। इस श्रेणी में फर्म कई प्रीमियम प्रॉडक्ट्स की सप्लाई करती है, जिनमें शामिल हैं :

- **फैंसी साड़ियाँ** - नवीनतम डिजाइन और फैशन ट्रेंड्स के अनुरूप।
- **लहंगे** - फेस्टिव और ब्राइडल कलेक्शन में विशेषता।
- **सूट्स एवं कुर्तियाँ** - हर सीजन और अवसर के लिए डिजाइन।
- **वूमन्स गारमेण्ट्स** - मॉडर्न और ट्रेडिशनल दोनों वैरायटी।

इनकी सोर्सिंग रेंज 2,000 रूपए से 10,000 रूपए तक है, जिससे छोटे रिटेलर्स से लेकर बड़े होलसेलर्स तक हर ग्राहक की जरूरत पूरी की जा सके। फर्म का विशेष ध्यान फैंसी और हाई-फैशन उत्पादों पर रहता है, जिससे ग्राहक को बाजार में प्रतिस्पर्धा में बढ़त मिलती है।

### सूरत में मल्टी ब्राण्ड सोर्सिंग फर्म के रूप में विख्यात

### युवा नेतृत्व और विकास का नया दौर

वर्ष 2008 में श्री सारंग जालान के सुपुत्र श्री साकेत जालान ने व्यापार में प्रवेश किया। उन्होंने आढ़त प्रणाली को आधुनिक बिजनेस मॉडल के साथ जोड़ा और एजेंसी सिस्टम से नए बाजारों तक पहुँच बनाई। अपने व्यापारिक सिद्धांत TLSQ (Trust, Loyalty, Service & Quality) को अपनाकर श्री साकेत जालान ने फर्म में नवाचार किए और 'रमन सिंथेटिक्स' को वूमन्स एथनिक वियर्स की प्रमुख एजेंसी के रूप में स्थापित किया।

### भविष्य की दिशा

आज 'रमन सिंथेटिक्स' एक मल्टी-ब्राण्ड सोर्सिंग हब के रूप में सूरत मण्डी में अग्रणी फर्म है। भविष्य में यह फर्म अपने सप्लाई नेटवर्क को और विस्तार देकर देशभर के व्यापारियों को नवीनतम फैशन ट्रेंड्स और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है।

Office : C-6225, 4th Floor, Lift No. 17-E, Raghukul Textile Market, Ring Road, SURAT-395 002 (Guj.) Tel.: 0261-2343963, 2325684
SAKET JALAN : 95125 55730 I E-mail : raman.synthetics@yahoo.com

# मां शीतला एजेंसी-वूमन्स फैशन का बेस्ट सॉल्यूशन

## व्यापारियों के लिए फैशन की स्मार्ट सोर्सिंग का डेस्टिनेशन

सूरत/ सूरत की टेक्सटाइल इंडस्ट्री में वर्ष 2010 से सक्रिय 'मां शीतला एजेंसी' आज वूमन्स एथनिक वियर की स्मार्ट सोर्सिंग का एक भरोसेमंद नाम बन चुकी है। इस एजेंसी के फाउंडर एवं डायरेक्टर श्री मनीष कनोड़िया है, जिन्होंने सूरत मण्डी से उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करते हुए 'मां शीतला एजेंसी' को कस्टमर के लिए वूमन्स फैशन का बेस्ट सॉल्यूशन बनाया है। श्री कनोड़िया का कहना है कि वे उन ब्राण्ड्स और सप्लायर्स का काम करते हैं, जिनके प्रॉडक्ट फैशन ओरियंटेड, प्रीमियम क्वालिटी और बेस्ट रेट में हो। उन्होंने कहा कि 'हमारा ध्येय हमेशा से यही रहा है कि अपने ग्राहकों को 'बेस्ट प्रॉडक्ट बेस्ट रेट्स' पर उपलब्ध कराएं। हम अच्छे सप्लायर्स को सही बायर्स से जोड़ने का कार्य करते हैं, ताकि ग्राहकों को उनके क्षेत्र के फैशन ट्रेंड्स के अनुरूप बेहतरीन प्रॉडक्ट्स मिलें।



श्री मनीष कनोड़िया

Maa Sheetla AGENCY

SUNRISE TEXTILE

### सलेक्टेड सप्लायर्स पर फोकस

'मां शीतला एजेंसी' का मुख्य फोकस उन सिलेक्टेड और यूनिक सप्लायर्स पर है, जो टेक्सटाइल इंडस्ट्री में कुछ नया करना चाहते हैं । यह एजेंसी ऐसे प्रॉडक्ट्स पर ज्यादा काम करती है, जो हर जगह उपलब्ध न हों। श्री कनोड़िया कहते है, 'हम चाहते हैं कि हमारे व्यापारियों को ऐसे प्रॉडक्ट्स मिलें जो क्वालिटी और डिजाइन दोनों में अलग पहचान रखते हों।' एजेंसी साड़ियों, लहंगे, लेडीज सूट, गाउंस, क्रॉपटॉप्स और रेडीमेड वूमन्स वियर जैसे उत्पादों में कम्प्लीट सॉल्यूशन प्रदान करती है।

### फेस्टिव और वेडिंग सीजन की तैयारी पूरी

आगामी फेस्टिव और वेडिंग सीजन को ध्यान में रखते हुए एजेंसी ने काफी पहले से तैयारी शुरू कर दी थी। श्री कनोड़िया जी ने बताया कि 'फेस्टिव सीजन के लिए सेम्पलिंग दो महीने पूर्व ही पूरी कर ली गई थी और वर्तमान में व्यापारियों को माल डिस्पैच किया जा रहा है।' इस समय ग्राहकी बहुत जबरदस्त है। हमारी टीम आने वाले वेडिंग सीजन की तैयारी पूरी कर चुकी है और हमारे सप्लायर्स को ऑर्डर पहले ही दे दिए गए हैं।'

### व्यापारियों की चॉइस सर्वोपरि

'मां शीतला एजेंसी' का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देना है। श्री कनोड़िया कहते है कि 'व्यापारियों की चॉइस हमारे लिए सर्वोपरि है। बेस्ट सोर्सिंग एजेंट के रूप में व्यापारियों को बेहतरीन सेवा देना हमारी शुरूआत से ही प्राथमिकता रही है।' व्यापारियों की सुविधा के लिए श्री कनोड़िया 'सनराइज टेक्सटाइल' के नाम से आढ़त फर्म का संचालन भी कर रहे हैं।

### ग्राहक का अनुभव : 'मां शीतला एजेंसी' से बढ़ी सेल

**श्री नितिन अग्रवाल, साड़ी हाउस, मुजफ्फरपुर (बिहार), जो कई वर्षों से 'मां शीतला एजेंसी' से जुड़े हुए हैं, जो कहते हैं कि 'मां शीतला एजेंसी से जुड़ने के बाद हमारी सेल में काफी बढ़ोतरी हुई है। श्री मनीष कनोड़िया बहुत ही व्यावहारिक और विश्वसनीय व्यक्ति हैं। हमें इनसे जुड़कर ऐसा लगता है जैसे हम किसी परिवार का हिस्सा हों। पहले हम कई एजेंट्स से काम करते थे, लेकिन अब हम केवल 'मां शीतला एजेंसी' के माध्यम से ही सूरत से बेस्ट ट्रेडिंग ब्राण्ड्स के वूमन्स एथनिक वियर खरीदते हैं। इस समय हम फेस्टिव सीजन की खरीदी कर रहे हैं और बहुत ही बेहतरीन, फैशन ओरियंटेड परिधानों की सोर्सिंग करवा रहे हैं। 'मां शीतला एजेंसी' से जुड़कर हम बेहद खुश हैं और हमारा व्यापार लगातार उन्नति कर रहा है।'**

– श्री नितिन अग्रवाल, साड़ी हाउस, मुजफ्फरपुर

**MAA SHEETLA AGENCY**
Redefining The Values

MANISH KANODIA | Founder & Director +91 9616415615 | +91 9151060271

Surat Office: H 28, India Textile Market, Ring Road, Surat-395002 +91 9151060279 | Email: maasheetlaagencyaccinfo@gmail.com

Kanpur Office: 50/274, Ist Floor, Shiv Market Naughara, Kanpur 208001 M. +91 9151060274

### सूरत टेक्सटाइल इंडस्ट्री का विश्वसनीय नाम

# आड़तिया ब्रदर्स

## 1975 से शुरू हुई विरासत, आज सूरत के टॉप एजेंट्स में पहचान


श्री दिनेश आड़तिया


श्री कुशल आड़तिया

सूरत/ भारत की टेक्सटाइल इंडस्ट्री में सूरत का नाम वूमन्स एथनिक वियर की राजधानी के रूप में लिया जाता है। इसी सूरत में एक ऐसा नाम है जो परंपरा, विश्वास और आधुनिक बिजनेस मॉडल का पर्याय बन चुका है -आड़तिया ब्रदर्स। इस प्रतिष्ठित एजेंसी की नींव वर्ष 1975 में नागपुर में रखी गई थी। उस दौर में मुम्बई और अहमदाबाद की बड़ी मिलों के उत्पादों को महाराष्ट्र में मजबूत सेल्स नेटवर्क के जरिए पहुँचाने का कार्य ‘आड़तिया ब्रदर्स’ बखूबी करता था। परिवार की इस विरासत को श्री दिनेश आड़तिया ने वर्ष 1990 में आगे बढ़ाया। उन्होंने एजेंसी को आधुनिकता का नया रूप दिया और मुम्बई, अहमदाबाद, हैदराबाद तथा पाली जैसी प्रमुख प्रॉडक्शन मण्डियों के शीर्ष सप्लायर्स के साथ कारोबार शुरू किया। व्यवसाय में अब श्री दिनेश आड़तिया के सुपुत्र श्री कुशल आड़तिया भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे अपने पिताजी के साथ मिलकर सूरत में ‘आड़तिया ब्रदर्स’ के कार्यक्षेत्र का विस्तार कर रहे हैं।

**सूरत की ओर बढ़ते कदम...**जैसे-जैसे सूरत मण्डी के उत्पादों की मांग बढ़ने लगी, वैसे-वैसे श्री दिनेश आड़तिया ने सूरत को अपना मुख्य व्यापारिक केंद्र बनाने का निर्णय लिया। वर्ष 2011 में उन्होंने सूरत के सप्लायर्स के साथ छोटे स्तर पर काम शुरू किया। अपने मधुर व्यवहार और फेयर डीलिंग के कारण उन्होंने बहुत जल्दी ही सूरत के सप्लायर्स का विश्वास जीत लिया। आज वे सूरत के टॉप वूमन्स वियर ब्राण्ड्स के साथ काम कर रहे हैं। उनके सेल्स नेटवर्क में बड़े होलसेलर और रिटेलर्स जुड़े हुए हैं, जिससे उनका व्यवसाय लगातार विस्तार कर रहा है।

**वूमन्स वियर में मजबूत पकड़...**आड़तिया ब्रदर्स की खासियत है - वूमन्स एथनिक वियर। यह साड़ियों में इकोनॉमी रेंज से लेकर 15,000 रूपए तक की लोकप्रिय साड़ियों में एजेंसी काम करती है, वहीं लहंगे में 1,000 रूपए से 25,000 रूपए तक की रेंज में सूरत के टॉप ब्राण्ड्स के लहंगे इनके द्वारा उपलब्ध हैं।

**मेन्स फैशन और इम्पोर्टेड फैब्रिक्स में विस्तार...**हाल ही में एजेंसी ने मेन्स एथनिक फैब्रिक्स में कदम रखा है, जिसे बाजार से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। इसके अलावा इंडोनेशिया से इम्पोर्टेड फैब्रिक्स का भी सम्पूर्ण भारत में वितरण किया जा रहा है। ये फैब्रिक्स मेन्स और वूमन्स दोनों वियर के लिए बेहद लोकप्रिय हैं।

**त्योहारी और वेडिंग सीजन की तैयारी...**आगामी फेस्टिव और वेडिंग सीजन को लेकर श्री आड़तिया ने बताया कि फेस्टिव सीजन की ग्राहकी इस समय चरम पर व वेडिंग कलेक्शन को लेकर व्यापारी उत्साहित है। बाजार में इस समय ग्राहकी बहुत अच्छी है। रोजाना व्यापारी दिवाली सीजन की खरीददारी के लिए आ रहे हैं। कई सप्लायर्स ने नए वेडिंग टेस्ट की साड़ियां और लहंगे मार्केट में लॉन्च कर दिए हैं। अब जो व्यापारी सूरत आते हैं, वे वेडिंग कलेक्शन की प्लानिंग भी साथ में कर रहे हैं।

**विश्वसनीयता का प्रतीक...**आज ‘आड़तिया ब्रदर्स’ का नाम सूरत के टॉप टेक्सटाइल एजेंट्स में शुमार है। उनकी सफलता की कहानी यह दर्शाती है कि परम्परा और आधुनिक सोच के संगम से किसी भी व्यवसाय को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया जा सकता है। श्री दिनेश आड़तिया और श्री कुशल आड़तिया की दूरदर्शिता और मेहनत ने इस एजेंसी को टेक्सटाइल इंडस्ट्री का विश्वसनीय ब्राण्ड बना दिया है।

DINESH ADATIA : +91 93731 02661 | KUSHAL ADATIA : +91 90118 32222

Head Office: 881 to 884, Belgium Square, 8th Floor, Opp. Linear Bus Stand
Delhi Gate, Surat-395 003 (Gujarat) INDIA. Web: www.adatiabrothers.com

Branch Office: 128/129, D. J. Palace, Near Jeevan Wadi,
City Post Office Road, Itwari, Nagpur-440 002 (Maharashtra) INDIA.

Email: dineshadatia@yahoo.com | Email: adatiakushal@gmail.com

# राजू टेक्सटाइल एजेंसी

## वूमन्स वियर की स्मार्ट सोर्सिंग का परफेक्ट डेस्टिनेशन


श्री मांगीलाल राठी

सूरत/ सूरत के टेक्सटाइल उद्योग में विगत 4 दशकों से सक्रिय ‘राजू टेक्सटाइल एजेंसी’ ने देशभर के होलसेल व्यापारियों के लिए भरोसेमंद फैशन सोर्सिंग हब के रूप में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। लगातार बदलते फैशन ट्रेंड्स के बीच इस एजेंसी ने गुणवत्ता, भरोसा और आधुनिकता के संतुलन के साथ व्यापारियों की पहली पसंद बनने में सफलता हासिल की है। श्री मांगीलाल राठी के कुशल नेतृत्व और उनकी टीम की मेहनत से यह एजेंसी सूरत के फैशन उद्योग को नई ऊँचाइयों पर ले जाने के साथ-साथ आने वाले समय में सूरत और अहमदाबाद के टेक्सटाइल उद्योग को नई दिशा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रीमियम गुणवत्ता वाले प्रॉडक्ट और त्वरित सेवाओं पर फोकस करते हुए यह फर्म आज वूमन्स वियर की स्मार्ट सोर्सिंग का सबसे भरोसेमंद नाम बन चुकी है।

### सूरत और अहमदाबाद में मजबूत उपस्थिति

वर्ष 1983 में स्थापित ‘राजू टेक्सटाइल एजेंसी’ सूरत में निर्मित साड़ियां, लहंगे, सूट्स और ड्रेस मटीरियल के प्रीमियम कलेक्शन की सोर्सिंग के लिए जानी जाती है। सूरत के मिलेनियम मार्केट से टॉप ब्राण्ड्स और बड़े सप्लायर्स के साथ मजबूत नेटवर्क होने के कारण यह एजेंसी देशभर के व्यापारियों को नवीनतम डिजाइन और ट्रेंडिंग फैशन उपलब्ध कराती है। अहमदाबाद में इनकी दूसरी फर्म ‘शौर्य टेक्सटाइल एजेंसी’ के नाम से कार्यरत है, जहाँ लेडीज सूट्स, गारमेण्ट्स और ड्रेस मटीरियल की सप्लाई पर फोकस किया जाता है। इन दोनों एजेंसियों के माध्यम से श्री राठी दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, बिहार, झारखंड सहित कई राज्यों में होलसेल बायर्स तक सूरत और अहमदाबाद के टॉप ब्राण्ड्स के फैशन प्रॉडक्ट्स पहुँचाते हैं।

### सीजन की बढ़ती मांग और रूझान

फेस्टिव और वेडिंग सीजन की ग्राहकी को लेकर श्री राठी ने बताया, ‘इस समय बाजार में साड़ियों की 1,000 रू. से 5,000 रू. तक की रेंज में शानदार डिमाण्ड है। खासतौर पर टॉप डाइड और पोजीशन प्रिंट साड़ियां सबसे ज्यादा बिक रही हैं। लहंगों में मीडियम रेंज का काम तेजी से बढ़ रहा है। आने वाले महीनों में प्रीमियम क्वालिटी की साड़ियां, लहंगे, गारमेण्ट्स और फैशन फैब्रिक की मांग और अधिक बढ़ने की संभावना है।’

### गुणवत्ता और भरोसा : एजेंसी की पहचान

‘राजू टेक्सटाइल एजेंसी’ केवल प्रॉडक्ट सप्लाई तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने पर भी विशेष ध्यान देती है। श्री मांगीलाल राठी का कहना है, ‘हमारा लक्ष्य व्यापारियों को सिर्फ प्रीमियम क्वालिटी के प्रॉडक्ट उपलब्ध कराना नहीं है, बल्कि उन्हें त्वरित और भरोसेमंद सेवाएं भी देना है।’ वर्तमान में फर्म की 15-20 सदस्यीय टीम पूरी तरह सक्रिय होकर देशभर के व्यापारियों को बेहतरीन सेवाएं देने में जुटी हुई है।

MANGILAL RATHI 93747 16785

| RAJU TEXTILE AGENCIES | SHOURYA TEXTILE AGENCIES |
| --- | --- |
| R-30, Ratan Chamber No. 2<br>2nd Floor, Near Ratan Cinema, Surat<br>Ph.: 0261-4054501, 93755 83042 | Office: 8, 2nd Floor, Hirabhai Market, Diwan<br>Ballubhai Road, Kankaria, Ahmedabad-380022<br>Mob. : 96264 00295 \| 95495 97027 |



# उषा टेक्सटाइल एजेंसी

## वूमन्स एथनिक वियर की खरीदी का भरोसेमंद नाम

## 20 वर्षों से सप्लायर्स और व्यापारियों के बीच विश्वास की मजबूत डोर

सूरत/ भारत में वूमन्स फैशन वियर की जब भी चर्चा होती है, तो सूरत टेक्सटाइल मण्डी का नाम सबसे पहले सामने आता है। यह मण्डी न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया के लिए फैशन का केंद्र मानी जाती है। यहाँ रोजाना नए डिजाइन, नए फैब्रिक और नए ट्रेंड्स जन्म लेते हैं। फैंसी साड़ियां, डिजाइनर सलवार सूट्स, कुर्तियां, लहंगे और गाउन्स जैसे फैशन परिधानों की सप्लाई का बड़ा नेटवर्क यहीं से संचालित होता है। इन्हीं व्यापारिक गतिविधियों के बीच 'उषा टेक्सटाइल एजेंसी' ने पिछले 20 वर्षों में ईमानदारी, पारदर्शिता और उत्कृष्ट सेवा के बल पर सप्लायर्स और व्यापारियों के बीच विश्वसनीयता की मजबूत पहचान बनाई है। यह एजेंसी सिर्फ प्रॉडक्ट की आपूर्ति नहीं करती, बल्कि व्यापारिक रिश्तों को मजबूत करने और फैशन इंडस्ट्री को नई दिशा देने का काम कर रही है।



श्री राजेश सिंह



श्री अमित सिंह | श्री पीयूष सिंह

### ट्रेंड्स को पहचानने में सबसे आगे

'उषा टेक्सटाइल एजेंसी' की खासियत यह है कि यह बदलते फैशन की नब्ज को पहचानकर व्यापारियों को लेटेस्ट डिजाइन और स्टाइल उपलब्ध कराती है। श्री राजेश सिंह का कहना है, 'हमारा लक्ष्य केवल प्रॉडक्ट सप्लाई नहीं, बल्कि अपने व्यापारियों को बेहतरीन रेंज उचित दरों और समय पर उपलब्ध कराना तथा लेटेस्ट फैशन एवं ट्रेंडस के अनुरूप वूमन्स वियर की सोर्सिंग करते हैं। जिसके चलते व्यापारी हम पर भरोसा करते हैं।'

### नए विचारों के साथ बढ़ते कदम

एजेंसी के संस्थापक श्री राजेश सिंह ने मेहनत और कुशल मार्केटिंग रणनीतियों के जरिए सूरत मण्डी के टॉप ब्राण्ड्स और सप्लायर्स से मजबूत संबंध स्थापित किए हैं। इनके साथ सुपुत्र श्री पीयूष सिंह और श्री अमित सिंह भी एजेंसी के संचालन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इनके युवा नेतृत्व और आधुनिक सोच ने एजेंसी को नए बाजारों में विस्तार और तेजी से बढ़ते नेटवर्क को आधार प्रदान किया है। अनुभव और नई ऊर्जा के इस संगम ने एजेंसी को वूमन्स फैशन वियर मार्केटिंग का एक विश्वसनीय मॉडल बना दिया है।

### एजेंसी की कार्यप्रणाली की विशेषताएं

'उषा टेक्सटाइल एजेंसी' ने वर्षों की मेहनत और ईमानदारी से सूरत के शीर्ष वूमन्स फैशन ब्राण्ड्स के साथ मजबूत व्यावसायिक रिश्ते बनाए हैं। एजेंसी के जरिए साउथ इंडिया के टॉप होलसेल व्यापारियों तक उत्पादों की सप्लाई होती है। सप्लायर्स से गारंटी के साथ माल की खरीदी और समय पर भुगतान इसकी पहचान है। यह सिस्टम सप्लायर्स और व्यापारियों दोनों को भरोसेमंद अनुभव प्रदान करता है।

- नए फैशन और डिजाइन की निरंतर खोज
- व्यापारी की जरूरत के अनुसार प्रॉडक्ट चयन में मार्गदर्शन।
- सप्लायर और व्यापारी के बीच पूर्ण पारदर्शिता।
- क्वालिटी और कीमत का संतुलन बनाए रखना।

### वूमन्स वियर की सम्पूर्ण रेंज

एजेंसी पूरी तरह वूमन्स फैशन वियर पर केंद्रित है। इसकी प्रॉडक्ट रेंज में शामिल हैं- फैंसी डिजाइनर साड़ियां, सलवार सूट्स, कुर्तियां, ब्राइडल एवं गर्लिश व लहंगे, गाउन्स और ट्रेंडी वेस्टर्न वियर। एजेंसी इकोनॉमी, मीडियम और प्रीमियम सेगमेण्ट्स की संतुलित रेंज उपलब्ध कराती है, जिससे व्यापारी अपनी मार्केट जरूरत के अनुसार खरीदी कर पाते हैं।

### दक्षिण भारत में मजबूत पकड़

'उषा टेक्सटाइल एजेंसी' का दक्षिण भारत के राज्यों, विशेषकर आंध्रप्रदेश और तेलंगाना में सशक्त सेल्स नेटवर्क है। इन राज्यों के लगभग सभी प्रमुख होलसेल व्यापारियों के साथ एजेंसी का वर्षों पुराना व्यापारिक जुड़ाव है। श्री सिंह बताते हैं, 'व्यापारियों से लगातार सम्पर्क में रहना और उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रॉडक्ट वाजिब दामों पर उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। यहीं कारण है कि हमारा नेटवर्क लगातार मजबूत हुआ और काम का विस्तार तेजी से हुआ।'


Usha TEXTILE AGENCY

A Leading Textile Agency of India
Sales & Marketing Area: Andhra Pradesh & Telangana

Office : 235, Lower Ground, Annapurna Textile Market, Ring Road, Surat-02.
Ph.: 0261-2310687, 2363090, | Email: rajesh.singhuta@gmail.com

RAJESH SINGH 93749 22474
PIYUSH SINGH 99134 49774
AMIT SINGH 99132 21354


## ट्रेडर्स और ब्राण्ड्स के बीच भरोसे का पुल

# विजय टेक्सटाइल एजेंसी



श्री विजय गोसाईं | श्री शिव गोसाईं

सूरत/ सूरत टेक्सटाइल मण्डी वूमन्स वियर के कारोबार के लिए देशभर में विशेष पहचान रखती है। इसी मण्डी में वर्षों से अपनी अलग और सशक्त पहचान बनाने वाली 'विजय टेक्सटाइल एजेंसी' आज गुणवत्ता और विश्वसनीयता का प्रतीक बन चुकी है। एजेंसी के संस्थापक एवं ऑनर श्री विजय गोसाईं (गुरू) सूरत के टॉप ब्राण्ड्स की साड़ियां, लहंगे और वूमन्स रेडीमेड परिधानों की नियमित सप्लाई देश के प्रतिष्ठित ट्रेडर्स और रिटेलर्स तक करते हैं। श्री गोसाईं का कहना है कि 'सबका साथ, सबका विकास' उनकी एजेंसी की कार्यशैली का मूल मंत्र है। इसी सोच के साथ वे वर्षों से मैन्युफेक्चरर्स और बायर्स के बीच एक भरोसेमंद सेतु के रूप में काम कर रहे हैं। ग्राहकों को उत्तम गुणवत्ता के उत्पाद वाजिब दामों पर उपलब्ध कराना और मधुर व पारदर्शी व्यवहार बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता है। यहीं कारण है कि आज उनका नाम देशभर के व्यापारिक जगत में विश्वसनीयता और ईमानदारी का पर्याय बन चुका है। एजेंसी के कार्य में श्री गोसाईं के सुपुत्र श्री शिव गोसाईं भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### फेस्टिव सीजन की ग्राहकी जोरों पर

आगामी सीजन को लेकर उत्साह व्यक्त करते हुए श्री गोसाईं ने कहा कि वर्तमान समय में फेस्टिव और वेडिंग सीजन की तैयारियों को लेकर ग्राहकी जोरदार स्तर पर बनी हुई है। जिन ब्राण्ड्स ने नए क्रिएशन और डिजाइन डवलपमेण्ट पर विशेष ध्यान दिया है, उनके उत्पादों की मांग बाजार में सर्वाधिक देखी जा रही है। खासकर फैशन ओरियंटेड ब्राण्ड्स ने इस बार नए प्रयोगों के साथ ऐसे डिजाइन प्रस्तुत किए हैं, जिन्होंने ग्राहकों का ध्यान आकर्षित किया है और ये ब्राण्ड्स इस समय बाजार में अग्रणी बने हुए हैं।

### ट्रेंडिंग कलेक्शन की उपलब्धता

उन्होंने आगे कहा कि उनकी एजेंसी का मुख्य लक्ष्य है कि देशभर के रिटेलर्स और डीलर्स को सूरत की फैशन इंडस्ट्री का सर्वश्रेष्ठ एवं ट्रेंडिंग कलेक्शन समय पर उपलब्ध कराया जाए। श्री गोसाई का मानना है कि अच्छे उत्पाद, समय पर डिलिवरी और ग्राहक संतुष्टि किसी भी व्यापार की दीर्घकालिक सफलता की कुंजी हैं।

### व्यापारी कराएं समय पर बुकिंग

फेस्टिव सीजन की बढ़ती मांग को देखते हुए श्री गोसाईं ने सभी व्यापारियों को सुझाव दिया कि अच्छे कलेक्शन की बुकिंग समय रहते कर लें, ताकि सीजन में बढ़ती मांग के दौरान किसी भी प्रकार की कमी का सामना न करना पड़े।

### मजबूत भूमिका निभाने का विश्वास

श्री गोसाईं ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी 'विजय टेक्सटाइल एजेंसी' अपने निरंतर परिश्रम, ईमानदारी और मजबूत व्यापारिक रिश्तों के बल पर न केवल सूरत टेक्सटाइल मण्डी में अपनी अहम भूमिका निभाती रहेगी, बल्कि देशभर के फैशन बाजार में भी अपनी मजबूत उपस्थिति बनाए रखेगी।


VIJAY GOSAI +91 9099200678 | SHIV GOSAI +91 8160594348

Office : A-1, Globale Textile Market, Umarwada
Near Old Bombay Market, Surat-395002 (Gujarat)


## वूमन्स फैशन ट्रेड का ट्रस्टेड पार्टनर

# बंसल एजेंसी

## दो दशकों से वूमन्स एथनिक वियर ट्रेड में सक्रिय



श्री आशीष बंसल | श्री मनीष बंसल

**सूरत/** सूरत की टेक्सटाइल इंडस्ट्री में वूमन्स एथनिक वियर ट्रेड के क्षेत्र में अग्रणी पहचान बनाने वाली 'बंसल एजेंसी' सप्लायर्स एवं बायर्स के बीच एक मजबूत ट्रेड पार्टनर के रूप में कार्यरत है। आज यह देश के कई बड़े रिटेलर्स और होलसेलर्स की पहली पसंद बन चुकी है। एजेंसी के फाउंडर एवं ऑनर श्री मनीष बंसल और श्री आशीष बंसल ने दो दशक पूर्व कोलकाता से इस बिजनेस की शुरूआत की थी। वर्षों की मेहनत, लगन और गुणवत्तापूर्ण कार्यशैली के बल पर 'बंसल एजेंसी' का कोलकाता से सूरत तक का सफर बेहद शानदार रहा है। आज यह सूरत के प्रमुख ट्रेडिंग हब में अपनी मजबूत स्थिति दर्ज करा चुकी है। सूरत की टेक्सटाइल इंडस्ट्री में 'बंसल एजेंसी' आज न सिर्फ एक एजेंसी फर्म है, बल्कि यह उन व्यापारियों के लिए विश्वसनीय पार्टनर बन गई है, जो फैशन और क्वालिटी दोनों में संतुलन चाहते हैं। फेस्टिव सीजन के इस दौर में एजेंसी की प्रतिबद्धता और मेहनत सूरत के एथनिक वियर बिजनेस को और ऊँचाइयों तक ले जाने की दिशा में अग्रसर है।

### विविध प्रॉडक्ट रेंज - वूमन्स और मेन्स वियर दोनों में सक्रिय

'बंसल एजेंसी' मुख्य रूप से वूमन्स एथनिक वियर में साड़ियों, लहंगों, क्रॉप टॉप, गाउन, कुर्तियां तथा लेडीज रेडीमेड गारमेण्ट्स में डील करती है। इसके साथ ही मेन्स वियर और फैब्रिक्स की श्रेणी में भी प्रीमियम क्वालिटी प्रॉडक्ट्स उपलब्ध कराती है। श्री आशीष बंसल ने बताया कि एजेंसी का फोकस हमेशा ट्रेडिंग और फैशन-ओरियंटेड ब्राण्ड्स के साथ काम करने पर रहता है, ताकि ग्राहकों को मार्केट की नवीनतम मांग के अनुसार उत्पाद मिल सकें।

### क्वालिटी और पारदर्शिता पर जोर

'बंसल एजेंसी' की पहचान सिर्फ प्रॉडक्ट रेंज तक सीमित नहीं है, बल्कि गुड क्वालिटी, फैशन-ओरियंटेड ब्राण्ड्स और पारदर्शी व्यापारिक प्रणाली इसकी विशेषता है। श्री बंसल का कहना है कि शुरूआत से ही उनकी प्राथमिकता क्रिएटिव ब्राण्ड्स के साथ काम करने की रही है और उन्होंने हमेशा विश्वसनीय व्यापारिक नेटवर्क को मजबूत करने पर जोर दिया है।

### फेस्टिव सीजन की ग्राहकी

सूरत में वर्तमान समय में आगामी फेस्टिव सीजन को लेकर जबरदस्त ग्राहकी देखी जा रही है। श्री बंसल ने कहा, 'हमारे सेल्स नेटवर्क से कई व्यापारी इन दिनों सूरत आ रहे हैं। हम उन्हें बेहतरीन सर्विस और मार्केट के नवीनतम फैशन के अनुरूप प्रॉडक्ट उपलब्ध करा रहे हैं।'

### मजबूत सप्लाई नेटवर्क - पूरे देश में पहुंच

एजेंसी का सप्लाई नेटवर्क पूरे देश में फैला हुआ है। विशेष रूप से मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा जैसे राज्यों में इसका सेल्स नेटवर्क बेहद मजबूत है। श्री आशीष बंसल ने कहा, 'हम सूरत में बड़े रिटेलर्स और होलसेलर्स के लिए सोर्सिंग का कार्य करते हैं। हमारी प्राथमिकता हमेशा रही है कि ग्राहकों को क्वालिटी प्रॉडक्ट्स के साथ-साथ बेहतरीन सर्विस दी जाए।'


Bansal Agency

MANISH BANSAL 93778 77971 | ASHISH BANSAL 85838 38347
510, Metro Tower, Ring Road, Surat - 395002 (Gujarat)
Eamil: bansalagencykolkata@gmail.com, Ph. 0261 299 7971

# केसरिया टेक्सटाइल कम्पनी का सूरत में खुलने जा रहा है मेगा टेक्सटाइल मॉल



श्री रितेश मोदी
CEO & FOUNDER
केसरिया टेक्सटाइल कम्पनी

## वूमन्स, मेन्स, किड्स और हैंडलूम-सब कुछ एक ही छत के नीचे

सूरत/ भारत की टेक्सटाइल इंडस्ट्री के प्रमुख केंद्र सूरत में अब एक और बड़ा आकर्षण जुड़ने जा रहा है। सूरत की जानी-मानी कम्पनी केसरिया टेक्सटाइल कम्पनी (KTC) अपने नए मेगा मॉल के साथ कपड़ा व्यापार में एक नया अनुभव देने जा रही है। यह मेगा मॉल डोरीवाला स्क्वायर, सूरत रेलवे स्टेशन से मात्र 50 मीटर की दूरी पर स्थित है। कम्पनी के युवा डायरेक्टर श्री रितेश मोदी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह नया मॉल लगभग 1 लाख स्क्वायर फीट के विशाल क्षेत्र में बनाया गया है। इस मॉल में ग्राहकों को फैशन ओरियंटेड साड़ियां, लहंगे, रेडीमेड गारमेण्ट्स, मेन्स वियर, किड्स वियर और हैंडलूम उत्पाद - सब कुछ एक ही जगह उपलब्ध होगा। श्री मोदी ने कहा कि यह मॉल सूरत मण्डी के लिए बिल्कुल अलग कॉन्सेप्ट के साथ बनाया गया है, जहाँ से रिटेलर्स को मैन्युफेक्चरिंग रेट्स पर माल उपलब्ध कराया जाएगा।

### सेंट्रलाइज्ड कॉर्पोरेट हाउस से होगा संचालन

'केसरिया टेक्सटाइल कम्पनी' पहले से ही सूरत में अपने मजबूत नेटवर्क के लिए जानी जाती है। श्री मोदी ने बताया कि अब कम्पनी अपनी सभी गतिविधियों का संचालन एक सेंट्रलाइज्ड कॉर्पोरेट हाउस से करेगी, इससे ग्राहकों को बेहतर सेवाएं और तेज डिलिवरी सुनिश्चित की जा सकेगी।

### सशक्त सेल्स नेटवर्क - देश और विदेश तक

'केसरिया टेक्सटाइल कम्पनी' का सेल्स नेटवर्क अत्यंत व्यापक है। इसमें रिटेलर्स, सेमी होलसेलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स - सभी प्रकार के व्यापारी शामिल हैं। कम्पनी का नेटवर्क भारत की लगभग सभी प्रमुख टेक्सटाइल मण्डियों में फैला हुआ है। सिर्फ देश में ही नहीं, बल्कि कम्पनी का माल वैश्विक स्तर पर कई देशों तक निर्यात किया जाता है। इस मजबूत नेटवर्क के कारण 'केसरिया टेक्सटाइल कम्पनी' ने सूरत के कपड़ा उद्योग में अपनी विशेष पहचान बनाई है।

### फेस्टिव सीजन के लिए भव्य तैयारियां

आगामी नवरात्रि, दुर्गा पूजा, करवा चौथ, दिवाली, छठ पूजा, ओणम और वेडिंग सीजन को ध्यान में रखते हुए KTC ने बेहद आकर्षक और प्रीमियम कलेक्शन तैयार किया है। साड़ियों और लहंगों में नए कलर कॉम्बिनेशन और प्रीमियम रेंज लॉञ्च की गई है। मेन्स वियर में शर्ट्स, पेंट्स, इंडो-वेस्टर्न और फॉर्मल्स की कम्पलीट रेंज उपलब्ध होगी। किड्स वियर के लिए भी खास कलेक्शन पेश किया गया है। श्री मोदी ने कहा, 'इस सीजन हमारी साड़ियों और लहंगों की प्रीमियम रेंज की ग्राहकी बेहद जोरदार है। हमने बाजार की मांग को ध्यान में रखते हुए हर कैटेगरी में दमदार प्रॉडक्ट लाइन तैयार की है।'

### हैंडलूम प्रॉडक्ट्स की भी रेंज

KTC ने ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए हैंडलूम उत्पादों की सप्लाई भी शुरू की है। इसमें बेडशीट्स, पिलो कवर, कम्फर्टर, कर्टेन सहित कई होम टेक्सटाइल उत्पाद शामिल हैं, इससे रिटेलर्स को एक ही जगह से सभी प्रकार का माल आसानी से उपलब्ध हो सकेगा।

### 'केसरिया बाजार' फ्रेंचाइजी स्टोर लॉञ्चिंग

केसरिया टेक्सटाइल कम्पनी ने हाल ही में 'केसरिया बाजार' नाम से फ्रेंचाइजी स्टोर लॉञ्च करने की घोषणा की है। श्री मोदी ने बताया कि शुरूआती चरण में 15 से 20 स्टोर्स शीघ्र ही शुरू किए जाएंगे। आने वाले समय में देशभर में और भी स्टोर्स खोलने की योजना है।

### रिटेलर्स को मिलेगा विशेष लाभ

यह मॉल सूरत में खरीददारी का एक नया अनुभव देने के साथ-साथ व्यापारियों और रिटेलर्स के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगा। यहाँ उन्हें मैन्युफेक्चरिंग रेट्स पर सीधे सप्लाई उपलब्ध होगी, जिससे उनके मुनाफे में वृद्धि होगी और ग्राहकों को भी बेहतर दामों पर प्रॉडक्ट मिलेंगे। केसरिया टेक्सटाइल कम्पनी का यह नया मेगा मॉल न केवल सूरत के टेक्सटाइल हब में एक मील का पत्थर साबित होगा, बल्कि यह पूरे देश और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कपड़ा व्यापार के नए मानक स्थापित करेगा। श्री मोदी का विश्वास है कि यह प्रोजेक्ट व्यापारियों और ग्राहकों दोनों के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन बनेगा।




DORIWALA SQUARE NR. MOHAN MITHAI
OPP. SURAT RAILWAY STATION, SURAT- 395003

# सूरत में नया एयरजेट एसोसिएशन गठित

## वीविंग इंडस्ट्री को मजबूत बनाने की दिशा में कदम

सूरत/ सूरत में टेक्सटाइल उद्योग लगातार आधुनिक तकनीक की ओर बढ़ रहा है और अब शहर में एयरजेट मशीनों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पहले जहाँ पारंपरिक मशीनों का ज्यादा उपयोग होता था, वहीं अब एयरजेट मशीनों का उत्पादन और इनका उपयोग लगातार पोपुलर हो रहा है। इसी बदलते परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए सूरत के प्रमुख वीवर्स ने एयरजेट एसोसिएशन का गठन किया है, जिसका उद्देश्य एयरजेट वीविंग उद्योग को संगठित और मजबूत करना है। 18 सितंबर 2025 को आयोजित एसोसिएशन की पहली बैठक में 900 से अधिक वीवर्स ने भाग लिया। बैठक में उद्योग की मौजूदा स्थिति, बढ़ती मशीनों की संख्या और एयरजेट वीविंग सेक्टर में आने वाले अवसरों पर विस्तार से चर्चा हुई। सभी सदस्यों ने एकजुट होकर यह संकल्प लिया कि यह एसोसिएशन आने वाले समय में एयरजेट उद्योग को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए सकारात्मक पहल करेगा।




### एयरजेट मशीनों की बढ़ती लोकप्रियता के चलते बना नया एसोसिएशन

बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि सूरत में एयरजेट मशीनों की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और आने वाले वर्षों में शहर एयरजेट वीविंग के प्रमुख हब के रूप में अपनी पहचान बनाएगा। एसोसिएशन का फोकस तकनीकी सुधार, बाजार में बेहतर नेटवर्किंग और उद्योग की चुनौतियों के समाधान पर रहेगा, जिससे वीवर्स को बेहतर अवसर मिल सकें। एसोसिएशन के पदाधिकारियों में प्रमुख श्री मयूर धोलिया, श्री हरेश पटेल और श्री अनिल सेवानी ने कहा कि संगठित प्रयासों से न केवल सूरत के वीविंग सेक्टर को मजबूती मिलेगी, बल्कि सूरत देशभर में एयरजेट मशीनों और प्रीमियम क्वालिटी फैब्रिक उत्पादन का मुख्य केंद्र बनकर उभरेगा।

# महेश एजेंसी : गुणवत्ता और विश्वास का प्रतीक

सूरत/ टेक्सटाइल मण्डी सूरत में 'महेश एजेंसी' ने अपनी गुणवत्ता, पारदर्शी व्यापार और विश्वास के दम पर मजबूत पहचान बनाई है। वर्ष 2001 में श्री अशोक असरा द्वारा स्थापित इस एजेंसी का नेतृत्व वर्ष 2006 से उनके सुपुत्र श्री जीतु असरा संभाल रहे हैं। श्री जीतु असरा के मधुर व्यवहार और फेयर डीलिंग की नीति ने एजेंसी को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। आज 'महेश एजेंसी' न केवल साड़ियों की इकोनॉमी रेंज में, बल्कि लेडीज गारमेण्ट लाइन के वैल्यू एडेड फैब्रिक्स में भी अपनी विशेष पहचान रखती है। आने वाले वर्षों में यह एजेंसी देशभर में अपनी पकड़ को और मजबूत बनाने तथा नए बाजारों में विस्तार करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है।

**साड़ियों और फैशन फैब्रिक्स की विस्तृत रेंज**

'महेश एजेंसी' साड़ियों के क्षेत्र में इकोनॉमी से 2,000 रूपए तक की रेंज में सूरत के प्रमुख ब्राण्ड्स और टॉप सप्लायर्स के साथ काम कर रही हैं। विशेष बात यह है कि एजेंसी के पास कई ब्राण्ड्स का मोनोपॉली बिजनेस है, जिससे ग्राहकों को सबसे बेहतर और किफायती प्रॉडक्ट्स उपलब्ध कराए जाते हैं। श्री जीतु असरा का कहना है, 'हमारा लक्ष्य अच्छे सप्लायर्स और बायर्स को जोड़ते हुए, बेस्ट रेट्स पर बेस्ट प्रॉडक्ट उपलब्ध कराना है।' लेडीज गारमेण्ट लाइन में एजेंसी बड़े पैमाने पर वैल्यू एडेड फैब्रिक्स सप्लाई करती है, जिसमें इकोनॉमी से प्रीमियम तक की फैशन-ओरियंटेड डिजाइंस और क्वालिटीज शामिल हैं। यह वैरायटी लगातार बदलते फैशन ट्रेंड्स को ध्यान में रखकर प्रस्तुत की जाती है।

**देशभर में मजबूत सेल्स नेटवर्क-** 'महेश एजेंसी' का सेल्स नेटवर्क उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, गुजरात, असम सहित देश के कई प्रमुख राज्यों में फैला हुआ है। एजेंसी न केवल साड़ियों में, बल्कि फैशन फैब्रिक्स की सप्लाई करके बड़े होलसेल व्यापारियों एवं वूमन्स गारमेण्ट निर्माताओं की पहली पसंद बन चुकी है।

**फेस्टिव सीजन में बढ़ती मांग-** वर्तमान फेस्टिव सीजन पर बात करते हुए श्री जीतु असरा ने बताया कि इस समय ग्राहकी चरम पर है। बड़े पैमाने पर डिस्पैच जारी हैं और अब तो रिपीट ऑर्डर्स भी आने लगे हैं। उन्होंने कहा कि दिवाली और वेडिंग सीजन की खरीदी जोरों पर है तथा आने वाले दिनों में व्यापार और तेजी पकड़ने की उम्मीद है। श्री असरा के अनुसार, एजेंसी की पूरी टीम ग्राहकों की मांग को पूरा करने के लिए पूरी तैयारी के साथ काम कर रही हैं। उनका मानना है कि इस सीजन में बेहतरीन व्यापार होगा और एजेंसी अपने ग्राहकों को सर्वोत्तम सेवा और प्रॉडक्ट उपलब्ध कराती रहेगी।




# सूरत एथनिक इवेंट-2025 शानदार सफलता के साथ सम्पन्न

## सूरत के फैशन वियर उद्योग को मिली नई ऊँचाई

## फेस्टिव और वेडिंग कलेक्शन की धूम, व्यापारिक बुकिंग्स में बने नये रिकॉर्ड

**सूरत/ सत्य प्रकाश**

भारत की सबसे बड़ी टेक्सटाइल मण्डी, सूरत ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि वह महिलाओं के फैशन वियर की राजधानी है। 1 और 2 सितम्बर 2025 को SIECC कन्वेंशन हॉल, सरसाना, सूरत में आयोजित 'सूरत एथनिक इवेंट - 2025' 2nd सीजन का समापन शानदार सफलता के साथ हुआ। दो दिवसीय इस मेगा इवेंट में सूरत के टॉप वूमन्स एथनिक वियर ब्राण्ड्स ने अपने नवीनतम और प्रीमियम कलेक्शंस का भव्य प्रदर्शन किया। देशभर से आए 2000+ रिटेलर्स और चेन स्टोर्स ने इसमें शिरकत की और मौके पर ही बड़े पैमाने पर व्यापारिक बुकिंग्स की। सूरत एथनिक इवेंट - 2025 का आयोजन SEE ग्रुप के सदस्यों द्वारा किया गया। SEE ग्रुप का उद्देश्य सूरत के टॉप वूमन्स वियर ब्राण्ड्स को एक ऐसा मंच प्रदान करना था, जहाँ वे देशभर के रिटेलर्स और चेन स्टोर्स से सीधे जुड़कर अपने व्यापार का विस्तार कर सकें। ग्रुप का कहना है कि यह आयोजन सूरत की ब्राण्ड इमेज को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उनके अनुसार इस तरह के आयोजन सूरत की उत्पादन क्षमता, डिजाइनिंग और वितरण नेटवर्क को नई ऊँचाइयों पर ले जाएंगे।

### सूरत की ब्राण्ड इमेज को मिला नया मुकाम

SEE ग्रुप का मानना है कि यह आयोजन सिर्फ एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि सूरत की टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए नए अवसरों और संभावनाओं का मंच है। देशभर के व्यापारी सूरत के टॉप ब्राण्ड्स की क्रिएटिविटी, उत्पादन क्षमता और नेटवर्क स्ट्रेंथ को करीब से देख सके। इससे सूरत की ब्राण्ड इमेज को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में नई ऊर्जा और पहचान मिली। सूरत एथनिक इवेंट - 2025 की ऐतिहासिक सफलता ने यह साबित कर दिया कि सूरत महिलाओं के फैशन वियर का न केवल भारत का सबसे बड़ा केंद्र है, बल्कि आने वाले वर्षों में वैश्विक फैशन इंडस्ट्री में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएगा। SEE ग्रुप के नेतृत्व और टेक्सटाइल उत्सव टीम की बेहतरीन मैनेजमेंट ने इस आयोजन को सूरत के फैशन बिजनेस के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय बना दिया। इस आयोजन की इवेंट मैनेजमेंट की जिम्मेदारी टेक्सटाइल उत्सव टीम ने निभाई। टेक्सटाइल उत्सव के फाउंडर श्री निलेश जैन और श्री हंसमुख सुतारिया ने अपनी टीम के साथ इवेंट को बेहद प्रोफेशनल और क्रिएटिव तरीके से मैनेज किया। उनकी बेहतरीन प्लानिंग और एक्सीक्यूशन ने इस आयोजन को सफल और यादगार बना दिया।























### पिछले साल की गूंज, इस साल की नई ऊँचाई

पिछले वर्ष आयोजित पहले सीजन ने व्यापारिक जगत में उल्लेखनीय सफलता दर्ज की थी। उसी अनुभव को और बेहतर बनाते हुए 2nd सीजन को कहीं बड़े पैमाने पर प्रस्तुत किया गया। रिटेलर्स ने इस सीजन की प्लानिंग, प्रॉडक्ट रेंज और बिजनेस नेटवर्किंग की खूब प्रशंसा की। आयोजकों के अनुसार इस बार की बुकिंग्स ने पिछले वर्ष के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए।

### 125+ एजेंसीज और आढ़तियों का सहयोग

इस आयोजन को सूरत की 125 से अधिक प्रतिष्ठित एजेंसीज और आढ़तियों का मजबूत सहयोग प्राप्त हुआ। उनका मानना है कि यह आयोजन न केवल व्यापारिक लेन-देन को बढ़ावा देता है, बल्कि रिटेल नेटवर्क को मजबूत बनाते हुए सूरत मण्डी की प्रतिष्ठा को और बढ़ाता है। SEE ग्रुप ने सहयोग देने वाली सभी एजेंसीज और आढ़तियों का विशेष आभार व्यक्त किया।

### फेस्टिव और वेडिंग सीजन कलेक्शन की धूम

सीजन 2 की प्रदर्शनी में फेस्टिव और वेडिंग सीजन को ध्यान में रखते हुए शानदार कलेक्शन्स पेश किए गए। इसमें डिजाइनर साड़ीज (प्रिंटेड, एम्ब्रॉयडरी, जैकार्ड, सिल्क, डाइड वर्क), प्रीमियम लेडीज सूट्स, डिजाइनर लहंगे, कुर्तीज और रेडीमेड गारमेण्ट्स की ट्रेंडिंग और यूनिक रेंज शामिल रही। रिटेलर्स ने मौके पर ही बुकिंग्स कर सूरत के टॉप ब्राण्ड्स के साथ मजबूत व्यावसायिक रिश्ते स्थापित किए।

# बाशोमल मेघराज

## वूमन्स एथनिक वियर का कम्पलीट सॉल्यूशन

## पाँच दशकों से वूमन्स वियर मार्केटिंग का विश्वसनीय नाम


श्री हेमंत वाधवानी


श्री शंकर वाधवानी

सूरत/ भारत की फैशन कैपिटल के रूप में प्रसिद्ध सूरत में वूमन्स वियर के ब्राण्ड्स को राष्ट्रीय पहचान दिलाने में कई प्रतिष्ठित एजेंसियों का योगदान रहा है। इन सबमें 'बाशोमल मेघराज' ने अपनी पाँच दशकों की निरंतर मेहनत और उत्कृष्ट सेवाओं से खास स्थान बनाया है। यह एजेंसी आज न केवल सूरत, बल्कि देशभर में ब्राण्डेड वूमन्स वियर मार्केटिंग का पर्याय बन चुकी है। 'बाशोमल मेघराज' की स्थापना स्वर्गीय श्री लेखराज वाधवानी ने अपनी व्यावसायिक दूरदृष्टि और ईमानदार दृष्टिकोण के साथ की थी। उन्होंने सूरत के वूमन्स वियर ब्राण्ड्स को राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलाने का संकल्प लिया और इसे साकार किया। उनकी सोच और मजबूत नींव ने इस एजेंसी को तेजी से विकसित होने का अवसर प्रदान किया।

**दूसरी पीढ़ी ने दी नई ऊँचाइयाँ...** संस्थापक के पश्चात उनके सुपुत्र श्री हेमंत वाधवानी और श्री शंकर वाधवानी (शंकु भाई) ने एजेंसी को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। अपने मधुर व्यवहार, ग्राहक-केन्द्रित दृष्टिकोण और आधुनिक व्यावसायिक सोच के साथ उन्होंने 'बाशोमल मेघराज' को टेक्सटाइल मार्केटिंग के शीर्ष पायदान पर स्थापित किया।



**तीसरी युवा पीढ़ी का सक्रिय योगदान...** आज वाधवानी परिवार की तीसरी पीढ़ी भी इस विरासत को आगे बढ़ा रही है। श्री हेमंत वाधवानी के युवा सुपुत्र श्री विक्की वाधवानी एवं श्री शंकर वाधवानी के सुपुत्र श्री जतिन वाधवानी एवं श्री गौरव वाधवानी व्यवसाय में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इन सभी ने आधुनिक तकनीक, डिजिटल नेटवर्क और नए मार्केटिंग टूल्स के माध्यम से एजेंसी के कार्यक्षेत्र का और अधिक विस्तार किया है।

**ब्राण्डेड वूमन्स वियर मार्केटिंग में अग्रणी...** 'बाशोमल मेघराज' अपनी सहयोगी फर्मों लेखराज जतिन कुमार और साहिल टेक्सटाइल्स के साथ मिलकर वूमेन्स वियर के पूरे सेगमेंट को कवर करता है। इसमें शामिल हैं। फैंसी साड़ियां, लेडीज सूट्स, लहंगे और डिजाइनर एथनिक वियर। एजेंसी सूरत के प्रतिष्ठित ब्राण्ड्स के साथ कार्य करती है, जिनमें लक्ष्मीपति ग्रुप, विशाल फैशन, सुभाष साड़ीज, पालव साड़ीज, देसी लुक, किमोरा फैशन, बीके थावकी साड़ीज, महोत्सव साड़ीज और हार्ट एंड सोल, संस्कृति, संस्कार, सुपार्श्व जैसे ब्रांडेड नाम शामिल हैं।

**सशक्त मार्केटिंग नेटवर्क...** 'बाशोमल मेघराज' का मार्केटिंग नेटवर्क मुख्य रूप से महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश सहित अनेक राज्यों में फैला हुआ है। इन क्षेत्रों के प्रमुख रिटेलर्स और होलसेलर्स को प्रीमियम वूमेन्स वियर की आपूर्ति की जाती है। इसके अलावा, एजेंसी का नेटवर्क पूरे भारत में सक्रिय है। श्री विक्की वाधवानी के अनुसार, ''हमारा व्यवसाय ईमानदारी, पारदर्शिता और उत्कृष्ट सेवा के स्तंभों पर खड़ा है। यही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है।''

**भविष्य की नई दिशा...** तीसरी पीढ़ी के ऊर्जावान नेतृत्व में 'बाशोमल मेघराज' आने वाले वर्षों में वूमेन्स वियर मार्केटिंग के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने को तैयार है। सूरत के बड़े निर्माताओं के साथ उनके गहरे संबंध और ग्राहकों की सेवा के प्रति समर्पण, इस एजेंसी को और अधिक मजबूती प्रदान करेंगे। 'ईमानदारी और गुणवत्ता' को आधार बनाकर, 'बाशोमल मेघराज' सूरत के वूमेन्स वियर ब्राण्ड्स को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में नई ऊँचाइयों पर ले जाने की दिशा में लगातार अग्रसर है।


**BASHOMAL MENGHRAJ | LEKHRAJ JATINKUMAR | SAHIL TEXTILES**

| SHANKER WADHWANI | VICKY WADHWANI | JATIN WADHWANI | GAURAV WADHWANI |
| --- | --- | --- | --- |
| 93273 85796 | 97279 94303 | 93135 42787 | 99986 35401 |

205-206-207, 2nd Floor, Golden Point, Falsawadi, Ring Road, SURAT-03
Ph.: (0) 0261-4000028 | Email: bashomalmeghrajsurat@gmail.com


# भावना एजेंसी

## वूमन्स एथनिक वियर की बेस्ट सोर्सिंग एजेंसी

## 20 वर्षों से विश्वास, गुणवत्ता और उत्कृष्टता की पहचान


श्री मनु भाई


श्री करण खत्री


श्री कुणाल खत्री

सूरत/ सूरत की टेक्सटाइल इंडस्ट्री वूमन्स एथनिक वियर के क्षेत्र में आज देशभर के व्यापारियों के लिए सबसे बड़ा केंद्र बन चुकी है। इस उद्योग में कई एजेंसियां सक्रिय हैं, लेकिन उनमें से कुछ ही एजेंसियां अपनी सेवाओं और क्वालिटी के दम पर एक अलग और मजबूत पहचान बना पाई हैं। इन्हीं में से एक नाम है 'भावना एजेंसी', जिसने पिछले दो दशकों में लगातार मेहनत और विश्वसनीयता के बल पर अपनी एक अलग पहचान स्थापित की है। एजेंसी के फाउंडर श्री मनु भाई खत्री ने अपनी दूरदर्शी सोच और कड़ी मेहनत से इसे खड़ा किया। उन्होंने हमेशा ईमानदारी और पारदर्शिता को प्राथमिकता दी, जिसके कारण आज 'भावना एजेंसी' सूरत के भरोसेमंद एजेंट्स में गिनी जाती है। 'भावना एजेंसी' सूरत के टॉप ब्राण्ड्स से सीधे जुड़कर वूमन्स एथनिक वियर के व्यापार में बेस्ट क्वालिटी के फैशन ओरियंटेड परिधानों की सप्लाई में संतोषजनक सेवाएं प्रदान करती है। एजेंसी की खासियत यह है कि यह मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ जैसे बड़े राज्यों में मजबूत सेल्स नेटवर्क के साथ काम कर रही है। इन राज्यों के बड़े होलसेल संस्थान, प्रमुख शोरूम और नामी वितरक 'भावना एजेंसी' से जुड़े हुए हैं। सूरत के टॉप ब्राण्ड्स के साथ सीधे जुड़ाव के कारण एजेंसी के पास हर समय नवीनतम और ट्रेंडिंग डिजाइंस उपलब्ध रहते हैं। चाहे वह फैंसी साड़ियां हों, पार्टी वियर लहंगे हों या वेडिंग कलेक्शन, 'भावना एजेंसी' हमेशा व्यापारियों को एक से बढ़कर एक विकल्प उपलब्ध कराती है।

### फेस्टिवल सीजन की ग्राहकी चरम पर

सूरत में वर्तमान समय में फेस्टिवल और वेडिंग सीजन की मांग अपने चरम पर है। पिछले डेढ़ महीने से सूरत के बाजारों में लगातार ग्राहकी का दौर जारी है। श्री करण खत्री ने कहा, 'पूरे भारत से व्यापारी बड़ी संख्या में सूरत पहुँच रहे हैं। हमारे यहाँ से हर दिन माल की बड़े पैमाने पर डिलिवरी हो रही है। अभी फेस्टिवल सीजन की ग्राहकी चरम पर है और धीरे-धीरे वेडिंग सीजन की मांग भी बढ़ने लगी है। आने वाले महीनों में व्यापार में और तेजी की उम्मीद है।' उन्होंने यह भी कहा कि अच्छे ब्राण्ड्स के साथ काम करना उनकी एजेंसी की सबसे बड़ी ताकत है। 'हम सर्विस और क्वालिटी दोनों में बेस्ट देने की सोच रखते हैं। यहीं कारण है कि हमारे कस्टमर्स लंबे समय से हम पर भरोसा करते आ रहे हैं और हमारे साथ मजबूत व्यापारिक रिश्ते कायम किए हुए हैं।'

### युवा नेतृत्व एवं आधुनिक सोच

व्यापार की विरासत को आगे बढ़ाते हुए श्री मनु भाई खत्री के सुपुत्र श्री करण खत्री और श्री कुणाल खत्री एजेंसी के संचालन में पूरी तरह सक्रिय हैं। दोनों युवाओं ने न केवल एजेंसी के कार्य में आधुनिक तकनीकों को जोड़ा, बल्कि सेल्स और सप्लाई नेटवर्क को भी विस्तार दिया। आज एजेंसी का नेटवर्क डिजिटल प्लेटफॉर्म तक फैला हुआ है, जिससे देशभर के व्यापारी तेज और सटीक जानकारी प्राप्त कर पाते हैं। श्री करण खत्री ने बताया कि 'हमारी एजेंसी वूमन्स वियर का कारोबार करने वाले कपड़ा व्यापारियों के लिए बेस्ट सोर्सिंग एजेंसी है। हमारा उद्देश्य केवल प्रॉडक्ट्स सप्लाई करना नहीं, बल्कि व्यापारियों को ऐसा कलेक्शन उपलब्ध कराना है, जो उनके व्यवसाय को नई ऊँचाइयों तक पहुँचा सके। बेस्ट क्वालिटी, बेस्ट सर्विस और बेस्ट रेट्स – यही हमारी एजेंसी का मूलमंत्र है। हम साड़ियों और लहंगों की इकोनॉमी रेंज से लेकर 10,000 रू तक की रेंज में काम करते हैं। **एजेंसी के काम में श्री निखिल कुमार, श्री अमित कुमार, श्री दिव्यांस एवं श्री फजल सक्रिय हैं।**

### फैशन ट्रेंड्स के अनुसार अपडेटेड कलेक्शन

20 वर्षों की निरंतर मेहनत, भरोसेमंद सेवाओं और आधुनिक फैशन के प्रति समर्पण ने 'भावना एजेंसी' को वूमन्स एथनिक वियर सेगमेंट में एक ऐसा नाम बना दिया है, जिस पर देशभर के व्यापारी न केवल भरोसा करते हैं, बल्कि अपने व्यवसाय की वृद्धि के लिए इसे प्राथमिकता देते हैं। सूरत की टेक्सटाइल इंडस्ट्री में गुणवत्ता, पारदर्शिता और सेवा के मामले में 'भावना एजेंसी' एक प्रेरणादायक उदाहरण बन चुकी है।


MANU BHAI 93750-84000 | KARAN 99090-83000 | KUNAL 99255-18122

OFFICE: A-502, Metro Tower, Near Kinnary Cinema, Ring Road, SURAT-395 002
Mob.: 81403 42160 | 92652 64320 | Email: bhawna.agency@yahoo.com


# फेस्टिव सीजन की ग्राहकी से सूरत बाजार में जबरदस्त रौनक

## वीविंग सिल्क एवं फैंसी टॉप डाइड वर्क साड़ियों की मांग उफान पर



सूरत / सत्य प्रकाश

देश की सबसे बड़ी टेक्सटाइल मण्डी सूरत में फेस्टिव और वेडिंग सीजन की तेज ग्राहकी ने बाजार को नई ऊँचाइयों पर पहुँचा दिया है। 15 अगस्त के बाद से ग्राहकी ने जोर पकड़ना शुरू किया और पिछले 20-25 दिनों में ग्राहकों की भीड़ ने बाजार में गजब का उत्साह पैदा कर दिया है। देशभर से थोक कपड़ा व्यापारी एडवांस बुकिंग और सीजन की तैयारी के लिए सूरत पहुँच रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि इस बार ग्राहकी का माहौल ऐसा है, जो पिछले कई वर्षों में नहीं देखा गया और अगर यह तेजी इसी तरह जारी रही तो रिकॉर्ड बिक्री के नए आंकड़े सामने आ सकते हैं। आगामी नवरात्रि, दुर्गा पूजा, करवा चौथ, दीपावली और वेडिंग सीजन को देखते हुए बाजार में हर सेगमेंट में तेजी से खरीददारी हो रही है। नवंबर-दिसंबर माह में शादी की तिथियां अधिक होने से लहंगों और हैवी फैंसी साड़ियों की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। थोक व्यापारी अब दीपावली तक बड़े स्तर पर खरीददारी करेंगे, क्योंकि दीपावली के बाद करीब 15 दिन के लिए सूरत मार्केट बंद हो जाता है।

### इस साल रिकॉर्ड सीजन की उम्मीदें

व्यापारियों और बाजार सूत्रों का मानना है कि यह सीजन पिछले वर्षों की तुलना में सबसे शानदार साबित हो सकता है। नवरात्रि से लेकर दीपावली और शादियों तक ग्राहकी का यह दौर लगातार चलता रहेगा और इस बार बिक्री के आंकड़े नए रिकॉर्ड स्तर तक पहुँच सकते हैं। सूरत टेक्सटाइल मण्डी इस समय पूरे देश का फेस्टिव और वेडिंग सीजन का सेंटर बनी हुई है। साड़ियों में वीविंग और फैंसी डाइड वर्क, लहंगों में डिजाइनर कलेक्शन और गारमेण्ट्स में नए फैब्रिक्स एवं डिजाइनों ने ग्राहकों को खूब आकर्षित किया है। देर रात तक चल रहे कारोबार और लगातार बढ़ते ऑर्डर्स यह दर्शाते हैं कि यह सीजन सूरत के लिए अत्यंत ऐतिहासिक और लाभकारी साबित होगा।

### साड़ियों में वीविंग और फैंसी डाइड वर्क का बोलबाला

इस सीजन साड़ियों में वीविंग सिल्क, टॉप डाइड, एम्ब्रॉयडरी और पोजीशन प्रिंट जैसी कैटेगरी सबसे ज्यादा पसंद की जा रही हैं। खासतौर से वीविंग साड़ियां इस बार का सबसे बड़ा ट्रेंड बनी हैं। कई बड़े ब्राण्ड्स ने इस सीजन में वीविंग साड़ियों के प्रॉडक्शन पर विशेष फोकस किया है। आगामी वेडिंग सीजन के चलते हैवी फैंसी जरी वर्क साड़ियों की डिमाण्ड भी रिकॉर्ड स्तर पर है। एक स्थानीय प्रतिष्ठित एजेंट का कहना है, 'इस बार ग्राहकों का रूझान वीविंग और टॉप डाइड साड़ियों की ओर अधिक है। मार्केट में नए डिजाइन और क्रिएशन को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है।'

### लहंगों की बिक्री में जोरदार उछाल

सूरत ने राष्ट्रीय स्तर पर लहंगा उत्पादन में भी अपनी खास पहचान बना ली है। नवरात्रि और वेडिंग सीजन के कारण लहंगों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। गरबा कलेक्शन और हल्के डिजाइन वाले नवरात्रि लहंगे के साथ-साथ शादियों के लिए हैवी वर्क वाले डिजाइनर लहंगे सबसे ज्यादा बिक रहे हैं। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश सहित देशभर से बड़े पैमाने पर ऑर्डर सूरत पहुँच रहे हैं।

### मार्केट का नजारा देर रात तक गूंजता कारोबार

इस समय सूरत के कपड़ा बाजारों में देर रात तक रौनक देखने को मिल रही है। कई एजेंट्स का कहना है कि वे रोजाना आधी रात तक मार्केट में सक्रिय रहते हैं, ताकि समय पर ग्राहकों को डिलिवरी दे सकें। खरीददार व्यापारी भी देर रात तक खरीदारी में व्यस्त हैं, जबकि सप्लायर्स इस सीजन की मांग को पूरा करने के लिए लगातार नए स्टॉक बाजार में उतार रहे हैं। एक एजेंट ने बताया कि विगत दिनों ग्राहकी का माहौल इतना जबरदस्त रहा कि कई बार उन्हें रात दो-दो बजे तक मार्केट में ही रहना पड़ा।

### नए फैब्रिक्स और डिजाइन में बढ़ती क्रिएटिविटी

इस सीजन में सूरत के उद्यमियों ने न केवल साड़ियों और लहंगों में, बल्कि लेडीज गारमेण्ट्स में भी बड़े स्तर पर नए प्रयोग किए हैं। रेडीमेड सूट्स, कुर्तीज, गाउन्स और इंडो-वेस्टर्न आउटफिट्स की मांग तेजी से बढ़ रही है। नए फैब्रिक्स और आकर्षक कलर कॉम्बिनेशंस के साथ ताजगी भरे डिजाइन ग्राहकों को खूब पसंद आ रहे हैं। कई बड़े ब्राण्ड्स अब गारमेण्ट्स के प्रॉडक्शन पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

## BK THAVKI SILK NX LLP

### हर दिन नया फैशन क्रिएट करने का जुनून

सूरत की प्रमुख सिल्क साड़ी निर्माता कम्पनी BK Thavki Silk Nx llp वूमन्स फैशन की दुनिया में ट्रेंड सेटर कम्पनी मानी जाती है। श्री सोनू खंडेलवाल ने बताया कि 'हर दिन नया फैशन क्रियट करना BK Thavki का रूटीन वर्क है। भारत के हर राज्य के हिसाब से कम्पनी साड़ियों का टेस्ट तैयार करती है और देश की इसी विविधता को कम्पनी ने अपने विस्तार का फॉर्मूला बनाया हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि कम्पनी में हर सीजन की तैयारी उत्सव की तरह की जाती है।

वर्तमान फेस्टिव सीजन को लेकर उन्होंने बताया कि अभी वीविंग सिल्क साड़ियों की जबरदस्त मांग चल रही है। वैसे हमारे पास साल के 365 दिन ग्राहकी रहती है। अभी हमने आगामी वेडिंग सीजन की तैयारी भी पूरी कर ली है। BK Thavki Silk Nx llp की यह नीति और दूरदर्शी दृष्टिकोण ही है कि कम्पनी हर सीजन में नए डिजाइन और ट्रेंड्स के साथ बाजार में सबसे आगे रहती है और ग्राहकों की पहली पसंद बनी हुई है।



## वूमन्स एथनिक वियर की स्मार्ट और विश्वसनीय सोर्सिंग फर्म

# पंकज टेक्सटाइल एजेंसी

## 500+ ब्राण्ड्स के साथ मजबूत व्यावसायिक संबंध, देशभर में भरोसेमंद सप्लाई नेटवर्क



सूरत/ वर्ष 2006 में स्थापित 'पंकज टेक्सटाइल एजेंसी' आज देशभर के होलसेल व्यापारियों के लिए वूमन्स एथनिक वियर की बेस्ट सोर्सिंग एजेंसी के रूप में जानी जाती है। एजेंसी के संस्थापक एवं ऑनर श्री पंकज कुमार पांडे अपनी ईमानदार छवि और बेहतरीन सेवाओं के कारण टेक्सटाइल इंडस्ट्री में एक मजबूत पहचान बना चुके हैं। बिजनेस में उनका साथ दे रहे श्री राहुल पांडे, जो एजेंसी के काम में अच्छी भूमिका निभा रहे हैं। एजेंसी की पारदर्शिता, ईमानदारी और उत्कृष्ट सेवाएं इसे देशभर के होलसेल व्यापारियों के लिए वूमन्स एथनिक वियर की सबसे भरोसेमंद सोर्सिंग एजेंसी बनाती हैं। भविष्य में यह एजेंसी भारतीय टेक्सटाइल मार्केट में नए मानक स्थापित करेगी।

### फैंसी व प्रीमियम क्वालिटी का विशेष फोकस

एजेंसी का प्रमुख फोकस फैंसी और प्रीमियम वूमन्स एथनिक वियर पर है, जिसमें साड़ियां, लहंगे, सूट्स, रेडीमेड गारमेण्ट्स और वैल्यू एडेड फैब्रिक्स शामिल हैं। सूरत के टॉप ब्राण्ड्स और सप्लायर्स के साथ गहरे संबंधों के कारण एजेंसी देशभर के व्यापारियों को लेटेस्ट फैशन ट्रेंड्स, सर्वश्रेष्ठ क्वालिटी और नए डिजाइंस समय पर उपलब्ध कराती है। श्री पांडे का कहना है कि उनकी एजेंसी हमेशा ग्राहकों को फैशन-फॉरवर्ड और प्रीमियम प्रॉडक्ट्स देने पर जोर देती है।

### सूरत और बनारस - दो शहर, एक मजबूत नेटवर्क

'पंकज टेक्सटाइल एजेंसी' का ड्यूल नेटवर्क इसे अन्य एजेंसियों से अलग बनाता है। सूरत ऑफिस से देशभर में सूरत में निर्मित वूमन्स एथनिक वियर और वैल्यू एडेड फैब्रिक्स की सप्लाई की जाती है। बनारस ऑफिस, जहाँ पर श्री पांडे के मार्गदर्शन में श्री सुशील भाई काम देखते हैं, वहाँ से बनारसी साड़ियां एवं फैब्रिक्स की आपूर्ति पूरे भारत में तथा सूरत के ग्रे फैब्रिक्स की सप्लाई बनारस में की जाती है। इस प्रकार एजेंसी सूरत और बनारस, दोनों शहरों की टेक्सटाइल विरासत और आधुनिक फैशन इंडस्ट्री को जोड़ते हुए व्यापारियों को एक ही प्लेटफॉर्म पर बेस्ट सोर्सिंग उपलब्ध कराती है।

### पारदर्शी नीतियों व बेहतरीन सेवाओं का भरोसा

आज 'पंकज टेक्सटाइल एजेंसी' 500 से अधिक प्रतिष्ठित सप्लायर्स और ब्राण्ड्स के साथ कार्य कर रही है। एजेंसी अपने ग्राहकों को फैशन ओरियंटेड प्रॉडक्ट्स एवं ट्रेंडिंग डिजाइंस की बेस्ट सोर्सिंग की सुविधा प्रदान करती है। यह एजेंसी हमेशा ट्रांसपेरेंसी और ईमानदारी को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करती है, जिससे बड़े होलसेल व्यापारियों का भरोसा कायम रहता है।

### व्यापार हितैषी दृष्टिकोण और सेवाएं

'पंकज टेक्सटाइल एजेंसी' का मानना है कि सफल व्यापार केवल प्रॉडक्ट की सप्लाई तक सीमित नहीं है। इसलिए एजेंसी का ध्यान हमेशा अपने ग्राहकों की व्यापारिक सफलता पर केंद्रित रहता है। व्यापारियों और सप्लायर्स के साथ निरंतर सम्पर्क बनाए रखना, मार्केट में ट्रेंडिंग फैब्रिक्स की जानकारी उपलब्ध कराना और ग्राहकों को समय पर सप्लाई करना इस एजेंसी की विशेषताएं हैं। इसी कारण यह एजेंसी देशभर के होलसेल व्यापारियों के लिए स्मार्ट फैशन सोर्सिंग का भरोसेमंद नाम बन चुकी है।

### फैशन सोर्सिंग का आधुनिक प्लेटफॉर्म

'पंकज टेक्सटाइल एजेंसी' का विजन सूरत और बनारस के श्रेष्ठ वूमन्स वियर एवं फैब्रिक ब्राण्ड्स को मॉडर्न ट्रेंडिंग नेटवर्क से जोड़ते हुए व्यापारियों को पारदर्शी नीतियों के साथ बेहतर फैशन सोर्सिंग और विश्वसनीय सेवाएं प्रदान करना है।

### सूरत के आड़तिया कपड़ा एसोसिएशन से जुड़ी सक्रिय भूमिका

व्यापार जगत में अपनी सक्रियता के साथ, श्री पंकज कुमार पांडे हाल ही में सूरत की प्रतिष्ठित संस्था 'आड़तिया कपड़ा एसोसिएशन' के वाइस प्रेसिडेंट चुने गए हैं। यह संस्था सूरत के सप्लायर्स, आड़तियों और एजेंट्स के हितों की रक्षा के लिए सुरक्षा कवच की तरह कार्य करती है तथा पारदर्शी और सुरक्षित व्यापारिक वातावरण के लिए लगातार प्रयासरत रहती है।

PANKAJ TEXTILE AGENCY
PANKAJ KUMAR PANDEY +91 99099 23222, 99099 43222
N.K. Tradelink Co.
Jay Babaree Tradelink LLP
Head Office: 2nd Floor, Raman Chembers, Nr. Moti Talkies, SURAT-395003
PH. 8238887111 | Rahul Pandey : +91 75748 10001
Branch Office : 2nd Flor, Narayan Katra, Opp. Bank of Baroda Chock, Varanasi
Mob.: 88872-57957 | E-mail: pankajtextileagency222@gmail.com

Prabhu जी HARE KRISHNA ART

# सूरत के डिजाइनर लहंगों की शान

## वेडिंग और गर्लिश लहंगों के सबसे बड़े कलेक्शन के साथ अपकमिंग सीजन के लिए खास तैयारी



श्री नरेश साचापरा
डायरेक्टर, प्रभुजी हरे कृष्णा आर्ट

सूरत / सूरत की फैशन इंडस्ट्री में प्रभुजी हरे कृष्णा आर्ट ने अपने बेहतरीन डिज़ाइनों, हाई-क्वालिटी प्रोडक्ट्स और अनोखे कॉन्सेप्ट्स के दम पर अलग पहचान बनाई है। गर्लिश और वैडिंग लहंगों में इतना विशाल और प्रीमियम कलेक्शन बहुत कम देखने को मिलता है। अपकमिंग वैडिंग सीजन के लिए कंपनी की विशेष तैयारियां यह दर्शाती हैं कि यह ब्राण्ड आने वाले समय में भारतीय फैशन इंडस्ट्री में नए ट्रेंड सेट करने वाला है। देशभर में लेडीज़ फैशन की दुनिया में सूरत का नाम आज इंटरनेशनल लेवल पर गूंज रहा है, खासकर डिज़ाइनर लहंगा सेगमेंट में वैवाहिक और पार्टी वियर फैशन में लगातार बढ़ती डिमांड के बीच प्रभुजी हरे कृष्णा आर्ट एक ऐसा ब्राण्ड है, जिसने अपनी क्रिएटिविटी और इनोवेशन के दम पर बाजार में अलग पहचान बनाई है। वर्ष 2008 में स्थापित हुई इस कंपनी ने फैंसी डिज़ाइनर लहंगों के प्रोडक्शन में नई ऊंचाइयों को छुआ है। कंपनी के डायरेक्टर श्री नरेश साचापरा की विज़नरी सोच और आधुनिक कार्यशैली के कारण प्रभुजी हरे कृष्णा आर्ट न सिर्फ सूरत बल्कि पूरे भारत में अपने प्रोडक्ट्स और डिजाइन के लिए मशहूर है।

### फैंसी साड़ियों में नया ब्राण्ड प्रभुजी साड़ी

लहंगों की तरह ही कंपनी ने अब फैंसी डिज़ाइनर साड़ियों के प्रोडक्शन में भी कदम रखा है। फेस्टिवल सीजन के लिए खासतौर पर तैयार किए गए साड़ियों के नए पार्टी वियर कलेक्शंस को बाजार में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। श्री नरेश साचापरा ने बताया कि साड़ियों के इस नए प्रोडक्शन को 'प्रभुजी साड़ी' ब्राण्ड नाम से पेश किया गया है, और यह तेजी से पॉपुलर हो रहा है। वैडिंग और पार्टी वियर सेगमेंट में यह ब्राण्ड ग्राहकों के लिए स्टाइल और क्वालिटी का नया विकल्प साबित हो रहा है।



### गर्लिश और वेडिंग लहंगों का विशाल कलेक्शन

सूरत में बहुत कम कंपनियां हैं जो गर्लिश और वैडिंग लहंगों का इतना बड़ा और हाई-एंड कलेक्शन तैयार करती हैं। प्रभुजी हरे कृष्णा आर्ट उन चुनिंदा कंपनियों में से एक है, जो हर सीजन के लिए बेहतरीन और एक्सक्लूसिव रेंज लॉन्च करती है। कंपनी की विशेषता यह है कि यह लो रेंज से लेकर हाई-एंड प्रीमियम लहंगों तक का शानदार कलेक्शन तैयार करती है। इसका पैन इंडिया नेटवर्क बहुत मजबूत है और देशभर के प्रतिष्ठित बुटीक, फैशन स्टोर्स और शोरूम्स पर इनके प्रोडक्ट्स की बड़ी डिमांड रहती है। कंपनी अपने प्रमोशन के लिए देश के अलग-अलग हिस्सों में आयोजित एग्जीबिशन में नियमित रूप से भाग लेती है, जिससे ट्रेड नेटवर्क और ग्राहकों के बीच इसका ब्राण्ड और मजबूत होता है।

### अपकमिंग वेडिंग सीजन के लिए जबरदस्त तैयारी

दिवाली के बाद आने वाला वैडिंग सीजन लेडीज़ फैशन इंडस्ट्री के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है। इस बार प्रभुजी हरे कृष्णा आर्ट ने इस सीजन को ध्यान में रखते हुए नए-नए कलेक्शंस पेश किए हैं, जो बाजार में तहलका मचाने वाले हैं। कंपनी ने पहली बार अपने डिजाइनर लहंगों के साथ मैचिंग शूज भी उपलब्ध कराए हैं, जिससे ग्राहकों को हेड-टू-टो परफेक्ट लुक मिल सके। इस इनोवेशन को बाजार में काफी सराहा जा रहा है। वर्तमान समय में इन नए कलेक्शंस की बुकिंग जोर-शोर से चल रही है और डीलर्स व ग्राहकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। श्री नरेश साचापरा के अनुसार, इस बार की तैयारी ऐसी की गई है जैसी सूरत में शायद ही कभी देखने को मिली हो। हर लहंगे और साड़ी में फैब्रिक से लेकर वैल्यू एडिशन तक का खास ख्याल रखा गया है, ताकि वैडिंग सीजन में ग्राहकों को एकदम प्रीमियम और अनोखा अनुभव मिल सके।

### डिजाइंस एवं क्वालिटी पर खास फोकस

कंपनी हर सीजन को एक नए उत्सव की तरह सेलिब्रेट करती है। फैब्रिक सिलेक्शन से लेकर हाई वैल्यू एडिशन तक हर स्टेप पर क्वालिटी और डिजाइन को प्राथमिकता दी जाती है। इसकी रेंज में फैंसी डिजाइनर लहंगा-चोली, प्रभुजी साड़ी कलेक्शन, ब्लाउज और शूज कलेक्शन शामिल हैं। हाई क्वालिटी डिजिटल प्रिंट्स और इनोवेटिव डिजाइन इस ब्राण्ड को अन्य कंपनियों से अलग बनाते हैं।



PRABHUJI HARE KRISHNA ART
Sales Office: Shop No. 450, 4th Floor, Millennium Textile Market-2 B/h. Raghukul Textile Market, Surat-395002
Mob.: 9925095200 | 9879895200 | 9909012302 | Email: prabhuji0099@gmail.com | Web.: www.prabhujihk.com
Naresh (Prabhuji)
99090 95200


Sparsh-Fab®
PREMIUM FABRIC
INSPIRED THINKING
SPARSH CONNECT
DUBAI SUMMIT 2025
THE LEGACY CIRCLE MEET
हर उपलब्धि का जश्न,
हर सपने की उड़ान.
साथ है स्पर्श-फैब परिवार,
तो रहेंगे
हमेशा दो क़दम आगे,
और विजन - 2030
होगा साकार.


Sparsh-Fab®
PREMIUM FABRIC
INSPIRED THINKING
SPARSH CONNECT
DUBAI SUMMIT 2025
THE LEGACY CIRCLE MEET
हमारे साथी, हमारी ताक़त
कल, आज और हमेशा।
दुबई समिट – लेगेसी सर्कल मिलन। दुबई समिट केवल एक आयोजन नहीं था, बल्कि यह हमारे साझेदारों की मेहनत, विश्वास और महत्वाकांक्षा का उत्सव था। हमने इस मिलन के लिए दुबई को चुना क्योंकि यह शहर आधुनिकता और वैश्विक दृष्टिकोण का प्रतीक है – ठीक वैसे ही जैसे हमारा विजन 2030 है। लेगेसी सर्कल में वे चुनिंदा डीलर और एजेंट शामिल किए गए हैं, जिन्होंने अपने प्रदर्शन, संभावनाओं और आगे बढ़ने की चाह से स्पर्श-फैब का साथ निभाया है।
यह सर्कल केवल सम्मान नहीं है, बल्कि एक अवसर है – आने वाले वर्षों में दो क़दम आगे रहने का।
CHAMPION
RK Enterprises - National No.1
EXCELLENCE
Chetandas Kedardas - National No.2
ACHIEVER
Delhi Cloth Wholesale Shop Rohtak - National No.3
CHAMPION
Shree Madhusudan Synthetics- National No.1
EXCELLENCE
Eastern Marketing - National No.2
ACHIEVER
K. K. Textiles Agency - National No.3
OUR STATE LEADERS
Sharad Textiles Agra
Uttar pradesh No.1
Tanejas Uniforms
Delhi No.1
Calicut Textiles
Kerala No.1
Shree Nanesh Enterprise
Assam No.1
Madni Textile Gujarat No.1
Mahaveer Textiles
Maharashtra No.1
Radha Stores
Tamil Nadu No.1
Peekay Synthetics
Bihar No. 1
Heeranand Niraj Kumar
Utttarakhand No.1
Shyamjee Synthetics
Rajasthan No. 1
OUR RISING STARS
Prime Textiles
Hyderabad Rising Star
Mehta Hi Fashion
Bangaluru Rising Star
R. K. Textiles
Andhra Pradesh Rising Star
M Rajesh Kumar
Madhya Pradesh Rising Star
Unifab Textiles
Punjab Rising Star
Gaurav Synthetics
Eastern UP Rising Star
Rajkumar Kamal Kumar
Central UP Rising Star
RK Taneja & Sons
Western UP Rising Star
Sukh Sagar Fabrics
Western UP Rising Star
Parsram Rajpal
Mumbai Rising Star
Bijal Textiles
Gujarat Rising Star

www.sparshfab.com

**Sparsh-Fab®**
PREMIUM FABRIC

INSPIRED THINKING

# जिसे हो प्रगति की आस, वही बनेगा स्पर्श-फैब का लेगेसी सर्कल सदस्य ख़ास।

भारतीय वस्त्र उद्योग आने वाले वर्षों में सबसे तेज़ी से बढ़ने वाले क्षेत्रों में से एक है। सरकार की PLI स्कीम, मेक इन इंडिया, एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी और टेक्सटाइल पार्क जैसी योजनाएँ इस उद्योग को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिला रही हैं। **स्पर्श-फैब ने अपने विजन 2030 के तहत 400% वृद्धि का लक्ष्य रखा है** — ₹175 करोड़ से ₹750+ करोड़ तक का सफ़र, मज़बूत इंफ़्रास्ट्रक्चर, रेडी स्टॉक और भविष्य-रेडी सोच के साथ अगर आप भी इस इंडस्ट्री में दो क़दम आगे रहना चाहते हैं, तो आज ही जुड़िए स्पर्श-फैब के साथ और

**बनिए हमारे लेगेसी सर्कल के ख़ास सदस्य।**







SPARSH CONNECT | DUBAI SUMMIT 2025
THE LEGACY CIRCLE MEET







**स्पर्श-फ़ैब विज़न 2030 के तहत 4X ग्रोथ पाएँ और स्पर्श लेगेसी सर्कल का हिस्सा बनें कॉल करें विकास टोडी: 93222 58037**

**SPARSH FAB TEXTILES PVT. LTD.** Building No. H, Gala No. 109, 1st Floor, Jai Matadi Compound, Kalher, Bhiwandi - 421 302. T: 85305 72345 / 70586 96294,



BE ROYAL IN YOUR FASHION...
Karni's
COTTON FABRICS
PRESSCOTT
PREMIUM COTTON FABRICS
LINEN MONARCH
FABRICS THAT BREATHE !
Karni Textile Mills Pvt. Ltd. | Karni Textile Industries LLP.
23/137, Gate No. 892, Shahpur Road. Ichalkaranji-416115 Kolhapur, Maharashtra
Grampanchayat, N No.1698/11, 12, Godown, Gala No.E/105, Swagat Complex, Rahnal, Bhiwandi, Thane-421 302
P-12, New Howrah Bridge Approach Road, 2nd Floor, Baiju Chowk, Kolkata-700 001.
E-mail: sales@karnimills.com Website: www.karnimills.com




Available in Multiple Colours & Prints
From the House of UNITED
DesiGirl
United fashion industries
(A Group of B.S. Mills, Ichalkaranji)
Corporate Office : B, 501-506, Dhanashree Heights, Building no. 42, Sangam CHS. , Azad Nagar, Off Veera Desai Road, Near Axis Bank, Andheri (West), Mumbai- 400 053. INDIA
Branch Office : "Asha" Building, Lane No. 2, Sarvodaya Nagar, Ichalkaranji (M.S.), INDIA. Web. : www.desigirlfashion.in For Trade/ Distribution Enquiries Contact : +91 9657055755







# रेडीमेड कुर्ता-पायजामा आकर्षक एवं विभिन्न कलर रेंज में हर समय उपलब्ध
# कुर्ता हब

## लिनन, डिजिटल, एम्ब्रॉयडरी जो हर त्यौंहार के लिए आपको खास बनाता है



इचलकरंजी/ स्थानीय वस्त्र मण्डी ग्रे फैब्रिक के लिए भारत की तमाम मण्डियों में जाना जाता है। वहीं अनेक ऐसे उद्यमी है, जो कुछ नया करने की चाह के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उद्यमी फिनिश शर्टिंग के साथ-साथ एथनिक वियर में नया डवलपमेण्ट कर रहे हैं। ऐसे उद्यमियों में श्री विमल शिवरतन जोशी जो हर त्योहार, वैवाहिक सीजन के लिए आपको खास बनाने में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। श्री जोशी ने बताया कि वर्ष 1999 से हम टेक्सटाइल व्यवसाय से जुड़े है। निरंतर बाजार के इनोवेशन एवं बदलते ट्रेंड को देखते हुए वर्ष 2016 में एथनिक वियर के बढ़ते ट्रेंड को ध्यान में रखते हुए हमारे द्वारा रेडीमेड कुर्ता-पायजामा में कदम बढ़ा रखा और हमारे ब्राण्ड 'कुर्ता हब' को बाजार में पेश किया, जो आज भारत की तमाम मण्डियों में छाया हुआ है। सालासर क्लोदिंग एवं कृष्णा क्लोदिंग के इस ब्राण्ड में हमारे द्वारा रेडीमेड कुर्ता-पायजामा की 200 से ज्यादा वैरायटियों में प्लेन, एम्ब्रॉयडरी, कॉटन, चिकन वर्क, डिजिटल, लिनन के डिजाइन विभिन्न कलर रेंज एवं पैटर्न में हमेशा उपलब्ध रहती है। हमारे पास लगभग 1500 से ज्यादा सेम्पल चार्ट तैयार रहते हैं, जो व्यापारियों को देखते ही पसंद आ रहे हैं।

**इनहाउस गारमेण्टिंग** - श्री जोशी ने बताया कि हमारे सभी उत्पाद इनहाउस स्टीचिंग किए जाते हैं। इसके लिए हमने 150 अत्याधुनिक मशीनें लगाई हुई है। जिस पर सम्पूर्ण कुर्ता-पायजामें की गारमेण्टिंग की जाती है। इसके लिए हमारे पास कुशल कारीगरों की पूरी टीम कार्य करती है, जो हमेशा फैब्रिक की गुणवत्ता, उसके डिजाइंस एवं पैटर्न पर ध्यान केंद्रित करते हुए फैब्रिक का डवलपमेण्ट करते हैं।

**हर विशेष आयोजन के लिए रेंज** - श्री जोशी ने बताया कि हमारे पास कुर्ता-पायजामा की पूरी रेंज हर समय उपलब्ध रहती है, जो दीपावली, ईद, पूजा, वैवाहिक सीजन के लिए हर उपभोक्त । या पहनने वाले को खूबसूरत बनाती है। कम्पनी हर सीजन के लिए विभिन्न प्रकार के डिजाइंस में रेंज उपलब्ध कराने में सक्षम है।

**भारत सहित विदेशों में भी सप्लाई** - आज हमारे उत्पादों की क्वालिटी, पैटर्न एवं स्टीचिंग का कोई मुकाबला नहीं है। हमारी पूरी टीम इस ओर अपना ध्यान बनाए हुए हैं। इसकी बदौलत व्यापारी हमारे उत्पादों से जुड़ा हुआ है। हमारे द्वारा आज सम्पूर्ण भारत की मण्डियों सहित अमेरिका, लंदन, आस्ट्रेलिया, मॉरिशस, दुबई में बड़े पैमाने पर एक्सपोर्ट किया जा रहा है।

**टीमवर्क** - श्री जोशी ने बताया कि इस पूरे कार्य में मेरे बड़े भाई श्री जुगल किशोर जोशी एवं भतीजा श्री आर्यन जोशी कंधे से कंधा मिलाकर कामकाज को आगे बढ़ा रहे हैं, जो हमेशा नई सोच के साथ, नये डवलपमेण्ट पर अपना ध्यान केंद्रित करते हुए निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। हम हर समयानुसार मार्केट में चल रहे न्यू ट्रेंड पर वर्किंग करते हुए अपने उत्पादों में डवलपमेण्ट करते हैं। इसी की बदौलत हमारा ब्राण्ड 'कुर्ता हब' मार्केट में दिनों-दिन आगे बढ़ रहा है।

**ग्राहक संतुष्टि हमारा मुख्य ध्येय** - श्री जोशी ने बताया कि हम हमेशा अपने उत्पादों में निखार लाने में कोई कसर नही छोड़ते हैं। हम हमेशा ग्राहकों की संतुष्टि पर ध्यान देते आए हैं। इसी कारण ग्राहक हमारे पास वर्षों से जुड़ा हुआ है।

**सोशल मीडिया पर फोकस** - आज के जमाने में सोशल मीडिया जबरदस्त ट्रेंड में चल रहा है। हम निरंतर इस ओर आगे बढ़ रहे हैं। आज भी हमारे इस प्लेटफॉर्म पर जाकर विजिट करें, ताकि आपको आकर्षक एवं बेहतरीन रेंज देखने का मौका मिल सके। आज इंस्टाग्राम, फेसबुक, यूट्यूब पर हमारे यूजर्स निरंतर बढ़ रहे हैं और हमारे साथ जुड़ रहे हैं।




KANADE ADVERTISING

Specialised in
DYED | RFD | PRINTED
FABRICS

For Sales & Enquiries
Please Contact
+91 914 666 1 666

PRIYALAXMI TEXTILE MILLS PVT. LTD.
Ichalkaranji Dist. Kolhapur.
admin@priyalaxmi.com www.priyalaxmi.com






**microtex**

Let's Go Green Together



## State-of-the-Art, Ultra Modern Processing House....

**CONTINUOUS BLEACHING, MERCERISING AND DYEING, ROTARY AND DIGITAL PRINTING.**

# MICROTEX PROCESSORS PVT. LTD.

Plot No.T-77, Kagal-Hatkanangale Five Star Industrial Area,
Village - Talandage 416236, Taluka- Hatkanangale. Dist. - Kolhapur (M.S.) Contact : +91 98230 29226

**Promoters : Sachin Zanwar | Kishorekumar Mundra | Sanjay Patani | Chhogalal Vadera | Sandeep Patani**




SWASTIK DENIM

## SWASTIK DENIM PVT. LTD.

Plot No. 1-3, Kallappana Awade Co.-Op Ind. Estate
& Integrated Textile Park Ltd., Gat No 637 & 638,
**Tardal. 416 121.** Dist : Kolhapur (M.S.)
Contact : +91 94224 24988

Happy Diwali

LEADERS IN TRADITION OF TEXTILE
PG
PREMLATA

Happy Diwali

# PREMLATA GROUP

*Leaders in Tradition of Textile*

**Manufacturer of Greige and Finish Shirting Fabric of**

**Cotton | Linen | Lycra | Tencel | Cotton Linen**
**Lycra | Viscose Linen | Tencel Linen**

| SANJAY LAHOTI | RAGHUVEER LAHOTI | DEV LAHOTI | RAJEEV LAHOTI |
|---|---|---|---|
| 9422049228 | 8999462331 | 9373571019 | 9309774331 |

**ADDRESS**

"Prem Ratna", Opposite to Astavinayak Residency, Old Chandur Road, Ichalkaranji-416115 (Maharashtra) **Email:premlatagroup139@gmail.com**

फैंसी एवं एक्सपोर्ट क्वालिटी फैब्रिक देने में सिद्धहस्त

## सुनियोजित टीमवर्क के साथ आगे बढ़ता

# प्रेमलता ग्रुप

**इचलकरंजी** / स्थानीय वस्त्र मण्डी ग्रे-फैब्रिक के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ के उद्यमियों द्वारा हर वर्ष नवाचार किया जाता है, जिसका उदाहरण हमें देखने को मिलता है। इसी कड़ी में 'प्रेमलता ग्रुप' जो शुरूआत में मलमल एवं लॉन क्लॉथ से व्यापार की शुरूआत की और आज दिनों-दिन नया डवलपमेण्ट करते हुए फिनिश फैब्रिक में अपने कदम बढ़ाती जा रही है।

'प्रेमलता ग्रुप' के डायरेक्टर श्री संजय लाहोटी ने बताया कि कम्पनी द्वारा आज फिनिश फैब्रिक में अनेक क्वालिटियों का उत्पादन किया जा रहा है, जिसमें शर्टिंग फैब्रिक मुख्य रूप से भारत की तमाम मण्डियों में सप्लाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2012-13 से फिनिश फैब्रिक में कदम रखते हुए आज कॉटन लिनन, एक्सल लिनन, प्योर लिनन, विस्कोस लिनन के अलावा लिनन फैब्रिक में हर प्रकार की क्वालिटी का उत्पादन किया जा रहा है।

श्री लाहोटी ने बताया कि 'प्रेमलता ग्रुप' ने शुरूआत से ही क्वालिटी व उत्पाद देने को अपना मुख्य उद्देश्य बनाया है। वे आज अपने फैब्रिक की क्वालिटी पर विशेष ध्यान देते हुए अच्छे प्रोसेस गृह में अपने उत्पादों को फिनिश करवाते हैं। साथ ही एक सुनियोजित टीम के साथ वर्किंग करते हुए ग्रे, वीविंग, फिनिश की सम्पूर्ण चैकिंग करके फैब्रिक को डिस्पेच किया जाता है, जिससे भारत की तमाम मण्डियों में साख बनाए हुए है।

**व्यापार में नई पीढ़ी का प्रवेश** - श्री संजय लाहोटी ने बताया कि आज क्वालिटी एवं गुणवत्ता के दम पर भारत की तमाम मण्डियों में अपने उत्पादों को पहुँचा रहे हैं। साथ ही नई पीढ़ी उनके सुपुत्र श्री रघुवीर लाहोटी ने कदम रखते हुए अपने पिताश्री के व्यापार को आगे बढ़ा रहे हैं। श्री रघुवीर लाहोटी चार्टर्ड अकाउंटेट की डिग्री प्राप्त कर अपने व्यापार में एक्सपोर्ट एवं बड़ी मिलों को कपड़ा सप्लाई करने पर फोकस कर रखा है। उन्होंने बताया कि आज हम लिनन की सभी क्वालिटियों पर फोकस किए हुए है। लिनन के उत्पादन में हमारी विशेषता बनी हुई है। इसी के कारण मुम्बई, दिल्ली एवं बड़ी मिलों को सेल्वेज के साथ शर्टिंग फैब्रिक सप्लाई कर रहे हैं। इसके अलावा हमारे द्वारा आज मुम्बई की बड़ी मिलों को ग्रे भी सप्लाई किया जा रहा है। आगामी सीजन पर चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि आज लिनन का क्रेज दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। आने वाले समय में लिनन की डिमाण्ड और ज्यादा बढ़ने वाली है। इसलिए हम लिनन की क्वालिटियों पर विशेष फोकस बनाए हुए हैं।






# हर प्रकार का फैब्रिक वैश्विक स्तर पर पहुँचाने को तैयार अरविन्द ग्रुप

**इचलकरंजी/** वर्ष 1944 मे स्व. श्री. दगडुलालजी मर्दा द्वारा स्थापित 'अरविंद ग्रुप' आज कॉटन एवं सिंथेटिक यार्न स्पिनिंग से लेकर गारमेण्ट के क्षेत्र में एक अग्रणी नाम है। 'अरविंद ग्रुप' अपना शत-प्रतिशत कॉटन, पीवी, पीसी यार्न, ग्रे फैब्रिक्स, डाइड फिनिश्ड फैब्रिक्स, यूनिफॉर्म फैब्रिक्स, निटेड फैब्रिक्स व गारमेण्ट की सप्लाई पूरे भारत वर्ष एवं विदेशों में भी करता है। 'अरविंद ग्रुप' की कम्पनियों में अरविंद कॉटसिन (इण्डिया) लि., अरविंद डाइंग एंड ब्लीचिंग मिल्स प्रा. लि. एवं अरविंद यूनिवर्सल टेक्सटाइल प्रा. लि. शामिल हैं।

## 1. अरविंद कॉटसिन (इण्डिया) लि.

**स्पिनिंग** - कम्पनी की वर्ष 1995 में स्थापित, 25000 स्पिन्डल की स्पिनिंग मिल द्वारा घरेलु बाजार एवं इन हाउस कन्जम्पशन के लिए कॉटन, पीवी, पीसी यार्न बनाया जाता है और इस यार्न से बनाया कपड़ा विदेशी बाजार को निर्यात किया जाता है। कम्पनी का स्पिनिंग प्लांट अत्याधुनिक मशीनों से लेस है और 20 से 60 काउंट तक का उच्चतम क्वालिटी यार्न बनाया जा रहा है। यार्न क्वालिटी जाँच के लिए लेबोरेटरी बनाई हुई है।

**वीविंग विभाग** - इसके तहत वुवन फैब्रिक का निर्माण और घरेलु व निर्यात बाजार के लिए मार्केटिंग की जाती है। कम्पनी ने हाल ही में अत्याधुनिक तकनीक के 100 एयरजेट लूम एवं ऑटोमेटिक सायजिंग वार्पिंग का प्लांट शुरू किया है।

**प्रोसेसिंग विभाग** - यहाँ पर विभिन्न प्रकार के वुवन, निटेड फैब्रिक की फिनिशिंग एवं प्रोसेसिंग की जाती है। इचलकरंजी में प्रचुर क्षमता का यह प्रोसेसिंग हाउस अत्याधुनिक लेबोरेटरी से युक्त है।

## 2. अरविंद यूनिवर्सल टेक्सटाइल प्रा. लि.

इस कम्पनी के अंतर्गत वुवन फैब्रिक का निर्माण कर घरेलु और निर्यात बाजार के लिए मार्केटिंग की जाती है। वीविंग के लिए कम्पनी के पास सन् 2005 से ऑटोमेटिक साइजिंग वार्पिंग मशीन के साथ ही टोयोटा के 100 आधुनिक एयरजेट लूम हैं, जिस पर प्रतिमाह 1.5 मिलियन मीटर्स कपड़ा बनाया जाता है। 'अरविंद ग्रुप' की स्पिनिंग प्लांट में यथा संभव उनके खुद की कम्पनियों द्वारा स्थापित पवन ऊर्जा संयंत्रों से निर्मित बिजली का इस्तेमाल किया जा रहा है। अरविंद ग्रुप द्वारा महाराष्ट्र के विभिन्न स्थानों पर 15 मेगावॉट क्षमता के विंड पॉवर प्लांट स्थापित हैं। नए भारत में वस्त्र उद्योग में अपार संभावनाओं के देखते हुए 'अरविंद ग्रुप' द्वारा जल्द ही 50000 स्पिन्डल का मॉडर्न टेक्नोलॉजी से युक्त स्पिनिंग यूनिट एवं आधुनिक तकनीक के 200 एयरजेट लूम व साइझिंग वार्पिंग यूनिट लगाकर विस्तार किया जा रहा है।

## कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (CSR)

देश का तेजी से बढ़ता और प्रतिष्ठित ग्रुप होने के नाते 'अरविंद ग्रुप' अपने सामाजिक दायित्व को बखूबी समझता है। अपना सोशल मिशन पूरा करने के लिए वर्ष 1983 में 'श्री दगडुलाल मर्दा चेरीटेबल एंड रिसर्च फाउंडेशन' की स्थापना की। विगत तीन दशकों से भी अधिक समय से 'अरविंद ग्रुप' द्वारा मेडिकल, एज्युकेशनल एवं कम्युनिटी हेल्प सहित अनेक सामाजिक जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया जा रहा है। साथ ही ग्रुप द्वारा "श्री दगडुलाल मर्दा सीएसआर फाउंडेशन" की स्थापना करके सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी किया जा रहा है।

With Best Compliments From...
ARVIND COTSYN (INDIA) LTD.
MANUFACTURERS & EXPORTERS OF BLENDED POLYESTER VISCOSE & POLYESTER COTTON YARN
ARVIND DYEING & BLEACHING MILLS PVT. LTD.
MANUFACTURER OF DHOTIES, SAREES, SUITING, SHIRTING DRESS MATERIAL, COTTON YARN.
ARVIND UNIVERSAL TEXTILES PVT. LTD
MANUFACTURER OF GREY & DYED 100% COTTON SHIRTING & BOTTOM WEAR
ARVIND SPINTEX PVT. LTD.
SHRI DAGDULAL MARDA FOUNDATION
Bhikulal D. Marda
Laxmikant D. Marda
Shyamsundar D. Marda
Rajgopal D. Marda
CORPORATE OFFICE
ARVIND SQUARE
PLOT NO 3 & 10, STATION ROAD, OPP IDGAH MAIDAN, ICHALKARANJI-416115. DIST-KOLHAPUR.
CONTACT NO – (0230) 2435481, 2436525 FAX – (0230) 2435296acilich@bsnl.inWWW.ARVINDTEX.IN

## 3. अरविंद डाइंग एंड ब्लीचिंग मिल्स प्रा. लि.

**स्पिनिंग** - इस कम्पनी की स्पिनिंग मिल द्वारा 100 प्रतिशत कॉटन यार्न घरेलु बाजार एवं इनहाउस कन्जम्पशन के लिए बनाया जाता है और इस यार्न से बनाया कपड़ा विदेशी बाजार को निर्यात किया जाता है। इस कम्पनी का वर्ष 2012 में स्थापित 20160 स्पिन्डल का स्पिनिंग प्लांट भी अत्याधुनिक मशीनें एवं लेबोरेटरी से लेस है और इसकी क्षमता में 46000 स्पिन्डल की और बढ़ोतरी की गयी है। साथ ही 12000 स्पिन्डल और लगाए जा रहे हैं। यहाँ सभी काउंट का उच्चतम श्रेष्ठ क्वालिटी यार्न बनाया जा रहा है। इस स्पिनिंग प्लांट की छत पर 1.85 मेगावॅट क्षमता रूफटॉप सौर ऊर्जा परियोजना भी स्थापित है, जिससे निर्मित बिजली को इसी इकाई में इस्तेमाल किया जा रहा है।

**वीविंग विभाग** - इसके तहत वुवन फैब्रिक का निर्माण और घरेलु व निर्यात बाजार के लिए मार्केटिंग की जाती है।

**प्रोसेसिंग विभाग**- यहाँ पर विभिन्न प्रकार के वुवन, निटेड फैब्रिक की फिनिशिंग एवं प्रोसेसिंग की जाती है। प्रचुर क्षमता के इस प्रोसेसिंग हाउस में अत्याधुनिक लेबोरेटरी भी है।

**मार्केटिंग विभाग**- 'अरविंद ग्रुप' द्वारा बड़े स्तर पर कॉर्पोरेट खरीददारों, विभिन्न सरकारी एवं सेमी सरकारी विभाग, नेवी, आर्मी, स्टेट ट्रांसपोर्ट सर्विसेज, पुलिस डिपार्टमेण्ट के साथ ही विभिन्न इंस्टीट्यूशन्स जैसे स्कूल, सिक्योरिटी एजेंसीज, फेक्ट्रीज आदि को सभी प्रकार के फैब्रिक्स की सप्लाई की जाती है। 'अरविंद ग्रुप' के पास देशभर में रिटेल सप्लाई के लिए बेहतरीन और विश्वसनीय मार्केटिंग नेटवर्क है। आगामी योजना के अन्तर्गत कम्पनी द्वारा एयरजेट एवं साइझिंग यूनिट का कार्य शीघ्र शुरू होने वाला है।

# सम्पूर्ण भारत में अपनी क्वालिटी के दम पर पहचान स्वदेशी ब्राण्ड



**इचलकरंजी/** स्थानीय वस्त्र मण्डी में अपनी पहचान रखने वाले स्व. श्री मदन लाल बोहरा ने अपने ब्राण्ड स्वदेशी को निरंतर आगे ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। स्वदेशी ब्राण्ड के जनक रूप में प्रख्यात स्व. बोहरा के सुपुत्र श्री निवास बोहरा ने बताया कि आज हम अपने पिताश्री के नक्शेकदम पर चलते हुए अपने ब्राण्ड की विश्वसनीयता को निरन्तर बनाए हुए हैं। कम्पनी के सभी उत्पाद अत्याधुनिक मशीनों एयरजेट एवं रेपियर पर उत्पादित होते हैं, जिसमें हमने धोती से अपने व्यापार की शुरूआत कर आज बढ़ती प्रतिस्पर्धा को ध्यान में रखते हुए कॉटन शर्टिंग, सूटिंग, लॉन क्लॉथ व पोपलीन की उच्च क्वालिटी के उत्पादों का उत्पादन शुरू किया, जो सम्पूर्ण भारत की मण्डियों में डिमांड के साथ बिक रहा है। इन सभी क्वालिटियों की फिनिश कम्पनी स्वयं के अत्याधुनिक मशीनों से सुसज्जित प्रोसेस गृह स्वदेशी डी/बी मिल्स में की जाती है, इससे कम्पनी अपने उत्पादों की फिनिश पर बेहतर ध्यान रखकर मार्केट में सप्लाई करती है। आज कम्पनी की सम्पूर्ण बागडोर स्व. श्री मदन लाल बोहरा के सुपुत्र श्री निवास बोहरा, श्री राजेन्द्र बोहरा, श्री पुरूषोत्तम बोहरा, पौत्र श्री रोहित बोहरा, श्री कृष्णा बोहरा एवं श्री राहुल बोहरा अपने इस कारोबार को निरन्तर आगे बढ़ा रहे हैं।

**भामाशाह के रूप में विख्यात-** स्व. श्री मदन लाल बोहरा सामाजिक सरोकार के धनी थे। उन्होंने स्थानीय वस्त्र मण्डी में अपने व्यापार की शुरूआत कर सामाजिक कार्यक्रमों में अपनी रूचि दिखाना शुरू किया। आज स्थानीय मण्डी में गायत्री भवन, राम मंदिर, बालाजी मंदिर, पुष्कर में पारीक भवन, हरिद्वार में पारीक भवन तथा अपने पैतृक गाँव नेणिया में अस्पताल, पोस्ट ऑफिस आदि बनवाने में अहम् भूमिका निभाई। इसके अलावा स्थानीय मण्डी में मदन लाल बोहरा मार्केट की स्थापना कर वस्त्र व्यवसाय को नई दिशा भी दी। उनका कहना था कि हमेशा ईमानदारी से कार्य करें, तो निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे। संयोग की बात है कि स्व. श्री बोहरा का देहावसान 2 मई 2021 को हुआ और उनकी पत्नी का देहावसान अगले दिन 3 मई 2021 को हुआ। इस अवसर पर सम्पूर्ण वस्त्र मण्डी में श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



CREATIONS™ UNLIMITED

HOUSE OF JK DHOOT

Premium Printed Fabrics by

BADRIVISHAL
*Quality Fabrics For Quality People ...*



Supplying garment manufacturers, wholesalers, and designers with high-quality, trend-focused prints.

Cotton Digital | Sublimation | Rotary | Flatbed Prints

Sample designs available

PROUDLY भारतीय

## BADRIVISHAL FASHIONTEX PVT. LTD.

16/1561, "Shri Mohan Niketan", Mahesh Nagar,
Ichalkaranji - 416 115. Dist. Kolhapur (M.S.)
7666242012
Contact@badrivishalgroup.com www.badrivishalgroup.com




# बद्रीविशाल फैशनटेक्स का नया सफर



**श्री सिद्धांत धूत**
डायरेक्टर
बद्रीविशाल फैशनटेक्स प्रा. लि.

**युवा सोच और परंपरा का मेल**

**इचलकरंजी /** बद्रीविशाल फैशनटेक्स प्रा. लि. भारतीय टेक्सटाइल इंडस्ट्री का एक जाना-पहचाना नाम है। 50 सालों से यह ब्रांड अपनी क्वालिटी, भरोसे और समय पर डिलीवरी के लिए जाना जाता है। इसकी नींव श्री जुगलकिशोरजी धूत ने रखी और अपनी मेहनत और ईमानदारी से इसे आगे बढ़ाया, उन्ही के मार्गदर्शन में आज इस समूह का नेतृत्व हमारे वरिष्ठ निदेशक श्री के.के. धूत और श्री राकेश धूत कर रहे हैं, जिन्होंने अपनी लगन और दूरदृष्टि से कंपनी को लगातार मज़बूत बनाया है। उनके नेतृत्व ने परंपरा को संभाला है और आने वाली पीढ़ी के लिए एक मजबूत नींव तैयार की है।

आज के समय में हम इस विरासत को एक नया आयाम दे रहे हैं। नई सोच और नई टेक्नोलॉजी को अपनाते हुए हमने अपने प्रोडक्शन को और मजबूत, आधुनिक और पर्यावरण के अनुकूल बनाया है। हमारी R&D टीम लगातार नए डिजाइन और बेहतर फैब्रिक्स पर काम कर रही है, ताकि मार्केट की बदलती जरूरतों के साथ हम हमेशा अप-टू-डेट रहें।

हमारी इन-हाउस डिजाइन टीम फैशन ट्रेंड्स पर लगातार काम कर रही है और उसी आधार पर नए प्रिंट्स और डिजाइन्स लॉन्च करती है। इससे हमें न केवल कॉम्पिटिशन में बढ़त मिलती है बल्कि हमारे कस्टमर्स का भरोसा भी और गहरा होता है।

बद्रीविशाल का यह नया सफर सिर्फ व्यापार नहीं है, बल्कि एक वादा है - क्वालिटी का, ईमानदारी का और इनोवेशन के साथ आगे बढ़ने का। परंपरा से मिली सीख और नई पीढ़ी की सोच को साथ लेकर हम हर ग्राहक तक बेहतरीन प्रोडक्ट और अनुभव पहुंचाने के लिए तैयार हैं।







## गारमेण्ट सेक्टर में जाना पहचाना नाम

# प्रेस्टीज सिन्थेटिक्स

## प्लेन सूटिंग-शर्टिंग में सिद्धहस्त




**इचलकरंजी /** स्थानीय वस्त्र मण्डी में वर्ष 1992 में श्री भीमाराम चौधरी (कुकल) द्वारा प्रेस्टीज सिन्थेटिक्स की स्थापना कर धोती से अपने व्यापार की शुरूआत की गयी और आज निरंतर आगे बढ़ते हुए प्लेन सूटिंग-शर्टिंग का उत्पादन कर अपने व्यवसाय को गति प्रदान कर रहे हैं। श्री भीमाराम चौधरी ने बताया कि फर्म निरंतर अपने व्यापार को आगे बढ़ाते हुए उनके सुपुत्र श्री जितेन चौधरी द्वारा सम्पूर्ण कामकाज देखा जा रहा है।

श्री चौधरी ने बताया कि आज हमारे द्वारा सूटिंग फैब्रिक में प्लेन यूनिफॉर्म का उत्पादन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। इसके साथ ही शर्टिंग फैब्रिक में गारमेण्ट सेक्टर के लिए निरंतर डवलपमेण्ट पेश करते हुए बाहरी मण्डियों से बड़े पैमाने पर उत्पादन कर सप्लाई किया जा रहा है। शर्टिंग फैब्रिक में फर्म द्वारा ट्वील, साटीन, फिलाफिल, शैमरे, डोबीज, टेन्सिल, RFD, आडापट्टा, व्हाइट शर्टिंग में सेल्वेज के माल लगभग 100 क्वालिटियों का उत्पादन किया जा रहा है। फर्म द्वारा प्रोग्राम बेस की वर्किंग भी की जाती है।

श्री चौधरी ने बताया हमारे द्वारा शुरूआत से ही क्वालिटी पर विशेष ध्यान देते हुए क्वालिटीयुक्त ग्रे एवं यार्न लेकर कार्य किया जाता है। ग्रे-फैब्रिक की क्वालिटी को गुणवत्तापूर्ण बनाती है। इसी की बदौलत आज भारत की तमाम मण्डियों से जैसे तमिलनाडु, कर्नाटक, दिल्ली, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, वेस्ट बंगाल, उत्तरप्रदेश में बड़े पैमाने पर फैब्रिक सप्लाई की जा रही है।






## नित नये इनोवेशन में अग्रणी

# रतन मोती टेक्सफैब

## गुणवत्तापूर्ण फैब्रिक में अनेक कॉर्पोरेट मिलों को सप्लाई

**इचलकरंजी/ स्थानीय वस्त्र मण्डी में स्थापित 'रतन मोती टेक्सफैब' हमेशा डवलपमेण्ट पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं। कम्पनी ने इसी सोच के साथ आगे बढ़ते हुए देश तथा विदेश में अपनी साख बनाए हुए हैं। कम्पनी ग्रे फैब्रिक से लेकर फिनिश फैब्रिक का इन हाउस उत्पादन कर निरंतर नए-नए इनोवेशन कर रही है, जिसमें Carbon Fabric, Hybrid Fabric, Canvas Fabric, Filter Fabric, Glass Fabric, Aramid fabric का उत्पाद कर सप्लाई कर रही है। कम्पनी के डायरेक्टर श्री पाटनी का कहना है कि आज हम एक कम्पोजिट यूनिट के रूप में स्थापित हैं, जहाँ हम सभी फैब्रिक का इन हाउस उत्पादन कर फिनिश फैब्रिक सप्लाई करने में सक्षम हो गए हैं। इससे हमारी क्वालिटी, गुणवत्ता तथा समय पर डिलिवरी की और भी बढ़ जाएगी। कम्पनी आज सभी कॉर्पोरेट कम्पनियों को फैब्रिक सप्लाई कर रही है।**

### विश्वस्तरीय कम्पोजिट यूनिट से सुसज्जित प्लांट

श्री पाटनी ने बताया कि आज कम्पनी के पास सभी अत्याधुनिक मशीनें स्थापित हैं, जिसमें वर्ल्ड क्लास साइजिंग मशीनें हैं और निरंतर इनोवेशन करते हुए 340 सेंटीमीटर की 24 एयरजेट मशीनें भी स्थापित की हैं, जिससे हमारी उत्पादन क्षमता निरन्तर बढ़ती जा रही है। क्वालिटी एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पाद श्रृंखला- कम्पनी आज अपने व्यापारियों के प्रोग्राम बेस फैब्रिक बनाने में अग्रणी है। कम्पनी फाइबर काउंट, गेस यार्न, गीजा कॉटन की उम्दा क्वालिटियों को बड़े पैमाने पर उत्पादन कर रही है। इसके अलावा मोडाल, टेंसिल, लिनन, डेनिम शर्टिंग की काफी क्वालिटियों की डिमांड के साथ डोमेस्टिक से लेकर एक्सपोर्ट मार्केट में छाई हुई है, जिसमें ग्रे से लेकर फिनिश फैब्रिक को यूरोप, चाइना, कोरिया, अमेरिका, जापान आदि देशों में बड़े पैमाने पर एक्सपोर्ट कर रही है। इन सभी का अत्याधुनिक रेपियर एवं एयरजेट मशीनों पर उत्पादन हो रहा है। इसकी बदौलत कम्पनी को गवर्नमेंट ऑफ इंडिया द्वारा स्टार एक्सपोर्ट हाउस से पुरस्कृत भी किया गया है।

उन्होंने कहा कि हम निरन्तर नित नये इनोवेशन में अग्रणी हैं। हम अलग-अलग काउंट में फैब्रिक का निर्माण कर रहे हैं, जिसमें 39'' से 130'' काउंट एवं 80'' से लेकर 100 तक काउंट का निर्माण होता है। इससे लिनन कॉटन, लिनन विस्कोस, मोडाल, पोली लिनन, गीजा कॉटन का बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है। हम लिनन फैब्रिक पर विशेष फोकस करते हुए आगे बढ़ रहे हैं, साथ ही शर्टिंग फैब्रिक में बॉटम वियर (सूटिंग प्रॉडक्ट) पर भी ध्यान केंद्रित किए हुए हैं। कम्पनी के पास इन हाउस टेस्टिंग व सेम्पलिंग की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे व्यापारियों को नई-नई सेम्पलिंग कर मार्केट में सप्लाई कर रही है।




### टीमवर्क का अहम् योगदान

श्री पाटनी ने टीमवर्क पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी कम्पनी को ऊँचाइयों पर ले जाने में टीमवर्क का होना अति आवश्यक है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए हमारे पास एक सुव्यवस्थित टीम कार्य करती है, जो समय पर डिलिवरी एवं प्रॉडक्शन पर विशेष ध्यान रखती है।

### माइक्रोटेक्स प्रोसेस में भागीदारी

कम्पनी निरन्तर भविष्य की योजनाओं पर कार्य करते हुए स्थानीय मण्डी में हाई टेक्स प्रोसेस गृह की स्थापना में अपनी भागीदारी बनाई है, जो आप सबकी सेवाओं में तैयार हो चुकी है। स्थानीय मण्डी में यह प्रोसेस गृह गुणवत्तापूर्ण फिनिश देना शुरू कर दिया है।



# इचलकरंजी में दो दिवसीय यार्न एक्सपो - 2025 का सफल आयोजन





## भारत की सभी प्रतिष्ठित मिलों ने किया अपने उत्पादों का डिस्प्ले

**इचलकरंजी/ ललित शर्मा**

इचलकरंजी शटललेस फैब्रिक्स उत्पादक संघटना ने यार्न एक्स्पो - 2025 को सुपरहिट कार्यक्रम बना दिया है। पहले दिन के अंत तक 1000 से अधिक व्यापारियों ने शिरकत की। यार्न एक्सपो 11 और 12 सितंबर 2025 को पंचरत्न हॉल में आयोजित किया गया। लेनजिंग कम्पनी इस कार्यक्रम की प्लेटिनम प्रायोजक थी, जबकि आदित्य बिड़ला समूह की ग्रासिम इंडस्ट्रीज और ट्राइडेंट इंडस्ट्रीज इस कार्यक्रम की सिल्वर प्रायोजक रही। उद्घाटन समारोह ट्राइडेंट के सीईओ श्री आकाश शुक्ला और ग्रासिम इंडस्ट्रीज के सीईओ श्री मनमोहन सिंह के हाथों संपन्न हुआ। इस मेगा इवेंट में लगभग 50 से अधिक कम्पनियों ने भाग लिया है और अपने उत्पादों का डिस्प्ले किया।

इस एक्सपो में 11 सितंबर को परिसंवाद में लेनजिंग की फाइबर, यार्न और उनके विभिन्न प्रकार के उत्पादन को कैसे संभालना है और क्या सावधानियां बरतनी हैं, इसकी जानकारी दी गई। साथ ही दोपहर के परिसंवाद में क्रेडिट इंश्योरेंस के बारे में नवीनतम जानकारी व्यापारियों को मिली। अगले दिन 12 सितंबर को पहले सत्र में सोलर के बारे में और दूसरे सत्र में लाइक्रा सूत के बारे में चर्चा सत्र हुआ। इसका बुनकर और व्यापारी सभी ने इस अवसर का लाभ उठाया। यार्न एक्सपो के दूसरे दिन लगभग 800 आगंतुकों ने शिरकत की। इसमें सांसद श्री धैर्यशील माने और पूर्व वस्त्र उद्योग मंत्री श्री प्रकाश अण्णा आवड़े, जीएसटी कमिश्नर गोरसे साहब आईआरएस, कोल्हापुर जिले के एसपी श्री योगेश कुमार गुप्ता और स्टार ग्रुप के श्री संजय घोडवत जैसे माननीय व्यक्ति यों ने पधारकर सभी स्टोलों पर विजिट किया। यार्न मिलों ने इस आयोजन के बारे में संतोष व्यक्त किया। कपड़ा उद्योगकों ने इस अवसर का भरपूर लाभ उठाया है।

इस यार्न एक्सपो में नवीनतम प्रकार के फाइबर और यार्न के बारे में जानकारी मिली और सभी मिलों के प्रत्यक्ष सम्पर्क से आगे की राह बहुत आसान और नवीनतम कपड़ा उत्पादन में मददगार होगी। प्रथम सत्र में सोलर ऊर्जा के निर्माण के लिए और सरकारी सब्सिडी की जानकारी दी गई। सत्र में श्री अरुण जालान नेक्सियो एनर्जी प्रा. लि. का मार्गदर्शन मिला और सेमिनार का संचालन श्री सुदेश बियाणी ने किया। साथ ही दूसरे सत्र में स्ट्रेच ओवरन फैब्रिक्स विविंग के बारे में श्री दिनेश केसवानी क्रेओरा स्पेंडेक्स का मार्गदर्शन मिला। सत्र का संचालन श्री मुकेश तोतला ने किया। कार्यक्रम में श्री अनिल गोयल, श्री धवल देसाई, श्री रवि पंचलोरिया, श्री प्रमोद सोमाणी, श्री महावीर जैन, श्री सर्वेश बांगड़, श्री बृजेश मंत्री, श्री अतुल बावणे, श्री सुनील बांगड़, श्री बसंत मंत्री, श्री मनीष पोरवाल, श्री निकुंज बगाड़िया, श्री विजय पुरोहित, श्री अमोल कनवाड़े, श्री राम पुरोहित, श्री गिरीश झँवर, श्री दीनदयाल झँवर, श्री गोरखनाथ सावंत, श्री सचिन झँवर, श्री संजय पाटनी, श्री किशोर मुंदड़ा आदि का मार्गदर्शन मिला।







S JAIN GROUP
Aura Fabrics
Experience Elegance in Every Thread
Mfg. of Export Quality in Shirting Cloth, Dyeing & Garments.



13/1437, "Gulab Kunj", Shelke Mala, Ichalkaranji-416115
Dist. Kolhapur, (M.S.) Ph. 0230-2423462
Sobhagchand Jain 9822015207 | Gaurav Jain 9604050999 | Saurabh Jain 9096471707 | Shubham Jain 8888171716
gauravjain020@gmail.com | www.sunilyarncorporation.com

# ग्रे फैब्रिक और फिनिश शर्टिंग में विख्यात

# S. JAIN GROUP

इचलकरंजी/ स्थानीय वस्त्र मण्डी में स्थित S. Jain Group ग्रे फैब्रिक में निरंतर आगे बढ़ता जा रहा है। ग्रुप द्वारा ग्रे फैब्रिक के साथ-साथ फिनिश डाइड शर्टिंग में भी उत्पादन कर अनेक कॉर्पोरेट मिलों को सप्लाई कर रहे हैं।

ग्रुप के डायरेक्टर श्री सौभागचंद जैन ने बताया कि हमारे द्वारा शुरूआत से ही ग्रे फैब्रिक का बड़े पैमाने पर कार्य किया जाता है, जिसमें 80/52 पोपलीन, लस्टर वेंचर पीवी, पीसी, साटिन लाइक्रा एवं ऑल टाइप ग्रे का उत्पादन किया जा रहा है। हमारे पास अत्याधुनिक तकनीक की 210'' की 36 Tusdokama लूम्स भी स्थापित है, जहाँ ग्रे का उत्पादन होता है। हम हमेशा टीमवर्क के साथ आगे बढ़े हैं। इसके कारण हमारे उत्पाद बेहद क्वालिटीयुक्त होते है, जिससे भारत की तमाम मण्डियों में हमारा नेटवर्क स्थापित है। ग्रे का सम्पूर्ण कामकाज श्री शुभम जैन के दिशा-निर्देशन में होता है।

श्री जैन ने बताया कि ग्रे फैब्रिक के साथ-साथ हमारे द्वारा फिनिश डाइड शर्टिंग पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिसमें ऑल टाइप फैंसी आयटम, टेंसिल, इर्म्पोड फैब्रिक, कॉटन, डोबीज, प्लेन आयटम, स्लब, कुर्ता आयटम में उत्पादन कर बाहरी मण्डियों में सप्लाई किया जा रहा है। हमारे साथ जुड़ा व्यापारी हमेशा हमारे से संतुष्ट है। हम अपने उत्पादों को गुणवत्तापूर्ण बनाने पर हमारी पूरी टीम का फोकस रहता है। फिनिश डिपार्टमेण्ट्स का पूरा कामकाज श्री गौरव जैन एवं सौरभ जैन द्वारा देखा जा रहा है।

## क्वालिटी उत्पाद देना महत्त्वपूर्ण उद्देश्य

श्री जैन ने बताया कि शुरूआत में ही हमने क्वालिटी पर विशेष ध्यान देते हुए आगे बढ़े हैं। क्वालिटी एवं वाजिब दाम पर माल उपलब्ध कराना हमारा मूल उद्देश्य रहा है। शुरूआत से ही हम इस बात का विशेष ध्यान रखते है कि ग्राहक संतुष्टि सर्वोपरि है। इस कारण हम अपने उत्पादों में निरंतर डेवलपमेण्ट करते रहते हैं।

## मार्केटिंग नेटवर्क

श्री जैन ने बताया कि हमारे द्वारा स्वयं की अत्याधुनिक मशीनों पर क्वालिटी व उत्पाद का उत्पादन किया जाता है, जिसकी बदौलत हम भारत की तमाम मण्डियों दिल्ली, बैंगलुरू, कोलकाता, पंजाब एवं ऑल इंडिया में बड़े पैमाने पर माल सप्लाई कर रहे हैं।

## समय पर माल डिलिवर करने में प्रतिबद्ध

# संजय ट्रावेल्स

**इचलकरंजी/** स्थानीय वस्त्र मार्केट में ग्रे फैब्रिक एवं फिनिश फैब्रिक का कार्य बड़े पैमाने पर होता है और इस हेतु यहाँ कोरियर, बस एवं ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था बहुत अच्छी है। इसी कड़ी में यहाँ स्थित श्री त्रिपाठी कोरियर काफी पुराना नाम है। इसकी स्थापना स्व. श्री महेश त्रिपाठी द्वारा की गई थी। सरल स्वभाव के धनी श्री त्रिपाठी इचलकरंजी वस्त्र मण्डी में इस व्यवसाय में आए और अहम् पहचान स्थापित की। अब त्रिपाठी कोरियर का संचालन उनके सुपुत्र श्री पंकज त्रिपाठी द्वारा देखा जा रहा है। श्री पंकज त्रिपाठी ने अपने पिताश्री से मिले इस व्यवसाय को निरंतर आगे बढ़ाते हुए बस सेवा की शुरूआत की, जो संजय ट्रेवल्स के नाम से सम्पूर्ण मण्डी में विख्यात है। अपने पिताजी से मिले उद्देश्यों पर कार्य करते हुए सरल एवं मधुर स्वभाव लिए श्री त्रिपाठी आज गुर्जर गौड़ समाज में महाराष्ट्र युवा प्रांतीय अध्यक्ष व स्थानीय कपड़ा मार्केट के अध्यक्ष पद पर भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वे स्थानीय मण्डी में बस एवं कोरियर द्वारा सम्पूर्ण भारत में परिवहन के लिए अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए हैं।

K K Group Of Textiles
7/235, Gandhi Camp, Ichalkaranji
0230 2435527
info@kkgt.in
www.kkgt.in
A textile company with experience of 55 years of trading and manufacturing of textiles products.

**K K Group of Textiles (Aadat Business)**
TRADING OF CONVENTIONAL SHUTTLE LOOM FABRICS SINCE 1975 IN BHIWANDI AND ICHALKARANJI
Ichalkaranji
7/235, Gandhi Camp, Main Road. 0230 2435527
Bhiwandi
1083, Bhagirathi Compound, Bhandari Road, Narpoli – 2. 9323124451

**K K Group of Textiles (Manufacturing)**
MANUFACTURING OF FANCY DRESS MATERIAL FABRIC ON CONVENTIONAL LOOMS
Bhiwandi
1083, Bhagirathi Compound, Bhandari Road, Narpoli – 2. 9323410052

**K K Group of Textiles (Yarn Trading)**
TRADING IN ALL TYPES OF YARNS
Ichalkaranji
7/235, Gandhi Camp, Main Road. 9422048664, 8485067419.

**Radhakrishna Fabrics / GRGH Textiles (Manufacturing)**
MANUFACTURING OF FANCY DOBBY APPAREL FABRICS FOR MEN AND WOMEN ON ADVANCED SHUTTLE-LESS RAPIER AND AIRJET LOOMS.
Ichalkaranji
7/235, Gandhi Camp, Main Road. 9326010175, 9371819191.

**Tadkeshwar Rameshwar (Processing)**
BLEACHING, DYEING AND PROCESSING OF WOVEN FANCY AND PLAIN FABRICS.
Pali Marwar
33, Udaipuria Bazar. 9352915221, 9579719191, 8290877899.

II Jay Shri Krishna II



SINCE-1981
Deals in All Kinds of Grey, Garment, Finished Fabrics & Export Quality
SHYAM SUNDER VIKAS KABRA
+91 9326005727
+91 9370122026
SHRI SHYAM AGENCY
Mumbai Office: 345, Badamwadi, Room No. 49, 1st Floor, Kalbadevi, Mumbai 02
Shop No.11 Ground Floor, Vedant Height, Near Vande Mataram Ground, Bjp Market Road, Ichalkaranji 416115

Augustino FASHION CONCEPTS
Happy Diwali
Our Readymade Brand
PRO SIGMA 9
JITENDRA TEXTILES
AUTHORISED DEALER OF WESTERN MAHARASTRA, KONKAN & GOA
194, Budhwar Peth, Madhavnagar - 416 406 Dist - Sangli (MS.)
Phone : 0233-2310439, Mob.: 094230-36875, 094205-47777
094206-47777, 073876-57779 Email: jtm7777@gmail.com
For New Trade Enquiry: Bhavesh Mehta 94206-47777
asm industries-india-pvt. ltd.
CADINI ITALY
DM FABRICS

# Ashoka Group

4001™

Quality Never Goes Out of Trend...




Manufacturer of Grey & Finish Fabrics
Specialized In Fancy Shirtings & Suitings

C/O PARASKUMAR KANTILAL JAIN

PRATIK PARASKUMAR JAIN | RAVI JAMBUKUMAR JAIN

425/2, Near Laxmi Venkatesh Nagar, Old Chandur Road
ICHALKARANJI- 416115 (Mah.) Phone No.: +91 9823474745 +91 9011474745





22 सितम्बर से 6 अक्टूबर 2025

SINCE 1998

# टेक्सटाइल वर्ल्ड

नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएँ

GORAKHPUR Textile Industries & Trade Edition

Prepared by: Kamlesh Vyas
9929216065 | 8003596090


## पूर्वांचल क्षेत्र की दिग्गज कपड़ा निर्माता कम्पनी

# वी एन डायर्स एण्ड प्रोसेसर्स प्रा. लि.



### ब्लेण्डेड सूटिंग एवं निटिंग फैब्रिक में भी विशेष रूप से उत्पादन

गोरखपुर/ स्थानीय कपड़ा उत्पादन क्षेत्र की महत्त्वपूर्ण कम्पनी 'वी. एन. डायर्स एण्ड प्रोसेसर्स प्रा. लि.' उत्तर-पूर्वी भारत की सबसे बड़ी यूनिट के रूप में विख्यात है। कम्पनी को सरकारी मान्यता प्राप्त कम्पोजिट टेक्सटाइल मिल के रूप में दर्जा प्राप्त होने के साथ उम्दा क्वालिटी के फैब्रिक निर्माण में भी ख्याति प्राप्त है। कम्पनी का शुभारम्भ फाउंडर श्री विष्णु प्रसाद अजीतसरिया द्वारा सन् 1993 में किया गया था। श्री विष्णु प्रसाद अजीतसरिया के युवा सुपुत्र श्री विनोद अजीतसरिया कम्पनी के प्रबंधन कार्य में प्रमुख रूप से सेवाएँ दे रहे हैं। कम्पनी प्रबंधन में श्री विष्णु प्रसाद अजीतसरिया के सुपुत्र श्री विनोद अजीतसरिया की महत्त्वपूर्ण भूमिका है, ये पिछले कई वर्षों से अपने अनुभव एवं कुशल नेतृत्व से कार्य देख रहे हैं। इन्होंने बताया कि कम्पनी समय के साथ इनोवेशन करती है। इसी के मद्देनजर प्लांट में सभी मशीनें एवं उपकरण मॉडर्न तकनीक से परिपूर्ण है।

### मॉडर्न तकनीकयुक्त प्रोसेस हाउस

बेहतर फील फिनिश के लिए फैक्ट्री परिसर में स्वयं का प्रोसेस हाउस है, जिसमें तीन स्टेण्टर स्थापित हैं, जिनमें 2 स्टेण्टर पर कार्य हो रहा है। जिसका वार्षिक उत्पादन 2.5 करोड़ मीटर है। प्रोसेस गृह में नवीनतम तकनीकयुक्त मशीनरी स्थापित है, जिनमें धर्मेक्स कम्पनी के बॉयलर लगे हुए हैं एवं हाल ही में प्रोसेस गृह में 3 कलेण्डर नये स्थापित किए गए है, जो लेटेस्ट तकनीकयुक्त है। पर्यावरणीय मानदण्डों को ध्यान में रखते हुए शत-प्रतिशत ईटीपी प्लाण्ट कार्यरत है, जिसकी वजह से एक बूँद भी केमिकल युक्त पानी बाहर नही छोड़ा जाता है।

### सूटिंग उत्पाद

पूर्वांचल क्षेत्र में पॉलिएस्टर, विस्कोस (67/ 33 प्रतिशत) ब्लैण्डेड सूटिंग की सबसे बड़ी उत्पादक कम्पनी है। सभी फैब्रिक्स आईएसओ 9001-2008 में उल्लेखित मानक की सभी शर्तों को पूरा करते हैं। कम्पनी द्वारा निर्मित क्वालिटी में प्लेन, ट्रोविन व मेटी सूटिंग बाजार में सप्लाई की जाती है। कम्पनी में प्रिंटिंग वस्त्रों का भी खासतौर पर उत्पादन किया जा रहा है। इस क्षेत्र में इनकी प्रमुख सहयोगी कम्पनी विनोद फैब्रिक्स भी है, जो सूटिंग उत्पादन में कार्यशील है एवं यूनिफॉर्म एक्सपोर्ट में वृहत स्तर पर कार्य कर रही हैं।

### वीविंग सेक्टर

कम्पनी के प्लांट में लेटेस्ट तकनीक की सल्जर एवं एयरजेट लूम स्थापित है, जिसमें 27 एयरजेट संचालित है और क्षमता विस्तार करते हुए 27 एयरजेट मशीन और स्थापित की गई। इसके पश्चात कुल 54 एयरजेट रनिंग में कार्यरत है। गौरतलब है कि ये एयरजेट मॉडर्न तकनीक को जापान से इम्पोर्ट किये गये हैं।

### निटिंग डिविजन

कम्पनी इस सेक्टर में परिसर में नीटिंग एवं टेक्सच्राइज उत्पादन डिवीजन संचालित कर रही है, जिसमें 300 टन मासिक (लगभग) में निटिंग फैब्रिक का उत्पादन कर रही हैं।

### विपणन एवं आपूर्ति

कम्पनी में क्वालिटियों की व्यापक रेंजे मौजूद है। कम्पनी के बायर्स में कई प्रतिष्ठित फैब्रिक मैन्यूफैक्चरर्स, रेडीमेड गारमेण्ट निर्माता, यूनिफॉर्म तथा फैंसी वस्त्र उत्पादक शामिल हैं। इन प्रतिष्ठित ग्राहकों में उल्लेखनीय नाम भारतीय सेना का भी है, जिसके कठोर क्वालिटी मापदण्ड सर्वविदित हैं। कम्पनी डोमेस्टिक सप्लाई के अलावा दो कण्टेनर प्रतिमाह अपना माल एक्सपोर्ट भी कर रही है।

### बेहतर प्रबंधन

'वी. एन. डायर्स एण्ड प्रोसेसर्स प्रा. लि.' का सम्पूर्ण कार्य काफी सक्षम, अनुभवी व निदेशक श्री विष्णु प्रसाद अजीतसरिया के हाथों में है तथा कम्पनी का विजन अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में एक श्रेष्ठ टेक्सटाइल कम्पनी के रूप में उभरना है। कम्पनी में सम्पूर्ण वर्क फोर्स श्रेष्ठ एवं प्रतिभावान लोगों से गतिशील है, जो सभी अपने विषय में महारत रखते हैं एवं कम्पनी भी इनको कार्य हेतु सदैव बढ़िया वातावरण उपलब्ध कराती है। कम्पनी के सभी कर्मचारी अनुभवी एवं प्रशिक्षित है। इसमें श्री लालजी सिंह कई वर्षों से प्रबंध कार्य में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और टेक्नीकल क्षेत्र में चीफ श्री विमल जोशी प्रोसेस प्लांट में अपने कुशल नेतृत्व से कार्य कर रहे हैं।

### ऊर्जा निवेश

रिन्यूएबल एनर्जी की ओर कदम बढ़ाती कम्पनी बिजली उत्पादन क्षेत्र के तहत फैक्ट्री परिसर में 1600 किलो वाट का सोलर प्लाण्ट स्थापित कर चुकी है। कम्पनी प्लाण्ट की छतो का भी उपयोग करते हुए पेनल लगा चुकी है।






## ब्राण्डेड मेन्स वियर फैब्रिक सप्लाई में बड़ा नाम

# शिवकुमार अजय कुमार




**गोरखपुर**

स्थानीय वस्त्र मण्डी के गीता प्रेस क्षेत्र की जानी मानी होलसेल फर्म शिवकुमार अजय कुमार पिछले 44 वर्षों से निरंतर इस क्षेत्र में सफलतम कार्य कर रही है। फर्म के संस्थापक श्री बद्री प्रसाद छापड़िया ने अपने कार्यकौशल एवं अथक परिश्रम से कारोबार को इस स्तर तक पहुँचाया। व्यापार में पिछले 34 वर्षों से प्रबंध कार्य देख रहे इनके भतीजे श्री राजेश छापड़िया अपने व्यवसाय को वर्तमान बाजार के ट्रेंड के अनुसार इनोवेशन के साथ बेहतर नेटवर्क के साथ कार्य कर रहे हैं। श्री राजेश छापड़िया ने बताया कि सूटिंग सेल में ओसीएम, कडिनी, रेमंड एवं जे हेम्पस्टेड आदि मिलों के प्रॉडक्ट्स सप्लाई कर रहे हैं। फर्म द्वारा हाल ही में आदित्य बिड़ला ग्रुप के ग्रासिम ब्राण्ड एवं लिनन ट्री को भी व्यापार में शामिल किया, जिनको बेहतर समर्थन मिला है। शर्टिंग के अंतर्गत कडिनी, क्रिपलोन, बजाज फैब एवं यूनिफॉर्म आपूर्ति में नामचीन ब्राण्ड वालजी, महाजन एवं ATEX की सप्लाई कर रहे हैं। व्यापार में कई ब्राण्ड्स के मिक्स एंड मैच जोड़ी पैकिंग में क्वालिटी फैब्रिक भी सेल कर रहे हैं। भीलवाड़ा निर्मित कम्पनियों में सम्बोधी एवं सोनको की फैब्रिक शामिल है। इनका सेल्स नेटवर्क गोरखपुर एवं इसके आस-पास 150 किलोमीटर में विस्तृत है और फर्म के अंतर्गत कई अच्छे रिटेलर्स जुड़े हुए हैं, जो माल खरीदी करने यहीं पर आते है। व्यापार में इनके युवा सुपुत्र श्री दीपक छापड़िया बी. कॉम करने के बाद पिछले 3 वर्षों से कार्य कर रहे हैं।

SHIV KUMAR AJAY KUMAR
शुभ नवरात्रि
Authorised Distributor
CADINI | Siyarams Global Venture | ADITYA BIRLA GRASIM | linen tree | Kriplon | Raymond | OCM | J.HAMPSTEAD | Bajaj fab | Valji
RAJESH CHHAPARIA
Mob.: +91 94152-45964 | +91 70076-65830
DCM Katra, Geeta Press Road, Gorakhpur- 273005

## टेक्सटाइल एजेंसी कार्य में 35 वर्षों का सफलतम सफर निरंतर गतिशील

# श्री गणेश टेक्सटाइल एजेंसी



**गोरखपुर**

स्थानीय वस्त्र मण्डी की प्रतिष्ठित एवं विश्वसनीय कपड़ा एजेंसी 'श्री गणेश टेक्सटाइल एजेंसी' उत्पादकों एवं सप्लायर्स के बीच महत्त्वपूर्ण कड़ी के रूप में अपनी दीर्घकालीक पहचान स्थापित कर चुकी है। सन् 1992 से इस पेड़ी का शुभारंभ संस्थापक एवं ऑनर श्री श्याम सुन्दर रूंगटा एवं श्री अजय रूंगटा के द्वारा किया गया, तब से इन्होंने इस क्षेत्र में बेहतर पहचान बनाई। श्री रूंगटा के सुपुत्र श्री अजय रूंगटा बताते है कि कपड़ा व्यापार में मैन्युफेक्चरर्स को अच्छे व्यापारियों से जोड़ना एजेंट लोगों का महत्त्वपूर्ण कार्य होता है, जिससे विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता बनी रहती और इसी के चलते कार्य लम्बे समय तक गतिमान रहता है। हमारा ध्येय है कि इस क्षेत्र में हमारी फर्म प्रतिष्ठित घरों से कार्य करते हुए जिम्मेदारी निभा सके।

श्री अजय रूंगटा अपनी एजेंसी के कार्य क्षेत्र के बारे में बताते है कि वर्तमान समय में धोती, पोपलीन, पर्दा, साड़ी, मार्किन एवं वूलन उत्पाद सप्लाई करने में हमारी दक्षता है, जिसमें बीटी मिल (बुरहानपुर), कोचर- अमृतसर, सूटिंग-शर्टिंग में अरविंद, साड़ी सप्लाई में मथुरा का प्रमुख ब्राण्ड राधिका प्रिंट्स एवं दशमेष धोती- मुम्बई व बढ़ते रेडीमेड गारमेण्ट के मद्देनजर मुदित फैब्रिक सूरत का माल शामिल है।

**मार्केटिंग सेल्स एरिया** - फर्म का सेल्स नेटवर्क गोरखपुर एवं इसके आस-पास आजमगढ़, जोनपुर, बस्ती, खलीलाबाद, देवरिया, कानपुर एवं पड़ोसी देश नेपाल की वस्त्र मण्डियों तक फैला हुआ है। श्री रूंगटा ने बताया कि कपड़ा व्यापार में हम बेहतर सेवाएँ देने एवं क्वालिटी उत्पाद आपूर्ति में सदैव तत्पर रहे हैं। हमारे व्यापारियों को प्रॉपर सर्विस देना ही हमारा प्रमुख लक्ष्य है।

फर्म बाजार के बदलते ट्रेंड एवं उपभोक्त ा के अंतर्गत आने वाले परिवर्तन के मद्देनजर कानपुर ब्रांच स्थापित करने के बाद दक्षिण भारत की प्रमुख टेक्सटाइल सिटी तिरूपुर में भी अपनी शाखा स्थापित कर चुकी है, जहाँ से टी-शर्ट एवं टी-शर्ट फैब्रिक की सप्लाई की जा रही है।

SHREE GANESH TEXTILE AGENCY
Arvind FASHIONING POSSIBILITIES
Deals in all kinds of Fabrics From
SURAT | BHIWANDI | BURHANPUR
ICHALKARANJI | AHMEDABAD
ERODE | PALI | BALOTRA | AMRITSAR
LUDHIANA | MATHURA & TIRUPUR.
Shop No. 23, Maya Cineplex, 1st Floor,
Geeta Press Road, Gorakhpur
(U.P.) - 273005, Mob.: 09450959318, 9140830612
E-mail: ajayrungtagkp@gmail.com
BRANCH OFF.- 50/34, 1st Floor, Naughada, Nr. Buddh Lal Market, Kanpur (U.P.) Mob.: 9621730056

R.R.TEXTILES
Stockist of Ladies Suits, Sarees & Dress Materials
Deals in: Mumbai, Surat, Jaipur, Ahmedabad, Bhilwara, Balotra, Erode.
ROHIT AGARWAL
9956625355 | 9918943915
शुभ नवरात्रि
SHREE SANWARIYA FABRICS
Stockist of Suiting-Shirting & Dress Materials
RAHUL AGARWAL 9451259262 | 9235660297
Office: Shree Shyam Market, Deewan Dayaram, (Near Kali Bari Mandir) Gorkhpur (U.P.) Ph.: 0551-2201432




## मारवाड़ी युवा मंच के तत्वावधान में तीन दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम पैर प्रत्यारोपण शिविर का सफलतम आयोजन

### समापन समारोह में सीएम योगी जी ने की शिरकत









**गोरखपुर**

शहर के प्रमुख संगठन मारवाड़ी युवा मंच के सानिध्य में 7, 8 व 9 सितंबर 2025 को तीन दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम पैर प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए शाखा अध्यक्ष एवं संयोजक श्री मयंक अग्रवाल ने बताया कि गोरखपुर शाखा का यह पाँचवा शिविर है, जो सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। श्री अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य सोशियल वेलफेयर कार्यक्रम के तहत दिव्यांगजनों को कृत्रिम पैर प्रत्यारोपण, केलिपर्स एवं ट्राईसाइकिल इत्यादि उपकरणों का वितरण किया जाता था।

कार्यक्रम के समन्वयक युवा श्री अभिषेक पोद्दार के मार्गदर्शन में पूरी कार्यकारिणी ने तीन माह तक जिले में कई जगह इस कार्यक्रम की जानकारी दी और जागरूकता अभियान चलाया तथा दूर-दराज से आने वाले लाभार्थियों के लिए शिविर की अवधी में निःशुल्क भोजन और आवास की सम्पूर्ण व्यवस्था उपलब्ध कराई गई। शाखा सचिव श्री अंकित गाड़िया ने सिलीगुडी से आई 10 डॉक्टरों और तकनीशियनों की टीम का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि टीम ने लगातार चार दिन रूककर सेवाएं दी और 350 से अधिक लाभार्थियों को कृत्रिम पैर प्रदान कर उन्हें जीवन में उनके इस अभाव से मुक्त किया, ताकि वे अपने कार्य के लिए स्वावलम्बी बन सके। शिविर के सफल संचालन हेतु बनी समिति में प्रांतीय अध्यक्ष श्री नवीन पालरीवाल, प्रांतीय सचिव श्री पंकज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्री रजत लाठ, उपाध्यक्ष श्री दुर्गेश बजाज, श्री संचित भालोटिया, श्री अंकित पोद्दार, श्री अभिषेक खाटूवाला, श्री आकाश अग्रवाल, श्री अभिषेक केडिया, श्री अनूप जालान, श्री मानस खेतान, श्री नितेश अग्रवाल, श्री नारायण खेमका, श्री प्रतीक अग्रवाल, श्री गौरव चिरानिया, श्री रोहित अग्रवाल, श्री प्रानेश बंसल, श्री विकास बैरोलिया, श्री विक्रम रूंगटा एवं श्री मनीष मित्तल सहित बड़ी संख्या में युवा सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहा। उक्त जानकारी शाखा के जनसम्पर्क अधिकारी श्री निकुंज अग्रवाल चाँदवासिया एवं श्री मानस खेतान ने संयुक्त रूप से दी।

### प्रत्यारोपण शिविर के समापन समारोह में शामिल हुए सूबे के सीएम आदित्यनाथ योगी

मुख्यमंत्री योगी ने इस अवसर पर संबोधन करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम निःशक्तजनों के लिए बड़ा उपयोगी सिद्ध होगा। नर सेवा नारायण सेवा के कई मायने है। सीएम ने कहा कि दिव्यांगजनों में अनेक प्रतिभाएं छिपी होती है। बस, जरूरत है एक योजक की, जो उनकी प्रतिभा को निखार सके। शहर के सिविल लाइन्स स्थित गोकुल अतिथि भवन में आयोजित कार्यक्रम के समापन समारोह में संबोधन करते हुए कहा कि मारवाड़ी युवा मंच गोरखपुर द्वारा दिव्यांगजन के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए एक बड़ा परोपकारी कार्य किया, जो सराहनीय है। इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक श्री विपिन सिंह मारवाड़ी, युवा मंच के अध्यक्ष श्री मयंक अग्रवाल, श्री चंद्रप्रकाश अग्रवाल सहित कई पदाधिकारी सदस्य आदि उपस्थित रहें।

## देश की कई वस्त्र उत्पादक मण्डियों को माल आपूर्ति में सक्षम

शुभ नवरात्रि

# कमलापुरी टेक्सटाइल एजेंसी




गोरखपुर/ स्थानीय टेक्सटाइल ट्रेड में एजेंसी कार्य में काफी लंबे समय से बाजार में अपनी बेहतर पहचान बना चुकी 'कमलापुरी टेक्सटाइल एजेंसी' वर्तमान में देश की कई कपड़ा उत्पादक मण्डियों से कार्य कर रही है। एजेंसी के संस्थापक श्री प्रभुदयाल कमलापुरी ने बताया कि एजेंसी कार्य में हमारी फर्म के अंतर्गत सूरत, पाली, बालोतरा, जसोल, कोलकाता, सोलापुर, पानीपत, लुधियाना, सेलम एवं भीलवाड़ा के निर्मित उत्पादों की सप्लाई की जा रही है। एजेंसी गोरखपुर शहर के अलावा 100 से 150 किलोमीटर सराउंडिंग क्षेत्र में अपने बेहतर नेटवर्क के साथ कार्य कर रही है।

पिछले कुछ वर्षों से उनके युवा सुपुत्र श्री हिमांशु कमलापुरी एजेंसी कार्य में सहयोग करते हुए सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। श्री कमलापुरी ने बताया कि हमारी फर्म में पारदर्शितापूर्ण कार्य करना एवं मजबूत नेटवर्क स्थापित करते हुए कार्य करना प्रमुख ध्येय है। गौरतलब है कि श्री प्रभुदयाल कपड़ा व्यापार के अलावा सामाजिक संस्थाओं से भी जुड़े हुए हैं।

Kamlapuri Textile Agency
CLOTH COMISSION AGENT
Surat, Pali, Balotra-Jasol, Kolkata, Solapur, Panipat, Ludhiana, Salem, Bhilwara-Manufacturer
PRABHUDAYAL KAMLAPURI 8707026708, 9415322830
HIMANSHU KAMLAPURI 8318576468, 7007764576
HEAD OFFICE- Narag Road, Po. Purani Basti, Gorakhpur
Ph.: 05542-283139, Mob: 094150-37423, 094152-43223
BRANCH OFF- Chaudhari Gali, Near Central Bank Urdu Bazar
GORAKHPUR, Mob: 094153-22830, 097949-24610

## यूनिफॉर्म शर्टिंग उत्पादन में गोरखपुर की प्रमुख कम्पनी

# पुनीत टेक्सटाइल

### (सूटिंग उत्पादन में भी विभिन्न क्वालिटियां)




**गोरखपुर/** स्थानीय कपड़ा उत्पादन क्षेत्र में शर्टिंग यूनिफॉर्म निर्माण में सबसे पुरानी एवं विश्वसनीय फर्म 'पुनीत टेक्सटाइल' पिछले 26 वर्षों से इस क्षेत्र में कार्यरत है। फर्म की शुरूआत ऑनर श्री पवन कुमार अग्रवाल द्वारा की गई थी। तब से इन्होंने अपने अनुभव एवं कार्यकौशल से इस क्षेत्र में अपनी बेहतर पहचान बनाई है। व्यवसाय में इनके युवा सुपुत्र श्री विनीत कुमार अग्रवाल प्रबंध कार्य देख रहे हैं, जिन्होंने अपने अनुभव से यूनिफॉर्म फैब्रिक की बाजार के ट्रेंड के अनुसार सभी क्वालिटियां एवं कलर रेंज वर्षभर सप्लाई कर रहे हैं।

**शर्टिंग** - शर्टिंग उत्पादन में गोरखपुर वस्त्र मण्डी में प्रथम फर्म जिन्होंने इस क्षेत्र में कदम रखा तथा वर्तमान में रेमण्ड कॉटन एवं स्विस कॉटन का बेहतरीन क्वालिटियों में माल तैयार करती है तथा 36'' व 44'' दोनों में क्रमशः 10-15 कलर रेंज एवं 25-30 कलर रेंजों में वर्षभर माल का उत्पादन एवं विक्रय कर रही है। श्री विनीत अग्रवाल ने बताया कि स्विस कॉटन 44'' में 30 कलर रेंजों का वर्षभर उत्पादन एवं विक्रय करती है। स्विस कॉटन 44'' में 30 कलर रेंजों का उत्पादन एवं विक्रय करती है। इसके अलावा कम्पनी प्रोग्राम आधारित (APC) सूटिंग-शर्टिंग फैब्रिक का निर्माण कर उपलब्ध कराने में भी महारत रखती है। श्री अग्रवाल ने कहा कि कम्पनी स्कूल यूनिफॉर्म सप्लाई में विशिष्टता रखने के अलावा फैंसी तथा प्लेन शर्टिंग का भी निर्माण करती है।

**विपणन** - मार्केटिंग क्षेत्र में इन्होंने मजबूत नेटवर्क स्थापित किया है। वर्तमान में एजेंट प्रणाली से माल सप्लाई कर रहीं है, जिसमें यूपी, बिहार एवं अन्य क्षेत्र शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कम्पनी अपने कार्य विस्तार के तहत् देश के अन्य क्षेत्रों में भी व्यापारियों को अपने सिस्टम में माल सप्लाई के लिए प्रयासरत है।

**सूटिंग फैब्रिक**- कम्पनी सूटिंग उत्पादन में भी महत्त्वपूर्ण अहमियत रखती है, जो अपने प्रमुख ब्राण्ड डायमण्ड गोल्ड एवं कैपिटल नाम से उत्पादन एवं विक्रय कर रही हैं।



MFG. OF- SWISS COTTON & Raymond Cotton
Shirting Fabrics & Suiting Fabric
PUNEET TEXTILES
Sant Katra, Geeta Press Road, Gorakhpur- 273005
Mob.: 9415324961, 9415319771

### पूर्वांचल क्षेत्र में यार्न सप्लाई करने वाले शीर्ष प्रतिष्ठानों में शुमार

# प्रहलाद राय एण्ड कम्पनी



**गोरखपुर/ स्थानीय वस्त्र मण्डी में विख्यात कम्पनी 'प्रहलाद राय एण्ड कम्पनी' यार्न आपूर्ति में अपना शीर्ष स्थान बना चुकी है। कम्पनी के अनुभवी डायरेक्टर श्री आशीष छापड़िया (मिक्की बाबू) इस क्षेत्र में अपने कुशल नेतृत्व से मजबूत नेटवर्क स्थापित कर चुके हैं। कारोबार का शुभारम्भ श्री विनय छापड़िया एवं श्री आशीष छापड़िया के संयुक्त नेतृत्व से सन् 1988 में किया, तब से निरंतर उल्लेखनीय सफलता हासिल करने में कामयाब रहे।**

## यार्न उत्पाद

कम्पनी कई शीर्ष स्पिनिंग मिलों का यार्न सप्लाई कर रही है, जिसमें बॉम्बे डाईंग फाइबर के प्रमुख सप्लायर्स के साथ गोरखपुर की शीर्ष कम्पनियों का यार्न सप्लाई कर रही है, जिसमें अंकुर उद्योग, महाबीर सिंटेक्स एवं जाह्नवी स्पिनर्स का स्पन एवं ब्लैण्डेड यार्न सप्लाई शामिल है।

## अन्य स्पिनिंग मिल

इनके अलावा कम्पनी कई और कई कम्पनियों का यार्न सप्लाई कर रही है, जिसमें सूर्यअम्बा स्पिनर्स, एसआरएस स्पिनर्स, त्रिवेणी स्पिनर्स, सिद्धार्थ सुपर मिल इत्यादि का माल आपूर्ति किया जा रहा है।




## फिलामेण्ट यार्न

**कम्पनी समय के साथ कार्य विस्तार के तहत फिलामेण्ट यार्न सप्लाई भी कर रही है, जिसमें इनके युवा सुपुत्र श्री आशीष छापड़िया (एमबीए )शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात् कम्पनी में सेवाएं देने लगे और बेहतर कार्य कर रहे हैं। फिलामेण्ट यार्न में भिलोशा, सनातन, राज रेयॉन, इण्डोरोमा, भूमि टेक्स एवं डीएनएच का यार्न सप्लाई किया जा रहा है।**

छापड़िया परिवार का व्यापार में श्रीगणेश, श्री आशीष छापड़िया बताते है कि हमारे दादाजी स्व. श्री प्रहलाद राय छापड़िया द्वारा सन् 1940 में इस क्षेत्र में कदम रखते हुए कॉटन यार्न की सप्लाई शुरू की गई थी और अपने कार्यकौशल से सफलता का मुकाम हासिल किया और पिताजी स्व. श्री कैलास नाथ छापड़िया के सानिध्य में कारोबार को नई ऊँचाइयां प्रदान की।

## सेल्स नेटवर्क

श्री आशीष छापड़िया के अनुभव एवं व्यापारियों से मधुर रिश्तें से आज देश की कई कपड़ा मण्डियों में यार्न सप्लाई कर रहे हैं।

# प्रदेश का उभरता औद्योगिक विकासशील क्षेत्र गोरखपुर

### इण्डस्ट्री के लिये बड़ा अवसर

**गोरखपुर**

गोरखपुर के नये औद्योगिक क्षेत्र के रूप में गीडा (गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण) की स्थापना 1990 में हुई। उस समय दूसरे प्रदेशों से उद्यमियों को रिक्वेस्ट के आधार पर यहां उद्योग लगाने के लिए आमंत्रित किया गया था। आज गीडा का विकास एवं विस्तार बहुत ही तेज गति से हो रहा है और अन्य राज्यों एवं विदेश के उद्यमी यहां अपना उद्योग लगाने के लिए उत्सुक हैं।

2017 तक गीडा का विस्तार उस गति से नहीं हो पाया जो एक औद्योगिक क्षेत्र का होना चाहिए। विभिन्न सरकारों का इस क्षेत्र के लिए नकारात्मक रवैया इसका प्रमुख कारण रहा। गोरखपुर के औद्योगिक विकास का परिवर्तन सही मायने में परम पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज के 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही हुआ है। माननीय मुख्यमंत्री जी का गृह नगर होने के कारण भी गोरखपुर का औद्योगिक विकास काफ़ी तेज़ी से प्रगति की ओर अग्रसर है।

गीडा औद्योगिक क्षेत्र करीब 15 हजार एकड़ भूमि पर विकसित है। इसका विस्तारीकरण करते हुए गीडा प्रशासन जिले के दक्षिणांचल में स्थित धुरियापार में 5500 एकड़ में औद्योगिक गलियारा विकसित करने जा रहा है। धुरियापार में कुल 13 सेक्टर विकसित किए जाएंगे। प्राधिकरण ने अब तक 600 एकड़ भूमि अधिगृहीत कर ली है।

अदाणी समूह ने यहां एसीसी ब्रांड की सीमेंट फैक्ट्री की यूनिट लगाने के लिए जमीन देखा है। श्री सीमेंट और केयान डिस्टिलरी ने भी नया प्लांट लगाने के लिए जमीन की मांग की है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने FMCG प्रोडक्ट्स के लिए जगह मांगी है और प्रसिद्ध लू लू माल ने भी गीडा में जगह देखी है। इसके अलावा कई अन्य औद्योगिक समूहों नें यहां निवेश में रुचि दिखाई है। इसके अलावा सरकार इस औद्योगिक गलियारा में एक इलेक्ट्रानिक मैन्यूफैक्चरिंग कलस्टर भी बनाने की तैयारी कर रही है। इसमें वेयरहाउस के




लिए भी जगह दी जा रही है। जिसमें बड़ी-बड़ी कंपनियों के अपने वेयरहाउस बनाने की तैयारी है।

अब गीडा का विस्तार भीटी रावत से लेकर धुरियापार तक हो रहा है। नये उद्योग लगाने के लिए देश विदेश के लोग आकर्षित हैं। कुछ कुछ दिनों में मेरे पास लोगों के फ़ोन आते रहते हैं और प्रदेश सरकार की योजनाओं और गीडा की तरफ से दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में पूछते हैं। प्लास्टिक पार्क, रेडीमेड पार्क, लोजिस्टिक्स पार्क आदि के बन जाने के बाद गोरखपुर का नाम औद्योगिक क्षेत्र में प्रदेश में अव्वल हो जायेगा। गीडा प्रशासन की कार्यप्रणाली में भी बहुत सुधार हुआ है। जल्द ही गीडा की वेबसाइट भी बन रही है जिसमें उद्यमी अपने प्लॉट से सम्बंधित सारी जानकारी देख सकते हैं।

लगभग 5 साल पहले प्रदेश सरकार द्वारा गोरखपुर के एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत रेडीमेड को भी शामिल किया गया। टेराकोटा पहले से एक जिला एक उत्पाद में शामिल था। इससे गोरखपुर में रेडीमेड गारमेंट को बढ़ावा मिल रहा है और रेडीमेड गारमेंट की छोटी और बड़ी बहुत सारी नयी इकाइयां इस समय कार्य कर रही है। रेडीमेड गारमेंट के सबसे बड़े एक्सपोर्टर में शुमार मुंबई, नोएडा और बेंगलुरु बेस कंपनी शाही एक्सपोर्ट गीडा में यूनिट स्थापित करना चाहता है। इसके लिए प्रबंधन को 30 से 40 एकड़ जमीन की दरकार है। कंपनी करीब 300 करोड़ का निवेश कर सकती है।

बांग्लादेश में अनिश्चितता की स्थिति को लेकर शाही एक्सपोर्ट अपनी यूनिट का विस्तार गोरखपुर में करना चाहता है। बांग्लादेश रेडीमेड गारमेंट का सबसे बड़ा निर्यातक है। लेकिन पिछले कुछ महीनों से राजनीतिक अस्थिरता से भारत में रेडीमेड सेक्टर बेहतरी की उम्मीद में हैं। जल्द ही गीडा में फ्लैटेड फैक्ट्री भी शुरू होने जा रही है जिसका निर्माण कार्य प्रगति पर है।

पूज्य योगी आदित्यनाथ जी की सरकार बनने के बाद उनके द्वारा एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है जिसमें एमएसएमई के उद्यमी जिन का बकाया चाहे वह सरकारी विभाग में हो या उनके ब्यापारी में हो, की प्राप्ति के लिए प्रदेश के सभी 18 मंडलो में मंडलीय फैसिलिटेशन काउंसिल की स्थापना की गई है। पहले प्रदेश में सिर्फ 1 फैसिलिटेशन काउंसिल कानपुर में था। इस काउंसिल के अंतर्गत एमएसएमई के उद्यमी 90 दिन के अंदर अपनी बकाया राशि को प्राप्त कर सकते हैं। गोरखपुर मंडल के फैसिलिटेशन काउंसिल के सदस्य के रूप में मैं अपनी सेवाएं दे रहा हूं।

**दीपक कारीवाल**
**प्रांतीय अध्यक्ष**
**लघु उद्योग भारती गोरखपुर**

### सूटिंग-शर्टिंग की खरीदी का भरोसेमंद नाम

# गौरव सिंथेटिक्स

### पूर्वांचल क्षेत्र में मेन्स वियर फैब्रिक की शीर्ष फर्म

**गोरखपुर/** स्थानीय होलसेल कपड़ा व्यापार में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाला प्रतिष्ठान 'गौरव सिंथेटिक्स' आज सूटिंग-शर्टिंग मार्केट में अग्रणी स्थान पर है। वर्ष 1993 (24 अक्टूबर) को श्री सज्जन जालान द्वारा स्थापित इस फर्म ने तीन दशकों से अधिक समय से ग्राहकों का गहरा विश्वास जीता है। संयोग से स्थापना दिवस पर ही दशहरा पर्व पड़ने के कारण इस दिन का महत्त्व और भी बढ़ गया।

आज श्री रवि अग्रवाल एवं श्री अंकित अग्रवाल के कुशल प्रबंधन व दूरदर्शिता से फर्म ने निरंतर प्रगति की नई ऊँचाइयाँ छुई हैं। 'गौरव सिंथेटिक्स' आज कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय ब्राण्ड्स जैसे – Siyaram -Cadini, Mistair-36 inch, Velardi, U, OCM, jalan, Bajaj fab, Sparsh fancy, Rajgir, Jaikarni, sanmati Spunwell, parinay (Bhagalpur silk) आदि की होलसेल सप्लाई के लिए पूर्वांचल में अग्रणी केंद्र बन चुका है।

## यूनिफॉर्म सेक्टर

फर्म यूनिफॉर्म्स के क्षेत्र में भी कई टॉप ब्राण्ड के उत्पाद सप्लाई कर रही है, जिसमें Valji, Sparsh fab, QMAX, Kaka, Siyar-ams -Unicode, sagar, Kariwal आदि की विभिन्न कलर एवं डिजाइंस की वर्षभर आपूर्ति करने में सक्षम है।

## मजबूत सेल्स नेटवर्क

गोरखपुर के साथ-साथ लगभग 150 किलोमीटर के दायरे में फैले मजबूत नेटवर्क से कई प्रतिष्ठित व्यापारी फर्म से जुड़े हुए हैं, जिससे ग्राहकों को सर्वोत्तम सेवा और समय पर सप्लाई मिलती है। युवा प्रबंधन की मेहनत और दूरदृष्टि ने 'गौरव सिंथेटिक्स' को न केवल गोरखपुर, बल्कि पूरे पूर्वांचल में सूटिंग-शर्टिंग और यूनिफॉर्म की खरीदी का विश्वसनीय और भरोसेमंद केंद्र बना दिया है।













# टेक्सटाइल एजेंसी कार्य में जाना-माना प्रतिष्ठान मोहित टेक्सटाइल एजेंसी



गोरखपुर/ स्थानीय वस्त्र मण्डी में कपड़ा व्यवसाय की मैन्युफेक्चरर्स एवं ट्रेडर्स के कड़ी के रूप में विश्वसनीय नामों में शुमार कपड़ा फर्म 'मोहित टेक्सटाइल एजेंसी' सन् 1986 से इस क्षेत्र में सफलतम कार्य कर रही है। फर्म के संस्थापक श्री कृष्ण कुमार गोयनका इस क्षेत्र में लम्बा अनुभव रखते हैं और निरंतर बाजार के ट्रेंड के अनुसार कुशलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। श्री गोयनका अपने व्यापार के संदर्भ में बताया कि शुरूआती समय में साड़ी, पोपलीन, रूबिया की सप्लाई लम्बे समय तक की और समय के लिहाज से इन्होंने सन् 2012 से सूटिंग-शर्टिंग की शुरूआत की और वर्तमान में डोनियर, ग्रेविरा, ग्राडो, मयूर, बीएसएल, अलविनो, गाड़ोदिया एवं पिकासो, ब्लेंकेट(कम्बल)इत्यादि फैब्रिक (उत्पादों) की सप्लाई कर रहे हैं।




**मार्केटिंग सेल्स** - एजेंसी का कार्यक्षेत्र गोरखपुर वस्त्र मण्डी में तो बेहतर है, लेकिन इसके 200 किमी. के सराउंडिंग में भी हमारा कई व्यापारिक मण्डियों में मजबूत नेटवर्क स्थापित है। इसी के चलते टॉप ब्राण्ड्स का कार्य कर रहे हैं। रेडीमेड सेक्टर के प्रभाव के बारे में आपने बताया कि यह सहीं है, लेकिन ऐसा नही है कि फैब्रिक नही बिक रही हैं, क्योंकि 30 वर्ष तक युवा तो रेडीमेड में ही चले गए, लेकिन इसके ऊपर आयु के आज भी अधिकतर सिलवाकर ही पहनने लगे हैं। यह एक फैशन चक्र है, जिसमें बदलाव असामयिक आता रहता है, लेकिन उच्च क्वालिटी फैब्रिक आज भी बिक रही है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीवन पर आधारित फिल्म 'अजेय' पहले शो से ही हाउसफुल





'अजेय' एक संत के मुख्यमंत्री बनने की गाथा

**गोरखपुर/ कमलेश व्यास**

19 सितम्बर 2025 को रिलीज हुई 'अजेय' उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीवन पर आधारित है। फिल्म उत्तराखंड में जन्मे उस युवा की कहानी है जिसका नाम आज देश के सबसे प्रभावशाली राजनेताओं में गिना जाता है। एक जिज्ञासु युवक, जो साइंस से ग्रेजुएशन करने के बाद संत जीवन अपनाता है और उसके बाद गोरखपुर मठ से निकलकर देश के सबसे बड़े राज्य का नेतृत्व करता है, फिल्म उन्हीं संघर्षों, साहसिक फैसलों और मजबूत नेतृत्व की झलक पेश करती है।

योगी आदित्यनाथ सिर्फ 26 वर्ष की आयु में वर्ष 1998 में पहली बार गोरखपुर से सांसद बने और इसके बाद लगातार पाँच बार लोकसभा के सदस्य रहे। सांसद रहते हुए उन्होंने अपने क्षेत्र में बुनियादी ढांचे, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने का काम किया। वर्ष 2017 में उत्तर प्रदेश के चुनावों में बीजेपी को ऐतिहासिक बहुमत मिलने के बाद वो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। वर्ष 2022 के चुनाव में बड़ी जीत हासिल करने के बाद योगी आदित्यनाथ ने एक नया रिकॉर्ड बनाया। प्रदेश के पहले ऐसे मुख्यमंत्री बने, जिन्होंने लगातार पाँच वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के बाद दूसरी बार शपथ ली।

रवींद्र गौतम की निर्देशित यह फिल्म शांतनु गुप्ता की किताब 'द मॉन्क हू बिकेम चीफ मिनिस्टर' से प्रेरित है, जो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीवन पर आधारित है। फिल्म में अनंत जोशी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, उनके साथ परेश रावल, दिनेश लाल यादव और पवन मल्होत्रा भी हैं। शुरूआत ही धमाकेदार रही फिल्म का बेहतर कलेक्शन रहा। पाँच जून 1972 को उत्तराखंड के पंचूर गाँव में जन्मे अजय सिंह बिष्ट ने बचपन से ही कठिन परिस्थितियों में अनुशासित



जीवन जिया। गढ़वाल विश्वविद्यालय से गणित में स्नातक करते समय उनका रूझान गोरखनाथ मठ की ओर हुआ और उन्होंने संन्यास ले लिया, जिसके बाद उन्हें नाम मिला योगी आदित्यनाथ। मठ में रहते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य और गौ-संरक्षण जैसे सामाजिक अभियानों में सक्रिय रहते हुए योगी पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए एक परिचित चेहरा बन गए।

# गोरखपुर कपड़ा मण्डी यूनिफॉर्म फैब्रिक उत्पादन के लिए मशहूर परंतु पिछले कुछ वर्षों से काफी गिरावट

गोरखपुर/ यूं तो उत्तर प्रदेश सूबे में जब से भाजपा सरकार आई और विशेष बात शहर के लिए अच्छी रही कि सीएम इसी शहर से आते हैं। अतः यहाँ कई क्षेत्र के डवलपमेण्ट में काफी तेजी आई है, परंतु स्थानीय वस्त्र मण्डी में होने वाले फैब्रिक उत्पादन के लिए संकट खड़ा हो गया, क्योंकि यहाँ पर बनने वाली स्कूल यूनिफॉर्म फैब्रिक बड़ी तादाद में बिकती थी, परंतु यूपी सरकार द्वारा डीबीटी योजना लागू करते हुए बच्चों को सीधे पैसे अभिभावकों के खाते में ट्रांसफर किए जा रहे हैं, जिसमें अब स्कूल ड्रेस खरीदना या पुरानी से ही काम चलाना यह उन्हीं के ऊपर निर्भर होने से मांग में गिरावट आई है। अतः यहाँ के उद्यमी कहते हैं कि यहाँ का कपड़ा उद्योग इसी पर निर्भर था, जो अब संकट में आ गया। हालांकि योगी सरकार की मंशा डायरेक्ट पैसा अभिभावकों के खाते में ट्रांसफर करके सभी को सीधे लाभान्वित करना एवं अन्य तरीके से उत्पन्न भ्रष्टाचार को खत्म करना है। अतः यहाँ के उद्यमी कहते हैं कि सरकार प्रति दो वर्ष में कलर बदलती है, तो हमें लाभ मिल सकता है। गोरखपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष श्री विष्णु अजीतसरिया ने बताया कि शहर में योगी सरकार द्वारा की गई पहल से रिलायंस एवं अडानी ग्रुप भी यहाँ आ रहे हैं और गीड़ा में लगभग सौ प्लांट लघु एवं मध्यम इकाइयों के लिए अलॉट किए जा चुके हैं, जिसमें गारमेण्ट पार्क के तहत 60 प्लांट तो अलॉट हो चुके हैं और जिसमें 8-10 इकाइयों में उत्पादन शुरू हो चुका है, जहाँ लोअर होजियरी, टी-शर्ट, बरमूडा, ट्राउजर इत्यादि बन रहे हैं। गोरखपुर के जो उद्यमी तिरूपुर, गुजरात, भोपाल में इंडस्ट्री चला रहे हैं, वो भी अब यहाँ पर आने की प्लानिंग कर रहे हैं। अब जो यूनिट आ रही है वो बड़े स्तर की है, जो क्वालिटी एवं बेहतर मार्केटिंग संकल्प के तहत यहाँ पर कार्य शुरू करने वाली है।








